रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, बुधवार 06 दिसम्बर 2023 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-104 मूल्य 3.00 ₹


## क्विक न्यूज़

### रेवंत रेड्डी होंगे तेलंगाना के नए मुख्यमंत्री



**नयी दिल्ली।** तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष रेवंत रेड्डी राज्य के नये मुख्यमंत्री होंगे और वह गुरुवार को शपथ लेंगे। कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल ने पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी देते हुए बताया कि हैदराबाद में सोमवार को केंद्रीय पर्यवेक्षक डी के शिवकुमार के नेतृत्व में बैठक हुई जिसमें पार्टी के सभी निवार्चित विधायकों ने हिस्सा लिया और विधायक दल का नेता चुनने की जिम्मेदारी सर्वसम्मत से कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को सौंपी। उन्होंने कहा कि खडगे ने आज सभी वरिष्ठ नेताओं के साथ विचार विमर्श कर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष रेवंत रेड्डी को विधायक दल का नेता घोषित किया। शपथ ग्रहण समारोह सात दिसंबर को होगा।

### आचार संहिता खत्म

**रायपुर।** भारत निर्वाचन आयोग ने छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम से आदर्श आचार सहिंता समाप्त करने का आदेश जारी कर दिया है। बता दें कि 9 अक्टूबर से इन चुनावी राज्यों में आदर्श आचार संहिता लागू थी। जिसे निर्वाचन आयोग ने समाप्त करने का आदेश जारी कर दिया है। जारी आदेश में कहा गया है कि आदर्श आचार संहिता के प्रावधान चुनाव आयोग द्वारा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की तारीख से लागू होते हैं और यह चुनाव प्रक्रिया पूरी होने तक लागू रहते हैं। अब, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, मिजोरम, राजस्थान और तेलंगाना की राज्य विधानसभाओं के आम चुनाव, 2023 और नागालैंड के 43-तापी (एसटी) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए उप-चुनावों के परिणाम संबंधित रिटर्निंग द्वारा घोषित किए गए हैं। आदर्श आचार संहिता तत्काल प्रभाव से हटा दी गई है।

### शेयर बाजार में उछाल

**मुंबई।** शेयर बाजार के ज़बरदस्त तेजी के साथ सार्वकालिक उच्चतम स्तर पहुंचने से निवेशकों ने 8.79 लाख करोड़ रुपये कमाये हैं। वैश्विक स्तर पर ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद और अमेरिकी ट्रेजरी यील्ड में गिरावट के बीच चार में से तीन राज्यों के विधानसभा चुनाव में भाजपा के जबरदस्त प्रदर्शन और आर्थिक विकास के मजबूत आंकड़ों से उत्साहित निवेशकों की चौतरफा लिवाली की बदौलत सोमवार को सेंसेक्स 1383.93 अंक अर्थात 2.05 प्रतिशत की उड़ान भरकर 68 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार और सार्वकालिक उच्चतम स्तर 68865.12 अंक पर पहुंच गया।

# गुंडे-बदमाशों की खैर नहीं, चलेगा बुलडोजर

## रायपुर कलेक्टर की दो टूक, एसडीएम और निगम कमिश्नर करें सख्त कार्रवाई



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

सरकार बदलते ही अवैध कब्जों को लेकर प्रशासन ने सख्त रूख अपनाया है। राजधानी रायपुर के हर कोने में अवैध कब्जों की भरमार है। भाजपा की सरकार आते ही कब्जों पर बुलडोजर चलाने के मौखिक आदेश प्रशासन तक पहुंच चुका है। जिसको लेकर निगम कमिश्नर और कलेक्टर के नेतृत्व में अवैध कब्जों पर कार्रवाई की जा रही है। रायपुर कलेक्टर ने साफ तौर पर अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जहां भी अवैध कब्जे है उस पर सख्त कार्रवाई की जाए। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर भुरे ने मंगलवार को शहर में कानून व्यवस्था की स्थिति पर अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक ली। इस बैठक में एस एस पी प्रशांत अग्रवाल ने कानून व्यवस्था संबंधित आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में पुलिस के अधिकारियों सहित नगर निगम रायपुर और बीरगांव के अधिकारी भी मौजूद रहे। कलेक्टर डॉ. भुरे ने रायपुर शहर में यातायात को भी सुव्यवस्थित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सड़कों के किनारे लगी गुमठियों और अस्थायी दुकानों, ठेलों को तत्काल हटाने के निर्देश दिए ताकि इनसे लोगों को आने-जाने में होने वाली परेशानी और भीड़ के कारण लगने वाले जाम से निजात मिल सके। सड़कों और स्कूलों के आस-पास अवैध रूप से संचालित पान ठेलों, अस्थायी दुकानों और गुमठियों को हटाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि आसामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाए और कानून तोड़ने वालों पर कड़ी कार्रवाई करें। अवैध चखना सेंटर पर कार्रवाई करें देर रात तक चलने वाले एवं समय सीमा के बाहर चलने वाले क्लब, बार तथा सड़क-हाइवे इत्यादि पर पार्टी और अड्डेबाजी करने वाले असामाजिक तत्वों पर त्वरित एवं कड़ी कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि दोनों नगर निगम में अतिक्रमण विरोधी दस्ता बनाया जाए, जो अवैध अतिक्रमण चिन्हित कर हटाने की कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि सभी एडीएम पुलिस अधिकारियों के साथ रात में गस्त करें और कानून व्यवस्था भंग करने वाले तत्वों पर कार्रवाई करें।

### बुलडोजर लेकर पहुंची निगम की टीम ने अवैध चौपाटी को हटाया

छत्तीसगढ़ में बीजेपी की सरकार आते ही अवैध कब्जाधारियों के दिन लदने लगे है। कब्जों पर बुलडोजर चलना शुरू हो गया है। राजधानी के मोतीबाग स्थित सालेम स्कूल के सामने अवैध चिकन चौपाटी पर निगम और पुलिस प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। बुलडोजर लेकर पहुंची निगम की टीम ने सभी अवैध चौपाटी को ध्वस्त कर दिया। इस दौरान चौपाटी पुलिस और निगम कर्मी के साथ संचालकों का वाद विवाद भी हुआ। बता दें कि सोमवार को सालेम स्कूल की छात्राओं ने चौपाटी को लेकर विरोध प्रदर्शन किया था, जिसके बाद कार्रवाई की गई है। सालेम स्कूल की छात्राओं ने सोमवार शाम को बैनर-पोस्टर लेकर चौपाटी हटाने के लिए प्रदर्शन किया था। उनकी प्रमुख मांग थी कि स्कूल की दीवार से लगी चौपाटी को हटाया जाए। इससे पढ़ाई प्रभावित हो रही है। उल्लेखनीय है कि स्कूल के मेन गेट से सुभाष स्टेडियम टर्निंग तक अवैध रूप से फास्ट फूड की 40 से 50 दुकानें लगी हैं। इसमें दोपहर से लेकर देर रात तक खाने-पीने वालों की भीड़ लगी रहती है।



### अब नहीं चलेगा गुंडाराज : बृजमोहन



बृजमोहन अग्रवाल प्रदेश में बढ़ते गुंडाराज के खिलाफ आवाज बुलंद करते रहे। राज्य में भाजपा सरकार बनने के बाद रायपुर दक्षिण विधायक बृजमोहन अग्रवाल गुंडों-बदमाशों को ठिकाने लगाने के मूड में दिख रहे हैं। सत्ता वापसी होते ही भाजपा ने पहला प्रहार गुंडा-बदमाशों और अवैध कब्जाधारियों पर किया है। बृजमोहन के सख्त रूख अपनाने के बाद रात- रात भर खुलने वाली छोटापारा और बैजनाथ पारा की दुकानें पुलिस द्वारा निर्धारित समय पर बंद करवाई गई। बृजमोहन ने साफ कह दिया है कि रायपुर शहर में अब गुंडाराज नहीं कानून का राज चलेगा। गुंडागर्दी करने वाले, नागरिकों को परेशान करने वाले सलाखों के पीछे जाएंगे। उन्होंने कहा कांग्रेस राज में रायपुर के छोटापारा और बैजनाथपारा एक तरह से अपराधियों का गढ़ बन गया था। यहां की दुकानें देर रात तक गुलजार रहती थी। ऐसा इसलिए क्योंकि कांग्रेस सरकार के सबसे ताकतवर लोगों का यह इलाका था, यहां उनके गुर्गो की धमक थी। बृजमोहन ने कहा बेखौफ अपराधियों का यह ठिकाना रहता था। इस वजह से क्षेत्र की आम जनता त्रस्त है। उनकी शिकायतों को कांग्रेस सरकार के दबाव में पुलिस नजर अंदाज करती थी। बृजमोहन अग्रवाल ने भी इस विषय पर कई दफा पुलिस प्रशासन के समक्ष अपनी आपत्ति जताई थी। किंतु कोई कार्रवाई नहीं की गई थी। बृजमोहन ने कहा कि भाजपा की सरकार में लोगों की सुरक्षा का ख्याल रखना हमारा पहला कर्तव्य है। बीते 5 वर्षों में रायपुर शहर सहित संपूर्ण प्रदेश में अपराध बढ़े हैं। इन बढ़े अपराधों को रोककर लोगों के मन में सुरक्षा का भाव पैदा करना बेहद जरूरी है।

# मुख्यमंत्री को लेकर सस्पेंस बरकरार

पायनियर संवाददाता < नई दिल्ली/रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ की जनता ने भारतीय जनता पार्टी को एक बार फिर बहुमत सौंप दिया है। लेकिन अभी तक मुख्यमंत्री पद को लेकर भाजपा में सस्पेंस बरकरार है। राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में सर्वप्रथम डॉ. रमन सिंह, केन्द्रीय मंत्री रेणुका सिंह, विष्णुदेव साय, प्रदेश अध्यक्ष अरूण साव, ओपी चौधरी के नाम सामने आ रहे है। फिलहाल अभी तक भाजपा की ओर से कोई अधिकारिक ऐलान नहीं किया गया है। सूत्रों के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ महत्वपूर्ण बैठक की है, जिसमें छत्तीसगढ़ के साथ ही मध्यप्रदेश और राजस्थान के मुख्यमंत्रियों के लिए नामों पर विचार-विमर्श किया गया है। इसके साथ ही केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के साथ जेपी नड्डा ने अलग से भी बैठक की। वही एक और बैठक आयोजित की गई है, जिसमें प्रदेश प्रभारी ओम माथुर, प्रदेश अध्यक्ष अरूण साव समेत अन्य नेता शामिल हो सकते है। इसके अलावा संसदीय बोर्ड की भी बैठक आयोजित की जा सकती है, जिस पर संभावित नामों में से किसी एक पर मुहर लग सकती है। वहीं राज्य में डिप्टी सीएम पर भी विचार मंथन किया जा रहा है। इस बीच सोशल मीडिया ने रेणुका सिंह के घर में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने की खबर भी चलती रही। फिलहाल अभी तक भाजपा की ओर से कोई भी अधिकृत बयान जारी नहीं किया गया है।

### मोदी की पसंद साव, शाह की पसंद ओपी






प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पसंद अरूण साव हैं। शायद इसीलिए सांसद अरूण साव से प्रभावित होकर विधानसभा चुनाव के ठीक छः माह पहले साव को राज्य भाजपा की कमान सौंपी गई। कहीं न कहीं मोदी की सभाओं में अरूण साव ही केन्द्र बिन्दू रहे। राज्य में भाजपा की वापसी के पीछे मोदी मैजिक की भी महत्वपूर्ण भूमिका मानी जा रही है। ऐसे में अरूण साव पर भी मुहर लग सकती है। दूसरी ओर आईएएस से नेता बने ओपी चौधरी अमित शाह के गुड बुक में है। ओपी का भाजपा प्रवेश भी शाह की मौजूदगी में रमन ने कराया था। इसके अलावा गृहमंत्री अमित शाह ने रायगढ़ में हुई सभा के दौरान ओपी के बड़ा आदमी बनने की भी बात कही थी। फिलहाल इनमें से छत्तीसगढ़ का मुख्यमंत्री कौन होगा यह तो निकट भविष्य में ही पता लग सकेगा।

### जेपी नड्डा का झुकाव रमन की ओर




भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा कभी छत्तीसगढ़ राज्य के प्रभारी हुआ करते थे, इस दरमियान केन्द्र में यूपीए की सरकार थी। वहीं छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार और रमन सिंह मुख्यमंत्री रहे। रमन सिंह की सरलता और सहजता से नड्डा काफी प्रभावित है। हालांकि नड्डा का बृजमोहन अग्रवाल समेत अन्य नेताओं से भी मधुर संबंध है। लेकिन संतुलन की दृष्टि से नड्डा कहीं न कहीं रमन के पक्ष में जा सकते है। वहीं रमन पर एकराय न होने की स्थिति में विष्णुदेव साय व धरमलाल कौशिक पर भी विचार किया जा सकता है।

### मनसुख भाई मांडविया और रेणुका मोदी मंत्रीमंडल के सदस्य




छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर केन्द्रीय मंत्री मनसुख भाई मांडविया को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई थी। राज्य ने भाजपा की सत्ता वापस लाने में मनसुख भाई मांडविया की बड़ी भूमिका मानी जा रही है। मांडविया और रेणुका सिंह मोदी मंत्री मंडल के सदस्य है। दोनों में राजनीतिक रूप से अच्छा तालमेल भी है। इस लिहाज से मांडविया का झुकाव रेणुका की ओर देखा जा रहा है।

# मिजोरम की नई सरकार की शपथ आठ दिसंबर को

एजेंसी < आइजोल
www.dailypioneer.com



मिजोरम में जोरम पीपुल्स मूवमेंट (जेडपीएम) सरकार शुक्रवार को राजभवन में शपथ लेगी। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने कहा कि मनोनीत मुख्यमंत्री लालडुहोमा ने सूचित किया है कि शपथ ग्रहण समारोह आठ दिसंबर को सुबह 11 बजे आयोजित किया जाएगा। राज्य के राज्यपाल हरि बाबू कंभमपति मुख्यमंत्री और मंत्रियों को पद की शपथ दिलाएंगे। राज्य की मुख्य सचिव रेनू शर्मा की अध्यक्षता में मंगलवार को वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक में शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियों पर चर्चा हुई। सभी 27 निर्वाचित जेडपीएम विधायक मंगलवार रात आठ बजे आइजोल में एक बैठक करेंगे, जब वे औपचारिक रूप से लालदुहोमा को जेडपीएम विधायक दल के नेता के रूप में चुनेंगे, जिससे पूर्व भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के पूर्व अधिकारी के लिए राज्य का मुख्यमंत्री बनने का मार्ग प्रशस्त होगा। लालडुहोमा अगली सरकार बनाने का औपचारिक दावा पेश करने के लिए बुधवार को आइजोल के राजभवन में राज्यपाल से मिलेंगे। यह स्पष्ट हो जाने के बाद कि लोगों का जनादेश उनके खिलाफ गया, मुख्यमंत्री जोरमथांगा ने सोमवार को पहले ही राज्यपाल को अपना इस्तीफ सौंप दिया था। वर्ष 1987 में मिजोरम को राज्य का दर्जा मिलने के बाद लालदुहोमा पहले मुख्यमंत्री बनेंगे जो न तो कांग्रेस से हैं और न ही मिजो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ) से हैं। इस बीच मिजो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ) पार्टी के दस विधायकों ने आज बैठक की और पूर्व स्कूल शिक्षा मंत्री लालचंदमा राल्ते को एमएनएफ विधायक दल का नेता चुना गया। एमएनएफ 40 सदस्यीय राज्य विधानमंडल के चुनाव में जोरम पीपुल्स कॉन्फ्रेंस (जेडपीएम) से हार गई थी, लेकिन राज्य में दूसरी सबसे बड़ी पार्टी बनी हुई है।

## भारत की विदेश नीति में अफ्रीका को हमेशा उच्च प्राथमिकता का स्थान

# भारत एवं केन्या वन संरक्षण, स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में करेंगे सहयोग : मोदी

पायनियर संवाददाता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

भारत एवं केन्या ने अपने राजनयिक संबंधों की 60वीं वर्षगांठ के मौके पर पर्यावरण एवं वन संपदा के संरक्षण तथा स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में मिल कर काम करने का संकल्प लिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्या के राष्ट्रपति विलियम सामोई रूतो के साथ यहां हैदराबाद हाउस में हुई द्विपक्षीय शिखर बैठक में ये संकल्प लिये गये। दोनों देशों के बीच विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए कई समझौतों पर हस्ताक्षर किये गये। मोदी ने अपने वक्तव्य में कहा कि भारत की विदेश नीति में अफ्रीका को हमेशा उच्च प्राथमिकता का स्थान दिया गया है। पिछले लगभग एक दशक में हमने मिशन मोड में अफ्रीका के साथ अपना सहयोग बढ़ाया है। इस वर्ष हम भारत और केन्या के राजनयिक संबंधों की साठवीं वर्षगाँठ मना रहे हैं, किन्तु हमारे संबंधों का हज़ारों वर्ष पुराना इतिहास है। उन्होंने कहा कि भारत और केन्या के बीच आपसी व्यापार और निवेश में लगातार प्रगति हो रही है। हमारे आर्थिक सहयोग की पूरी क्षमता का दोहन करने के लिए हम नए अवसरों की तलाश जारी रखेंगे। उन्होंने कहा, भारत एवं केन्या, दो कृषि प्रधान अर्थव्यवस्थाओं के रूप में, हम अपने अनुभव साझा करने पर सहमत हुए हैं। केन्या के कृषि क्षेत्र को आधुनिक बनाने के लिए, हम 25 करोड़ डॉलर का ऋण प्रदान करने पर सहमत हुए हैं। आधुनिक समय की जरूरतों के अनुसार हम नवाचार में प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अपना सहयोग बढ़ा रहे हैं। डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में, हम केन्या के साथ भारत की उपलब्धियों को साझा करने के लिए तैयार हैं। स्वच्छ ऊर्जा दोनों देशों की मुख्य प्राथमिकता है। अफ्रीका जलवायु शिखर सम्मेलन की केन्या की पहल सराहनीय कदम है। प्रधानमंत्री ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि केन्या ने वैश्विक जैवईंधन गठबंधन और अंतरराष्ट्रीय सौर गठजोड़ से जुड़ने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही केन्या द्वारा लिए गए अंतरराष्ट्रीय विडालवंशी गठबंधन यानी इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस से जुड़ने के निर्णय से हम विडाल वंशी जन्तुओं यानी शेर बाघ, चीता, तेंदुआ आदि के संरक्षण के लिए वैश्विक प्रयासों को सशक्त कर सकेंगे। मोदी ने कहा, रक्षा क्षेत्र में हमारा बढ़ता सहयोग हमारे आपसी विश्वास और साझा हितों का प्रतीक है। आज की चर्चा में हमने सैन्य अभ्यास क्षमता निर्माण के अलावा दोनों देशों के रक्षा उद्योगों को जोड़ने पर भी जोर दिया। हमने अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के लोक कल्याण के लिए इस्तेमाल पर भी चर्चा की। शिखर बैठक में दोनों पक्षों के बीच आतंकवाद पर भी चर्चा हुई। प्रधानमंत्री ने अपने वक्तव्य में कहा कि भारत और केन्या एकमत हैं कि आतंकवाद मानवता के लिए सबसे गंभीर चुनौती है। इस संबंध में हमने आतंकवाद से मुकाबले के क्षेत्र में आपसी सहयोग को बढ़ाने का निर्णय लिया है। केन्या के राष्ट्रपति ने कहा, हमारे बीच सहयोग का एक लंबा इतिहास रहा है। और आज मेरी यात्रा में, हमने उस रिश्ते को मजबूत किया है और हमारी सरकारों के बीच जुड़ाव का दायरा बढ़ाया है, हमने चर्चा की है कि भारतीय राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण बैंक हमारे कृषि वित्त निगम के साथ किसानों को ऋण प्रदान करने में सहायता के क्षेत्र में काम करेगा ताकि हम खाद्य सुरक्षा की चुनौतियों से निपट सकें, विशेष रूप से केन्या गणराज्य की चुनौतियों से। विलियम सामोई रूतो ने उन्हें आमंत्रित करने के लिए मोदी को धन्यवाद देते हुए कहा, हमें एक उत्कृष्ट स्वागत मिला। हमने पारस्परिक महत्व और महत्व की व्यापक बातचीत की है। मैंने जी 20 की सफलतापूर्वक मेजबानी करने और अफ्रीकी लोगों के हितों का समर्थन करने के लिए पीएम मोदी को बधाई दी।

# संस्कृत संस्कृति की पहचान तथा प्रगति का आधार भी : मुर्मु



**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने संस्कृत भाषा को देश की संस्क़ृति की पहचान तथा संवाहक बताते हुए कहा कि यह देश की प्रगति का भी आधार है। मुर्मु ने लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के पहले दीक्षांत समारोह में कहा, संस्कृत हमारी संस्कृति की पहचान और संवाहक रही है। यह हमारे देश की प्रगति का आधार भी रही है। संस्कृत की व्याकरण इस भाषा को अद्वितीय वैज्ञानिक आधार देती है। यह मानवीय प्रतिभा की अनूठी उपलब्धि है और हमें इस पर गर्व होना चाहिए। राष्ट्रपति ने कहा कि संस्कृत आधारित शिक्षा प्रणाली में गुरु या आचार्य को अत्यधिक महत्व दिया गया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के छात्र इस परंपरा का पालन करेंगे और अपने शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता के साथ जीवन में आगे बढ़ेंगे और शिक्षक भी छात्रों को जीवन भर आशीर्वाद देंगे और प्रेरित करेंगे। उन्होंने छात्रों को यह ध्यान रखने की सलाह दी कि हमारी परंपराओं में जो कुछ भी वैज्ञानिक और उपयोगी है, उसे स्वीकार किया जाना चाहिए और जो कुछ भी रूढ़िवादी, अन्यायपूर्ण और उपयोगहीन है, उसे अस्वीकार किया जाना चाहिए। विवेक को सदैव जागृत रखा जाना चाहिए। राष्ट्रपति ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में परिकल्पना की गई है कि युवा भारतीय परंपराओं में विश्वास रखते हुए 21वीं सदी की दुनिया में अपना उचित स्थान बनाएं। हमारे देश में नैतिकता, धार्मिक आचरण, परोपकार और सर्व-कल्याण जैसे जीवन मूल्यों पर आधारित प्रगति में ही शिक्षा को सार्थक माना जाता है। उन्होंने कहा कि इस दुनिया में उन लोगों के लिए कुछ भी हासिल करना मुश्किल नहीं है, जो हमेशा दूसरों के कल्याण में लगे रहते हैं।

# विपक्ष ने आर्थिक विकास को नकारा, सत्तापक्ष ने किया गुनगान

पायनियर संवाददाता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



भारत के दुनिया में सबसे तेज गति से बढ़ने के आंकड़ों को विपक्ष ने खारिज करते हुये राज्यसभा में कहा कि संपदा का निर्माण हो रहा है लेकिन इसका समान वितरण नहीं हो रहा है और महंगाई एवं बेरोजगारी से लोग बुरी तरह प्रभावित हैं जबकि सत्तापक्ष ने संपदा के समान वितरण होने का दावा किया। तृणमूल कांग्रेस के डेरेक ओ ब्राइयन ने देश में आर्थिक स्थिति पर अल्पकालिक चर्चा की शुरुआत करते हुये कहा कि चुनाव में कोई भी जीते आखिरी जीत सिर्फ और सिर्फ आम जनता की होती है। उन्होंने कहा कि अर्थव्यवस्था को देखने का हर किसी का अपना नजरिया है लेकिन संपदा के समान वितरण से सर्वांगिण विकास संभव होगा। उन्होंने कहा कि चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में विकास दर 7.6 प्रतिशत रहा है लेकिन इसका लाभ आम लोगों को नहीं मिल रहा है क्योंकि शेयर बाजार की तेजी और अन्य माध्यमों से संपदा का निर्माण हो रहा है। देश के मात्र छह प्रतिशत लोगों के पास देश की 60 प्रतिशत संपदा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से लेकर 2023 के दौरान अनाज की कीमतों में 120 प्रतिशत तक की बढोतरी हुयी है। चावल, गेंहू, अरहर और आलू की कीमतों में बेताहासा वृद्धि हुयी है। परिवार की बचत घट रही है और महंगाई तथा बेरोजगारी में बढोतरी हो रही है। मनरेगा के तहत रोजगार नहीं मिल रहा है। देश के 25 प्रतिशत युवा बेरोजगार हैं जिससे साफ पता चलता है कि संपदा का समान वितरण नहीं हो रहा है। सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि अक्टूबर 2023 में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने भारत की चालू वित्त वर्ष में वृद्धि 6.3 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है।

# राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहेब कंगाले ने सौंपी नव-निर्वाचित प्रतिनिधियों की सूची



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहेब कंगाले ने राजभवन में राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन से भेंट कर उन्हें छत्तीसगढ़ राज्य की छठवीं विधानसभा के गठन की अधिसूचना के साथ नव-निर्वाचित प्रतिनिधियों की सूची सौंपी। इस अवसर पर भारत निर्वाचन आयोग के प्रधान सचिव एस बी जोशी, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नीलेश महादेव क्षीरसागर, राज्यपाल के सचिव अमृत कुमार खलखो, भारत निर्वाचन आयोग के अवर सचिव रितेश सिंह, सेक्शन अधिकारी देवेश सिंह एवं जूनियर असिस्टेंट अनीश उपस्थित थे।

## राज्यपाल से भारतीय पुलिस सेवा के परिवीक्षाधीन अधिकारियों ने की मुलाकात

नेताजी सुभाष चंद्र बोस राज्य पुलिस अकादमी चंदखुरी के निदेशक रतन लाल डांगी के नेतृत्व में भारतीय पुलिस सेवा के वर्ष 2022 बैच के परिवीक्षाधीन अधिकारियों आकाश श्रीमाल, अजय कुमार, अक्षय प्रमोद साबरा और विमल कुमार पाठक ने राज्यपाल हरिचंदन से भेंट कर उनका अभिवादन किया। राज्यपाल ने सभी पुलिस अधिकारियों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। उन्होंने पुलिस अधिकारियों से अपना कर्त्तव्य भली भांति निभाते हुए देश और समाज की सेवा करने को कहा।



## रायपुर नगर निगम पार्षद दल की बैठक संपन्न, महापौर के इस्तीफा की मांग

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे ने बताया कि कांग्रेस के पास नगर पालिका निगम में बहुमत नहीं है और प्रदेश में भी कांग्रेस की सरकार नहीं है इसी नैतिकता के साथ महापौर एजाज ढेबर को इस्तीफा दे देना चाहिए। फिलहाल हम नैतिकता के आधार पर इस्तीफा मांग रहे हैं यदि इसके बाद भी इस्तीफा नहीं देते हैं तो अविश्वास प्रस्ताव लाएंगे। मीनल चौबे ने कहा कि अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए आधार तैयार किया जा रहा है। एक ओर कांग्रेस के पास बहुमत नहीं है और दूसरी ओर नगर पालिका निगम रायपुर कांग्रेस सरकार में किए गए कार्यों सभी विफल है। जनता के विकास तो दूर जनता ही परेशान है। हम बहुमत साबित करके महापौर को हटाएंगे। मीनल ने निगम की मौजूदा स्थिति को बताते हुए कहा कि हमारे पास बहुमत है। हमारे 31 पार्षद है, साथ ही कांग्रेसी पार्षदों का भी सहयोग मिल रहा है। निर्दलीय पार्षदों ने भी हामी भर दी है। कांग्रेस के दो पार्षद छह साल के लिए निष्कासित भी है। गौरतलब है कि बीजेपी लगातार 3 बार से नगर निगम चुनाव हार रही है। वर्तमान महापौर एजाज ढेबर से पहले पूर्व महापौर प्रमोद दुबे और उससे पहले किरणमयी नायक ने मेयर का ये जिम्मेदार पद संभाला है।

## सरकारी अवकाश से आम आदमी परेशान, कामकाज ठप्प

**रायपुर।** पिछले 2 महीने से सरकारी काम काज पूरी तरह ठप्प चल रहा हैं। दिवाली के बाद से ही सरकारी अधिकारियो की छुट्टिया खत्म ही नहीं हो रही हैं जिसका खामियाजा आम जनता को चुकाना पड़ रहा हैं। आम सदस्य अपनी फाइल को लेकर लगातार शासन के अधिकारियो के पास जा रहा हैं, लेकिन शासकीय अधिकारी कभी आचार संहिता तो कभी चुनाव तो कभी नई सरकार का हवाला देकर आम आदमी के कार्यो को टालने को कोशिश कर रहे हैं। शासन द्वारा शनिवार को शासकीय अवकाश तो दिया जाता हैं लेकिन अधिकारी 3 से 4 दिन पहले ही छुट्टी पर चले जाते हैं, जिससे की पुरे हफ्ते काम नहीं हो पाता और आम सदस्य केवल चक्कर ही काटता रहता हैं, और उसका कार्य नहीं होता। 06 अक्टूबर से लगे आचार संहिता, चुनाव उसके बाद नतीजे ये सभी प्रक्रिया से आम जनता के पास सिवाय इंतज़ार के और कुछ नहीं। सरकारी अफसर सरकार के हस्तक्षेप की बात कहकर फाइल को आगे नहीं बढ़ाते, जबकि कई मामलो को सरकारी अफसर अपने हस्ताक्षर करके आगे बढ़ा सकते हैं। विभिन्न व्यवसाय के लोगों से बात चीत में ऐसी राय बन रही है की सप्ताह में 5 दिन की कार्य प्रणाली लाभदायक नहीं है, और उससे कार्य एवं नतीजों पर बुरा असर पड़ रहा है। नयी सरकार हो सकता है इस पर विचार करे और पुनः सप्ताह में 6 दिन कार्य को दुबारा अमल में लाया जाए।

# तेंदुए की खाल सहित पांच आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < गरियाबंद
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश अपने घने जंगलों के लिए पूरे देश भर में प्रसिद्ध है वही प्रदेश का एक जिला जो कभी अपने घने वृक्ष घनत्व के कारण अलग पहचान रखता था और उसमें रहने वाले सभी जंगली जीव भी पूरी तरह से सुरक्षित थे लेकिन कुछ शासकीय योजनाओं और जंगलों के बीच बसे गांव के लोगों के द्वारा अवैध रूप से वनों के वृक्षों को लगातार काटकर अवैध रूप से खेती करने लगे हैं जिसके कारण जंगली जानवरों का रहना मुश्किल हो गया है। ऐसे में वन्य प्राणी इधर-उधर भटकते रहते हैं और वह आवासीय क्षेत्र भी आ पहुंचते हैं लेकिन वह यह नहीं जानते कि आसपास जिस आबादी क्षेत्र में पहुंच रहे हैं वहां उनकी जान को खतरा है और शिकारी के फंदे में फंसकर वह उनका जीवन समाप्त हो जाता है। फिर एक ऐसा मामला सामने आया है जिसमें जंगल का शिकारी का शिकार करने वाले पांच आरोपियो को वन विभाग की टीम ने पकड़ लिया। जानकारी अनुसार गरियाबंद जिले के उदंती सीतानदी टाईगर एंटी पोचिंग टीम ने तेंदुए की खाल सहित दो मोटरसाइकिल सहित पांच आरोपियो की अपनी गिरफ्त में ले लिया है। वन विभाग की टीम ने ओड़िसा सीमा बिरिघाट नाका के पास हुई है यह कार्यवाही। पूछताछ में पकड़े गए शिकारियों ने बताया कि वे तेंदुए की खाल बेचने के फिराक में थे।

## छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अध्यक्ष सुशील सन्नी अग्रवाल ने अपने पद से दिया त्याग पत्र



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अध्यक्ष सुशील सन्नी अग्रवाल ने अपने पद से त्याग पत्र देते हुए कहा की जनता का जनादेश हमेशा सिर आँखों पर रहा है। जो परिणाम आये है उसको सिर झुकाकर स्वीकार करता हूँ। इस बात का संतोष है कि 5 साल में श्रमिकों के हित और अधिकार तथा सामाजिक सुरक्षा के साथ उनके और परिवार जनो के जीवन को बेहतर बनाने के लिए योजनाओं के तहत सीधे उन्हे लाभ दिलाते हुए छत्तीसगढ़ महतारी और श्रमिकों की भरसक सेवा किया। जनता की अपेक्षाएँ और आकांक्षाएँ बड़ी हैं।

जनता के विवेक का सम्मान करता हूँ, और आगामी सरकार से अनुरोध करता हूं की श्रमिकों के हित और सरकार का संरक्षण प्रदाय करते हुए उनको अधिक से अधिक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदाय करेंगे। आगे भी सदैव श्रमिक हित में कार्य करता रहूंगा, मेरा द्वारा सदैव जनता की सेवा के लिए खुला रहेगा।

# संविदा पदों के लिए कौशल परीक्षा एवं साक्षात्कार 9 दिसम्बर को

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी विभिन्न संविदा पदों के लिए कौशल परीक्षा/साक्षात्कार 9 दिसम्बर दिन शनिवार को आयोजित की जायेगी। पात्र अभ्यर्थी कौशल परीक्षा/साक्षात्कार का स्थान, समय एवं प्रवेश पत्र से संबंधित जानकारी प्राप्त करने हेतु जिला एवं सत्र न्यायालय, रायपुर की वेबसाईट का सतत् अवलोकन कर सकते है।

सभी संविदा पदों के पात्र एवं अपात्र आवेदकों की सूची जिला एवं सत्र न्यायालय, रायपुर की वेबसाईट में अपलोड कर दिया गया है। इसके लिए दावा आपत्ति 10 नवम्बर तक मंगाई गई थी। दावा आपत्ति का भर्ती विज्ञापन में निहित शर्तों के अनुसार निराकरण कर एक अनुपात तीस के प्रावीण्यता अंक के आधार पर सूची तैयार की गई है।

अभ्यर्थियों की कौशल परीक्षा/साक्षात्कार हेतु सूची तैयार कर जिला एवं सत्र न्यायालय, रायपुर के वेबसाईट में अपलोड कर दी गई है। गौरतलब है कि कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायपुर द्वारा 06 अक्टूबर को संविदा-कार्यालय सहायक/क्लर्क, रिसेप्शनिस्ट-सह-डाटा एण्ट्री ऑपरेटर (टायपिस्ट), कार्यालय भृत्य (मुंशी/अटेन्डेंट) के रिक्त 1-1 पद की पूर्ति हेतु अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये थे।

# अब फिर से प्रति सोमवार लगेगा कलेक्टर जनचौपाल

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

**कलेक्टर ने ली समय-सीमा की बैठक, जन समस्याओं के निराकरण करने के दिए निर्देश**

**सफलता पूर्वक निर्वाचन संपन्न होने पर अधिकारी-कर्मचारियों को दी बधाई**

कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर भुरे ने कलेक्टोरेट परिसर स्थित रेडक्रास सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक ली। उन्होंने सभी जिला अधिकारियों को जिले में सफ्लतापूर्वक निर्वाचन कार्य संपन्न होने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि सभी ने टीम भावना से कार्य किया और जो भी दायित्व सौंपा गया उसे समर्पण भाव से निर्वहन किया। कलेक्टर ने कहा कि आचार संहिता समाप्त हो गई है, सभी विभाग जनता से जुडे कार्यो को गति प्रदान करें और जनता की समस्याओं का जल्द से जल्द निराकरण करें। अब हमेशा की तरह प्रति सोमवार सुबह 10:30 बजे दोपहर 1:30 बजे तक कलेक्टर जनचौपाल शुरू की जाएगी। जिसमें आमजनों की समस्याओं को सुना जाएगा और यथासंभव निराकरण किया जाएगा।

डॉ भुरे ने कहा कि राजस्व विभाग के सभी अधिकारी राजस्व न्यायालय में बैठना आरंभ करें और लंबित प्रकरणों का तत्काल निराकरण करें। नगर निगम नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं जैसे साफ-सफाई, पेयजल इत्यादि की गुणवत्तापूर्व सुविधा प्रदान करें। शिक्षा विभाग स्कूलों का संचालन नियमित रूप से करें और बच्चों की अतिरिक्त कक्षाएं लेकर निर्धारित पाठ्यक्रम को पूर्ण कराएं। निरंतर वीकली टेस्ट लें।

महिला बाल विकास को आंगनबाडियों को निरंगर संचालन करें और बच्चों-महिलाओं को पूरकपोषण आहार देना सुनिश्चित करें। लोक निर्माण विभाग तथा अन्य संबंधित विभाग सड़कों की मरम्मत कार्य पूर्ण करें। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अबिनाश मिश्रा, सभी एडीएम-एसडीएम तथा अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## अपना-अपना चलाने के चक्कर में सब निपट गए: अमरजीत भगत



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में बीजेपी के प्रचंड बहुमत व कांग्रेस की करारी हार के बाद भाजपा ने सत्ता वापसी की है। कांग्रेस की हुई हार पर कांग्रेस के नेता अपनी अपनी प्रतिक्रिया दे रहे है। हार पर पूर्व मंत्री अमरजीत भगत ने कहा कि अपना-अपना चलाने के चक्कर में सब निपट गए। जो जनादेश आया है, उसकी थोड़ी भी उम्मीद नहीं थी। आपस में सामंजस्य की कमी भी रही, जिसका असर दिखा। वहीं टिकट काटने का फॉर्मूला फ्लाप होने पर अमरजीत भगत ने कहा कि यह फॉर्मूला नहीं चल पाया। इसी के चलते एक दूसरे को निपटाने में यह हुआ। अमरजीत भगत ने गड़बड़ी की भी आशंका जताई है।

## शांत परिक्षेत्र के 100 मीटर दूरी तक तेज ध्वनि प्रतिबंधित

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com

उच्च न्यायालय, छत्तीसगढ़ बिलासपुर द्वारा पारित अन्तरिम आदेश के परिपालन में शिक्षण संस्थाओं की शैक्षणिक गतिविधियां, वृद्धजनों, निःशक्तजनों, बीमार व्यक्तियों के स्वास्थ्य तथा लोक शांति को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी पुष्पेंद्र कुमार मीणा ने कोलाहल अधिनियम-1985 की धारा 18 तथा ध्वनि प्रदूषण (विनियमन एवं नियंत्रण) नियम, 2000 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिला दुर्ग की सीमा के अंतर्गत समस्त शासकीय, अशासकीय हॉस्पिटल, समस्त शासकीय, अशासकीय शैक्षणिक संस्थान, जिला एवं सत्र न्यायालय तथा अन्य न्यायालय, धार्मिक संस्थाओं व समस्त शासकीय कार्यालय क्षेत्र के 100 मीटर की परिधि को शांत परिक्षेत्र (जोंस ऑफ साइलेंस) घोषित किया है। द नॉइज पॉल्युशन रूल्स, 2000 के नियम 3(1) एवं 4(1) के तहत परिवेशीय ध्वनि पैमाने की सीमा दिन (सुबह 6 बजे से 10 बजे तक) एवं रात (रात्रि 10 बजे से 6 बजे तक) हेतु पृथक-पृथक एरिया निर्धारित किया गया है। जिसके अनुसार औद्योगिक क्षेत्र हेतु दिन के समय के लिए 75 डीबी एवं रात के समय के लिए 70 डीबी सीमा निर्धारित की गई है।

# चक्रवाती तूफान मिचौंग के असर से प्रदेश में बढ़ी ठंड

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



चक्रवाती तूफान मिचौंग का प्रभाव देश के कई राज्यों में पड़ा है। इसका असर छत्तीसगढ़ में भी दिख रहा है। जिसके कारण कई जगहों पर भारी बारिश हुई है। चक्रवाती तूफान इस समय बंगाल की दक्षिण-पश्चिमी खाड़ी के ऊपर है और इसके उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ने, और तेज होने और सोमवार पूर्वाह्न तक दक्षिण आंध्र प्रदेश और आसपास के उत्तरी तमिलनाडु तटों से होते हुए पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी तक पहुंचने की संभावना है। इसके बाद, यह उत्तर की ओर लगभग समानांतर और दक्षिण आंध्र प्रदेश तट के करीब बढ़ेगा और गंभीर चक्रवाती तूफान के रूप में मंगलवार दोपहर से पहले तट से टकराएगा। इसको लेकर पीएम मोदी ने चक्रवात से निपटने की तैयारियों का जायजा भी लिया। उन्होंने शीर्ष अधिकारियों को राज्य को हर संभव मदद सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया है। चक्रवात के प्रभाव से तमिलनाडु के साथ ही ओडिशा के कई इलाकों में रविवार से ही बारिश शुरू हो गई है। भुवनेश्वर स्थित मौसम विभाग के क्षेत्रीय केंद्र ने कहा कि चक्रवात के प्रभाव से मल्कानगिरी, कोरापट, रायगडा, गजपति, गंजम जिलों में भारी बारिश हो रही है। ओडिशा के तटवर्ती इलाकों में 4-6 दिसंबर के बीच भी भारी बारिश होने की संभावना है।




# प्रशासन ने जनादेश को कुचलने का किया काम : महेश गागड़ा

पायनियर संवाददाता ‹ बीजापुर
www.dailypioneer.com



बीजापुर 2023 विधानसभा चुनाव संपन्न होने के पश्चात दूसरे स्थान पर रहे भारतीय जनता पार्टी के महेश गागड़ा भाजपा कार्यालय में प्रेस वार्ता लेकर प्रशासन पर जनादेश को कुचलना का आरोप लगाते हुए कहा कि बीजापुर कलेक्टर राजेंद्र कटारा और पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय शुरू से ही कांग्रेस प्रत्याशी विक्रम मंडावी के पक्ष में काम कर रहे थे जिसके विषय में वह पहले भी शिकायत कर चुके है। बीजापुर की आम जनता ने भय भ्रष्टाचार और कुशल के विरुद्ध मतदान किया था जिसे प्रशासन द्वारा कुचला गया है। पूर्व मंत्री महेश गागड़ा प्रशासन को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि जिन्होंने हमारे रास्ते में कांटे बोया हैं उन्हें काटां हीं मिलेगा। मीडिया की आवाज को भी प्रशासन द्वारा दबाने का प्रयास किया गया साथ ही सुरक्षा के नाम पर बीजापुर पुलिस अधीक्षक द्वारा भाजपा कार्यकर्ताओं के घर में जाकर उन्हें डराया गया जिसका उद्देश्य की भाजपा के कार्यकर्ता अपने घरों से ना निकले। नकली माओवादी पर्चा का डर दिखाकर भाजपा के कार्यकर्ताओं को डराया गया जिसका सबूत हमारे पास है अगर प्रशासन इस पर कार्रवाई नहीं करती है तो अब भाजपा की सरकार है हम दोषी को बक्सेंगे नहीं। प्रशासन ने विधानसभा चुनाव को भरपूर रूप से प्रभावित किया जिसका नतीजा यह हुआ कि यहां पर जन आधार हार गया और प्रशासन कपट पूर्ण कार्यों के चलते जीत गया।

### बीजापुर कलेक्टर है कांग्रेस के एजेंट

महेश गागडा ने बीजापुर कलेक्टर पर आरोप लगाते हुए कहा कि चुनाव आचार संहिता के समय बीजापुर कलेक्टर भारतीय प्रशासनिक अधिकारी के गौरव को तक में रखकर कांग्रेस के एजेंट बन गए थे वह लगातार अधिकारियों कर्मचारियों और सचिव लोगों की मीटिंग कर कांग्रेस को सपोर्ट करने की बात कह रहे हैं जिसकी मैंने चुनाव आयोग से शिकायत की थी। कलेक्टर का लगातार विधायक के यहां जाकर बैठना उनसे बात करना विधायक का कलेक्टर कार्यालय में आना यह सब इंगित करता है कि कलेक्टर को कांग्रेस कार्यकर्ताओं से ज्यादा चुनाव जीतने की चिंता थी। विधायक के कहने पर कलेक्टर ने पीठासीन अधिकारी को बदला गया था। कलेक्टर और विधायक की मिलीभगत से क्षेत्र में हुए भ्रष्टाचार से संबंधित समस्त दस्तावेज की कॉपी ईडी द्वारा मंगाई गई है जिसकी जांच भी चल रही है। भाजपा की सरकार सत्ता में आ गई है विधायक और विधायक के ठेकेदारों जिन्होंने भी भ्रष्टाचार किया है किसी को भी नहीं बख्शा जायेगा।

### अधिकारी बेक डेट से चेक काटे तो बक्शा नहीं जाएगा

महेश गागड़ा ने सभी विभाग के अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि विधायक और कलेक्टर के चाहते ठेकेदारों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से कोई भी अधिकारी बेक डेट में चेक काटने की भूल न करें। हमारे लोगों को सभी विभागों मैं चल रहे कार्यों की पूरी जानकारी है। अगर कोई अधिकारी बेक डेट से चेक कटेगा तो बक्शा नहीं जाएगा।

### बीजापुर की जनता और अधिकारी-कर्मचारी का आभार

पूर्व मंत्री गागड़ा ने बीजापुर जिले के जनता, अधिकारी कर्मचारियों का जनाधार को लेकर आभार व्यक्त किया।

# प्रेस क्लब बीजापुर का हुआ गठन, के. संतोष बने अध्यक्ष



पायनियर संवाददाता ‹ बीजापुर
www.dailypioneer.com

प्रेस क्लब बीजापुर का गठन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से के संतोष को अध्यक्ष, पुष्पा रोकड़े को सचिव, व ईश्वर सोनी को कोषाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया। वहीं प्रेस क्लब के सरंक्षक अरुण शर्मा, सतेंद्र पंथ, संतोष तिवारी, घनश्याम यादव, सुनील मर्सकोले को बनाया गया। प्रेस क्लब प्रतिनिधि के रूप पवन दुर्गम को चुना गया, पत्रकार भवन कार्यालय प्रभारी रंजन दास ने मंच संचालन किया।

इस कार्यक्रम में पूर्व प्रेस क्लब अध्यक्ष कमलेश पैंकरा, गणेश मिश्रा, ताहिर खान, मुकेश चंद्राकर, बसंत मामडीकर, कुशल चौपड़ा, चेतन कपेवार, राजेश झाड़ी, गौतम राव, युकेश चंद्राकर, प्रसून शर्मा, रामचंद्रम ऐरोला, नितिन रोकड़े, सुरेश परतागिरी, प्रताप यादव, विशाल गोमांस, रत्तू तेलंम सहित कई पत्रकार साथी मौजुत थे। प्रेस क्लब के सभी पदाधिकारियों का कार्यकाल एक साल का रखा गया है। बैठक में प्रेस क्लब के गठन के साथ पत्रकारो की सुरक्षा व समस्याओं पर चर्चा किया गया।

# मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन (इंटक) किरंदुल द्वारा मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस



पायनियर संवाददाता ‹ किरंदुल
www.dailypioneer.com

दिव्यांगों के जीवन के तौर तरीकों को और अधिक बेहतर बनाने के लिए उन्हें प्रदान की जा सकने वाली सुविधाओं को लागू करने, उनको बढ़ावा देने तथा ततसन्दर्भ में जागरूकता के उद्देश्य से मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन (इंटक) शाखा किरंदुल के अध्यक्ष विनोद कश्यप, सचिव ए के सिंह के नेतृत्व में यूनियन द्वारा श्रमिक सदन में एक गरिमामयी कार्यक्रम का आयोजित कर दिव्यांग जनों को उनकी विशेषताओं और क्षमताओं के बारे में बताते हुए उन्हें सम्मानित किया गया। विदित हो कि संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा प्रति वर्ष 3 दिसम्बर को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर दिव्यांग दिवस मनाने की घोषणा की गई थी। समाज में तथा एनएमडीसी किरंदुल परियोजना में दिव्यांग कर्मचारियों के योगदान का सम्मान करते हुए श्रमिक हितों के लिए सदैव ही अग्रणी रहने वाली श्रम संघ मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन (इंटक) द्वारा उनको पुष्पवर्षा, गांधी टोपी, पेन से सम्मानित किया गया तथा मिष्ठान वितरित किया गया। यूनियन के अध्यक्ष विनोद कश्यप द्वारा दिव्यांग शब्द की व्यापक व्याख्या करते हुए दिव्यांगजनों की विशिष्टताओं पर सारगर्भित तरीके से प्रकाश डाला गया। सचिव ए के सिंह ने अपने उद्बोधन में उनके अधिकारों के लिए एमएमडब्ल्यू यूनियन द्वारा सदैव ही उनके साथ खड़ा रहने की बातें कही गई।

दिव्यांग कर्मचारियों राजेन्द्र नागेश, अपेक्षित बोरकर, शशिभूषण राठौर द्वारा यूनियन के इस प्रकार से कार्यक्रम की मुक्तकंठ से भावविभोर होकर प्रशंसा की गई। इस अवसर पर अरविंद गुप्ता, नथेला नेताम, ओम कुमार साहू, राजेन्द्र यादव, राकेश लाल, देवनारायण, राजेन्द्र पटनायक, लोहिदास, पुष्पलता नाग, धनदीप सिंह, नागनाथ, जीवन लाल, सहित यूनियन के पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित थे।

# मतगणना में संलग्न महिला कर्मियों सहित सभी अधिकारियों द्वारा बेहतर तरीके से निर्वाचन दायित्वों का निर्वहन के लिए कलेक्टर ने की सराहना

**धान खरीदी के कार्य में सीमावर्ती इलाकों में विशेष निगरानी करने की आवश्यकता : कलेक्टर**

पायनियर संवाददाता ‹ जगदलपुर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर विजय दयाराम के. ने विधानसभा निर्वाचन के दौरान सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को बेहतर ढंग से मिले दायित्व निर्वहन की बधाई देते हुए कहा कि निर्वाचन सम्बन्धी जो जिम्मेदारी दी गई उसे सभी अधिकारियों-कर्मचारियों ने पूरी तन्मयता से किया। मतगणना कार्य में संलग्न महिला कर्मियों द्वारा बेहतर तरीके से किया गया, इसके लिए उन सभी महिलाओं को विशेष बधाई दी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 में अधिकांश समय निर्वाचन कार्य में जाएगा इसे मद्देनजर रखते हुए वर्किंग सीजन में विभागों के सभी दायित्वों का निर्वहन करें। कलेक्टर विजय जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। कलेक्टर ने धान उपार्जन की स्थिति, धान उठाव के लिए डीओ काटने की स्थिति, मिलर्स का पंजीयन इत्यादि की समीक्षा करते हुए लक्ष्य के आधार पर धान का उठाव करवाना सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने सभी एसडीएम, तहसीलदार, पटवारियों एवं मॉनिटरिंग ग्रुप के नोडल अधिकारी उपार्जन केंद्रों का सतत निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सीमावर्ती इलाकों में विशेष निगरानी करने की आवश्यकता बताई। साथ ही अनुविभागीय दण्डाधिकारी अपने अनुभाग के प्रत्येक समिति का प्रतिदिन की डाटा का जांच करते हुए बारदाना की उपलब्धता, धान खरीदी में 70-30 प्रतिशत के आधार पर लघु, सीमांत और बड़े किसानों का टोकन काटने व उपार्जन करने की स्थिति का जांच करें। कलेक्टर ने बैठक में स्व सहायता समूहों तथा समितियों का लंबित भुगतान की कार्यवाही को तत्काल करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने ने एमआरएफ और एसएलआरएम सेंटर की स्थिति, सीमार्ट, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड के सम्बंध में सभी विकासखण्ड के एसएडीओ से इसकी प्रगति की समीक्षा किए। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत कार्यों में प्रगति, पशुधन विकास विभाग की योजनाओं, लाईवलीहुड मिशन के कार्यों, सघन मोतियाबिंद जांच, बस्तर क्षेत्र विकास प्राधिकरण मद, विशेष केंद्रीय सहायता मद, जिला खनिज न्यास संस्थान मद और सीएसआर मद के कार्यों की प्रगति की समीक्षा किए। कलेक्टर ने विभिन्न विभागों के कर्मचारियों का पेंशन प्रकरणों को कोष, लेखा एवं पेंशन से आपत्ति लगने के उपरांत निराकरण करवाने के साथ-साथ आगामी माहों में सेवानिवृत होने वाले के अधिकारी-कर्मचारियों के सभी स्वत्वों का निराकरण करने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर सीईओ प्रकाश सर्वे, अपर कलेक्टर सीपी बघेल, आयुक्त नगर निगम हरेश मंडावी सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# दशकों से संचालित किरन्दुल पोस्ट ऑफिस को किया गया शिफ्ट



एनएमडीसी महाप्रबंधक उत्पादन ने किया उद्घाटन

**किरंदुल।** लौहनगरी किरंदुल में स्थित डाकघर कई दशकों से संचालित किया जा रहा था। जिसकी वर्तमान में स्थिति काफी जर्जर हो चुकी थी। ग्राहकों की सुविधा के लिहाज से देखा जाएं तो डाकघर पूरी तरह बदतर हो गई थी। साथ ही दीवारों में दरारें, छत से प्लास्टर उखड़ गए थे। जहां हमेशा हादसों का खतरा बना रहता था। इन सभी स्थितियों को देखते हुए एवं ग्राहकों एवं डाकघर के कर्मचारियों की सुरक्षा सुविधा के लिए मंगलवार डाकघर को शॉपिंग सेंटर के पास शिफ्ट किया गया। जिसका उद्घाटन एनएमडीसी किरंदुल महाप्रबंधक उत्पादन आर राजा कुमार एवम महाप्रबंधक माइंस संजय कुमार कोचर के करकमलों से किया गया।

# किरन्दुल पुलिस ने अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझा कर आरोपी को किया गया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ‹ किरंदुल
www.dailypioneer.com



1 दिसम्बर के रात्रि में टिकनपाल गेचापारा निवासी सोमडु बारसे पिता डब्बा बारसे उम्र 45 वर्ष जाति माडिया का अज्ञात आरोपी द्वारा धारदार हथियार से हत्या कर दिये थे जिसके संबंध में प्रार्थी/ग्रामीणों द्वारा थाना किरन्दुल उपस्थित आकर अज्ञात आरोपी के संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराने पर अपराध क्रमांक 128/2023 धारा 302 कायम कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया था।अपराध कायमी पश्चात् पुलिस अधीक्षक दन्तेवाडा गौरव राय के मार्गदर्शन एवं दिशा निर्देश में थाना प्रभारी किरन्दुल प्रहलाद कुमार साहु के नेतृत्व में उप निरीक्षक रेवाराम साहू,दीनानाथ वैष्णव,क सीमाचलम,उमेश कुंजाम,धनंजय गंजीर, मकसूदन मंडावी,विकान्त साहू की टीम गठित कर प्रकरण के अज्ञात आरोपी को धरपकड करने निर्देशित किया गया।उक्त टीम द्वारा कड़ी मेहनत कर अज्ञात आरोपी के संबंध में जानकारी इक्ट्ठा कर आरोपी हूँगा बारसे पिता स्व. बुधु बारसे उम्र 33 वर्ष जाति माडिया निवासी ग्राम टिकनपाल गेचापारा को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर बताया किया मृतक सोमडु बारसे जादू टोना करता है कहकर शक करता था और आरोपी दिनांक 29 नवम्बर को अपनी पत्नि को एनएमडीसी अस्पताल में किरन्दुल में भर्ती किया था जिसकी पत्नि की डिलीवरी के पश्चात् दिनांक 01 दिसम्बर को डिस्चार्ज कराकर घर ले गया जो रात्रि में आग तापते समय बगल में रखे आग जलाने में उपयोग करने के लिये बॉटल में पेट्रोल रखे थे जिसे कुत्ता द्वारा चलते समय गिरा देने पेट्रोल आग में चली गई और आग भडक गई जिससे आरोपी की पत्नि के कपडे में आग लग गई और उसकी दोनों पैर घुटने के नीचे जल गया। जिस पर आरोपी तत्काल एम्बुलेंस को फोन कर बुलाया और अपनी पत्नि, बच्चा को उसकी मॉ के साथ अस्पताल भेज कर मृतक सोमडु बारसे जादू टोना किया है जिससे उसकी पत्नि जल गई है कहकर गुस्सा होकर अपने घर से धारदार लोहे बंडा लेकर सोमडु के घर जाकर मृतक के सोते अवस्था में गले पर वार कर हत्या कर दिया। जिससे उसकी मृत्यु हो गई। प्रकरण के आरोपी हूँ। बारसे पिता स्व. बुधु बारसे उम्र 33 वर्ष जाति माडिया निवासी ग्राम टिकनपाल गेचापारा को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

# राशन कार्डधारी हितग्राहियों का उचित मूल्य दुकान में ई-पास मशीन के माध्यम से होगा ई-केवायसी

पायनियर संवाददाता ‹ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

**31 दिसम्बर 2023 तक अनिवार्य रूप से ई-केवायसी करने का आग्रह**

भारत सरकार के निर्देशानुसार वन नेशन वन राशनकार्ड योजनांतर्गत राज्य के सभी राशनकार्डधारी हितग्राहियों का ई-केवायसी उचित मूल्य दुकानों में ई-पास मशीन के जरिये कराया जा रहा है। इस हेतु अंतिम समय-सीमा 31 दिसम्बर 2023 तक निर्धारित है। जिले में राशनकार्डों में दर्ज सदस्यों में से 60 प्रतिशत सदस्यों के द्वारा अभी तक उचित मूल्य की दुकान में उपस्थित होकर ई-पास मशीन के माध्यम से ई-केवायसी का कार्य पूर्ण करा लिया गया है। अतएव जिले के ऐसे राशनकार्डधारी सदस्य जिनके द्वारा अभी तक ई-केवायसी नहीं कराया गया है वे अपने आधार कार्ड के साथ इस माह में उचित मूल्य दुकान में उपस्थित होकर ई-पास मशीन के माध्यम से 31 दिसम्बर 2023 तक अनिवार्य रूप से ई-केवायसी की कार्यवाही पूर्ण करवा सकते हैं। खाद्य अधिकारी द्वारा जिले के राशन कार्डधारी हितग्राहियों से उचित मूल्य दुकानों में उपस्थित होकर ई-केवायसी करवाने का आग्रह किया गया है।

# एनएमडीसी ऑफिसर्स एसोसिएशन किरंदुल ने सदस्यों को वितरित किए वार्षिक उपहार



**किरंदुल।** देश की सबसे बड़ी लौह अयस्क के उत्पादन एवं प्रेषण की नवरत्न कंपनी राष्ट्रीय खनिज विकास निगम एनएमडीसी की किरंदुल परियोजना में अधिकारियों के हितों एवं अधिकारों के संरक्षण के लिये गठित एनएमडीसी ऑफिसर्स एसोसिएशन किरंदुल कॉम्पलेक्स ने वार्षिक उपहार के रूप में अपने सदस्यों को हुडी एवं स्वीट शर्ट का वितरण किया। किरंदुल परियोजना के बैला क्लब में आयोजित एक कार्यक्रम में एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने यह उपहार का वितरण किया। इस दौरान एनएमडीसी ऑफिसर्स एसोसिएशन किरंदुल परियोजना के महासचिव सत्या मूर्ति एवं उपाध्यक्ष राकेश रोशन तथा किरंदुल परियोजना के महाप्रबंधक राजा कुमार, डॉ राजेश सिंह, संजीव सावरिया विशेषरूप से मौजूद रहे।

# पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाईन आवेदन 30 दिसंबर तक

पायनियर संवाददाता ‹ नारायणपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य में संचालित समस्त शासकीय, अशासकीय महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग कालेज, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक एवं आई.टी. आई आदि में अध्ययनरत् अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों, जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते है उनसे 30 दिसंबर 2023 तक पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु ऑनलाईन आवेदन ीजजचरूध्ध्चवेजउंजतपब.बीवसंतेीपचण्बहण्दपबण्पद पर आमंत्रित किया गया है। जिसके अंतर्गत विभाग द्वारा ऑनलाईन आवेदन, प्रस्ताव, स्वीकृति वर्ष 2023-24 हेतु विद्यार्थियों द्वारा ऑनलाईन आवेदन करने की तिथि 28 नवंबर से 30 दिसंबर 2023, ड्राफ्ट प्रपोजल लॉक करने हेतु 15 दिसंबर से 20 जनवरी 2024 तथा सेनसन ऑडर लॉक करने हेतु 15 दिसंबर से 24 जनवरी 2024 निर्धारित किया गया है। निर्धारित तिथि के पश्चात् शिक्षा सत्र 2023-24 की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति ऑनलाईन आवेदन हेतु पोर्टल बंद कर दिया जायेगा। ड्राफ्ट प्रपोजल लॉक एवं सेनसन ऑडर लॉक करने का अवसर भी प्रदान नहीं किया जायेगा। निर्धारित तिथि तक कार्यवाही पूर्ण नहीं करने पर यदि संबंधित संस्थाओं के विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित रह जाते है, तो इसके लिए संस्था प्रमुख जिम्मेदार होंगे। पीएफएमएस के माध्यम से आधार आधारित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का भुगतान किया जा रहा है। अतः सभी विद्यार्थी ऑनलाईन आवेदन करते समय ध्यान रखे कि उनका बचत खाता एक्टिव हो एवं आधार सीडेड बैक खाता नम्बर की प्रविष्टि ही करना सुनिश्चित करेंगे। सत्र 2023-24 से विद्यार्थियों द्वारा पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु किये गये आवेदन का सत्यापन आधार से लिंक मोबाईल नम्बर पर ओ.टी.पी. के माध्यम से किया जाएगा। विद्यार्थी आधार नम्बर पर पंजीकृत मोबाईल नम्बर की प्रविष्टि आवेदन करते समय करना सुनिश्चित करेंगे।

# आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के अन्तर्गत आदिवासी युवा युवतियों को करवाया जा रहा भ्रमण

पायनियर संवाददाता ‹ नारायणपुर
www.dailypioneer.com



नेहरू युवा केन्द्र एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार जिला कांकेर के तत्वाधान में भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल की 53वीं वाहिनी द्वारा 15वें आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के अन्तर्गत वाहिनी के कार्यक्षेत्र में पडने वाले दूर-दराज के नक्सल प्रभावित गांवों के 30 आदिवासी युवाओं जिनमें से 20 युवतियों एवं 10 युवको को पश्चिम दिल्ली भ्रमण करने हेतु चयनित किये गए युवाओं को 53वीं वाहिनी, भा.ति.सी. पुलिस के संरक्षण में 4 दिसंबर से 10 दिसंबर 2023 तक पश्चिम दिल्ली में भ्रमण करवाया जाएगा। प्रस्थान होने से पूर्व 1 दिसंबर को सामरिक मुख्यालय जेलवाड़ी में सुमित रावत, द्वितीय कमान 53वीं वाहिनी, भारत तिब्बत सीमा पुलिस ने भ्रमण दल को सम्बोधित करते हुये इन युवाओं को भ्रमण के दौरान विभिन्न किया-कलापों में भाग लेने हेतु प्रोत्साहित किया गया। इस भ्रमण का उद्देश्य छत्तीसगढ़ के आदिवासी युवाओं के विकास और सशक्तिकरण को सुनिश्चित करना है। नक्सल प्रभावित क्षेत्र से बाहर भ्रमण कर वह कई अन्य स्थानों के आधुनिक और आर्थिक विकास, संस्कृति, कला, पहनावा और कई अन्य पहलुओं के बारे में जान सकते हैं जिससे चरमपंथी विचारधारा, गतिविधियों के प्रति मानसिकता में बदलाव तथा राष्ट्रवाद के प्रति जागरुक किया जा सकता है।

# महापौर विजय के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव की तैयारी

## सत्तापक्ष के पार्षदों में देखी जा रही है जबरदस्त नाराजगी, शहर में हार का ठीकरा निगम में व्याप्त भ्रष्टाचार को

संजय छाजेड़ (जैन) धमतरी
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ में भाजपा की शानदार वापसी के बाद अब कांग्रेस द्वारा समीक्षा किये जाने की बात कही जा रही है। जैसा कि हार के बाद प्रत्येक पार्टी द्वारा मंथन किया जाता है। लेकिन अब नई बनने वाली सरकार से प्रदेशवासियों को काफी आशाएं हैं। भ्रष्टाचार, अधिकारियों की हिटलरशाही, लोगों को न्याय नहीं मिलने जैसी घटना एवं मूलभूत सुविधाओं से वंचित किये जाने जैसे मुद्दों से निजात पाने लोगों ने एक बार फिर भाजपा को अपना भरपूर समर्थन दिया है। वहीं दूसरी ओर अब ऐसे निष्क्रिय लोगों को हटाये जाने की भी चर्चाएं आम हो रही हैं। रायपुर निगम महापौर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी वहां भाजपा पार्षद कर रहे हैं तो दूसरी ओर धमतरी निगम महापौर के खिलाफ भी अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी नाराज पार्षदों द्वारा की जा रही है जिसकी चर्चा अब चौक-चौराहों पर भी सुनाई दे रही है। विधानसभा चुनाव के बाद प्रदेश की जनता ने भाजपा को अपना भरपूर समर्थन दिया है जिसका प्रत्यक्ष प्रमाण कांग्रेस शासित नगर निगम क्षेत्रों में भी भाजपा प्रत्याशियों ने अपनी बढ़त बनाई। यह अलग बात है कि धमतरी निगम क्षेत्र में 40 वार्ड आते हैं जहां 37 वार्डों में भाजपा को भारी समर्थन दिया गया है। हालांकि भाजपा प्रत्याशी पूर्व विधायक रंजना डिपेंद्र साहू को 2644 वोट से हार का मुंह देखना पड़ा है। लेकिन इस चुनाव में निगम क्षेत्र के 40 वार्डों में से 37 वार्डों में भाजपा की बढ़त निगम क्षेत्र में मिलने पर अब यहां कुछ पार्षदों द्वारा अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारियां की जा रही है। इनका कहना है कि कांग्रेस शासित निगम में उसी वक्त सनसनी फैल गई जब एक पार्षद द्वारा विधानसभा चुनाव लड़ने की घोषणा की गई और लाख मनाये जाने के बाद भी चुनाव लड़ने का अपना निर्णय नहीं बदला। इसके बाद से निगम में अविश्वास प्रस्ताव की बातें जोर पकड़ने लगी और अब जब शहर से भाजपा प्रत्याशी को लीड मिली है, उसका मुख्य ठीकरा यहां इस बात को लेकर फोड़ा जा रहा है कि अब तक के कार्यकाल में निगम में व्याप्त टेंडर सेटिंग, सप्लाई में भारी भ्रष्टाचार, इसके अलावा छोटे-मोटे कार्यों के लिये भी लोगों को यहां से मायूस होना पड़ रहा था। इसलिये यहां से भी अविश्वास प्रस्ताव की तैयारियां जोर पकड़ रही है। उनका यह भी कहना है कि 130 साल के इतिहास में पहली बार जनता ने शहरी सत्ता कांग्रेस को इस उम्मीद के साथ सौंपी थी कि शहर के नागरिको को मूलभुत सुविधाएं मिल पायेगी लेकिन वर्तमान कार्यकाल से लोगो का इस कदर मोह भंग हुआ है कि विधानसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी को शहर से बुरी हार का सामना करना पडा है। नगर निगम क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं का अभाव, रिक्शा खरीदी में भ्रष्टाचार, अच्छे खासे रिक्शे को खराब बताकर उसे स्टोर में रखकर पैसे का दुरूपयोग किये जाने, निर्माण कार्यों में कोताही, यहां पदस्थ एक जिम्मेदार पार्षद द्वारा दूसरे के नाम ठेकेदारी करना, शासकीय जमीन पर कब्जा करना, सिहावा रोड, रायपुर रोड में नाला निर्माण में घोर भ्रष्टाचार, और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यहां जिम्मेदार जितने भी लोग पदस्थ हैं, उनमें से कुछ लोगों द्वारा ऐसे कार्यों पर कोई संज्ञान न लेकर राशि का दुरूपयोग किये जाने को लेकर पार्षदगण आरोप लगाते आ रहे हैं। कुछ बातों की शिकायत कलेक्टर को भी लिखित में की गई थी। इन सब बातों को लेकर अब महापौर विजय देवांगन के विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाये जाने की बात कही जा रही है। इस मामले को लेकर इस प्रतिनिधि द्वारा कुछ पार्षदों से चर्चा किये जाने पर उन्होंने बताया कि हां ऐसा कुछ हो रहा है और अतिशीघ्र अविश्वास प्रस्ताव भी लाया जायेगा। चूंकि उपरोक्त कार्यों से शहर की जनता त्रस्त हो गई थी और लगातार इसका विरोध भी किया जा रहा था। जब कोई उनकी बात नहीं सुनी गई तो उन्होंने अपना आक्रोश विधानसभा चुनाव में उतारा और भाजपा समर्थित प्रत्याशी को वोट दिया। इससे पता चलता है कि कांग्रेस शासित नगर निगम में अब सत्तापक्ष के सिरमौर के ऊपर विश्वास नहीं रह गया है और इसी कारण पार्षदगण अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी में जुट गये हैं। सत्तापक्ष से जुड़े दो पार्षदों ने नाम न छापने की शर्त पर प्रतिनिधि को बताया कि धमतरी विस क्षेत्र अंतर्गत निगम के 40 वार्डों में पहली बार कांग्रेस प्रत्याशी को इतनी करारी हार झेलना पड़ा है जिसका मुख्य कारण वार्डों में विकास कार्य का न होना, निगम में बिना भेंट पूजा के कोई काम न होना वहीं चुने हुए जनप्रतिनिधि की नादिरशाही की वजह से ही कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा है और बहुत जल्द हम अपनी लड़ाई लड़ने की तैयारी में हैं। अब देखना यह है कि निगम में पहली बार शहरी सत्ता संभालने वाले कांग्रेस के महापौर अपना कार्यकाल पूर्ण कर पाते हैं अथवा अविश्वास प्रस्ताव का सामना करना पड़ सकता है।



# श्री कालभैरव मंदिर में हर्षोल्लास से मनाया गया जन्मोत्सव

## श्रृंगार पूजन के पश्चात हुआ महाप्रसादी का वितरण



पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com

मंगलवार को ईतवारी बाजार के पास स्थित श्री कालभैरव मंदिर में जन्मोत्सव कार्यक्रम हर्षोल्लास से मनाया गया। काल भैरव को धमतरी का कोतवाल भी कहा जाता है। उनके जन्मोत्सव पर सुबह 8:30 बजे से श्रृंगार पूजन, इसके पश्चात दोपहर 12 बजे से महाप्रसादी वितरण हुआ। जिसमें हजारों भक्तों ने प्रसादी ग्रहण किया। संध्या 6 बजे महाआरती की गई फिर भजन संध्या हुआ जिसमें छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध भजन गायक परमेश्वर साहू के कृष्णाय अर्पण भजन संध्या ग्रुप खपरी द्वारा प्रस्तुति दी। उक्त आयोजनों को सफल बनाने भक्तगण जुटे रहें। श्री काल भैरव का जन्मोत्सव श्रीरामचन्द्र मंदिर न्यास एवं समस्त भक्त मंडल बाबा कालभैरव मंदिर इतवारी बाजार धमतरी द्वारा मनाया गया।

# सशस्त्र सेना झण्डा दिवस 7 दिसम्बर को सैनिकों के कल्याण के लिए दान की अपील

पायनियर संवाददाता बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

सशस्त्र सेना झंडा दिवस प्रति वर्ष भारतीय सेना की बहादुरी, त्याग व समर्पण के सम्मान में एवं वीर शहीदों की स्मृति में हमारे देश में 07 दिसम्बर को हर्ष के साथ मनाया जाता हैं। इस परिप्रेक्ष्य में कलेक्टर चंदन कुमार ने सभी नागरिक से अपील की गई है कि शहीद सैनिकों की विधवाओं, भूतपूर्व सैनिकों एवं सेना में सेवारत् सैनिकों और उनके आश्रितों के पुनर्वास तथा कल्याणकारी योजनाओं के लिये अधिक से अधिक दान देकर इस पुनीत कार्य में अपनी सहभागिता प्रदान करें। गौरतलब है कि सशस्त्र सेना झण्डा दिवस समस्त नागरिकों के लिये अपनी सेना में विषम एवं दुर्गम इलाकों में सेवारत् सैनिकों, वीर शहीदों के परिवार व भूतपूर्व सैनिकों के प्रति सम्मान प्रकट करने का उत्तम अवसर है, जिसमें सभी नागरिक दिल खोलकर सशस्त्र सेना झंडा दिवस निधि में बढ़ चढ़कर योगदान दे सकते हैं। झंडा दिवस की यह राशि घायल सैनिकों के पुनर्वास,शहीद सैनिकों के परिवार को आर्थिक सहायता एवं भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों हेतु कल्याणकारी योजनाओं एवं पुनर्वास में उपयोग की जाती है। विदित हो कि दान की गई समस्त राशि, आयकर अधिनियम 1961 की धारा 80 के अंतर्गत आयकर से मुक्त होगी। उपरोक्त दान राशि, 'सचिव, छत्तीसगढ़ के पूर्व सैनिकों के पुनर्वास और पुनर्निर्माण के लिए समामेलित विशेष निधि'' ए/सी नंबर- 20246292607 18 के नाम पर भेजी जा सकती है। इसके अलावा समीप के सैनिक कल्याण कार्यालय से सम्पर्क कर चेक/आरटीजीएस/ड्रॉफ्ट के माध्यम या बारकोड के व्दारा दिया जा सकता हैं।

# प्राथमिक शाला डोटोपार के बच्चों ने ऑनलाइन भाषा उत्सव का आगाज

पायनियर संवाददाता बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



भाषा उत्सव राष्ट्रीय एकता एवं सद्भावना हेतु बहूभाषावाद को प्रोत्साहित करने के लिए भाषा उत्सव के अंतर्गत महाराष्ट्र राज्य के कोल्हापुर जिले से कुमार विद्यामंदिर टाकवडे, केन्द्र- नांदणी तालुका- शिरोल, विद्यालय के शिक्षकों एवं छात्रों के साथ आज हमारे छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार -भाटापारा जिले से शासकीय प्राथमिक शाला- डोटोपार, संकुल गिंदोला,विकाखंड- बलौदा बाजार के बच्चे रूबरू हुए। हमारे यहां के विद्यार्थियों ने महाराष्ट्र के बच्चों के साथ वहाँ के भाषा और संस्कृति के बारे में ढेर सारी बातें साझा की। वहां के बच्चों ने यहां के बच्चों से स्कूल की टाइमिंग, खानपान यहां के दर्शनीय स्थल के बारे में बहुत सारे प्रश्न किये। महाराष्ट्र के स्कूल के बच्चों ने बच्चों से शाला में होने वाली विविध गतिविधियों के बारे में भी जानकारी ली ।इसके साथ ही बच्चों ने महाराष्ट्र राजकीय गीत माझा महाराष्ट्र भी बच्चों को सुनाया। हमारे बच्चों ने भी छत्तीसगढ़ का राजकीय गीत अरपा पैरी के धार गीत की प्रस्तुति बच्चों के सामने की। वहां के मुख्य अध्यापक प्रकाश खोजकर एवं कक्षा तीसरी की अध्यापिका अर्पणा परीट मैडम ने बच्चों को महाराष्ट्र खान-पान और वहां के मुख्य फसल की जानकारी दी। इसके साथ छोटे छोटे वाक्यों में नमस्ते-नमस्कार, मैं जा रहा हूं, मी जाता आहे, मैं खाता हूं- मी खाते आहे, मै पढ़ता हूं- मी अभ्यास करते आहे बहुत सुंदर-लय भारी आप कैसे है- तुम्ही कसे आहात, आदि को महाराष्ट्रीयन में कैसे बोलते हैं इसको बताया। इसके साथ ही बच्चों ने छत्तीसगढ़ के बच्चों ने छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया, जय जोहार, राम-राम अउ सब बने बने आदि शब्दों को भी महाराष्ट्र के बच्चों को बताया इस काम में संस्था प्रमुख शेषनारायण तिवारी, मैडम सीमा जायसवाल, योगेश्वरी साहू, विरेन्द्र कुमार डहरिया व कुमारी पुष्पा वर्मा की सक्रिय भागीदारी रही। इस कार्यक्रम के लिए अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से टीना कटकवार मैडम का विशेष सहयोग रहा।

# तीनो राज्यों मे चला मोदी मैजिक : कविंद्र जैन

## छत्तीसगढ़ मे भाजपा ने बनाया जीत का नया कीर्तिमान : अरविंदर मुंडी



पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com

विधानसभा चुनावों मे छत्तीसगढ़ सहित मध्य प्रदेश और राजस्थान मे भाजपा की प्रचंड जीत पर भाजपा ने बधाई दी । भाजपा जिलाध्यक्ष ठाकुर शशि पवार ने कहा कि छत्तीसगढ़ की मे जनता ने भय और भ्रष्टाचार से मुक्त सुशासन की राह चुनी है। 5 साल के कांग्रेस शासन मे प्रदेश मे भ्रष्टाचार अपने चरम पर था। राज्य मे माफिया राज, गुंडाराज और नशा, जुआँ, सट्टा का बोलबाला था। विकास कार्य ठप्प पड़े हुए थे। सड़के गड्ढे और धूल से भरी हुई थी। जनता त्रस्त थी। विधानसभा चुनाव मे जनता ने अपने अधिकार का प्रयोग करते हुए सुशासन की राह चुनी और भाजपा को दिल खोल कर अपने वोटों का आशीर्वाद दिया। कांग्रेस पार्टी द्वारा चुनावों मे जमकर धनबल का प्रयोग किये जाने के बावजूद भी मतदाताओं ने उन्हे बाहर का रास्ता दिखा दिया। जिला महामंत्री कविंद्र जैन ने कहा कि छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और राजस्थान तीनों ही राज्यों मे मोदी मैजिक चला। मोदी की गारंटी पर जनता ने विश्वास व्यक्त किया। विशेष रूप से महिलाओं,युवाओं अजा, अजजा, अन्य पिछड़ा वर्ग और किसानों सहित सभी वर्गों का पार्टी को खुलकर समर्थन प्राप्त हुआ । यह नतीजे स्पष्ट संकेत दे रहे हैं कि आने वाले चुनावों लोकसभा चुनावों मे इन सभी राज्यों मे शत प्रतिशत सीटों के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगी। जिला उपाध्यक्ष अरविंदर मुंडी ने बताया कि इस चुनाव मे भाजपा ने मत प्रतिशत के मामले मे नया कीर्तिमान बनाया है। 2018 के 33 प्रतिशत मतों से आगे बढ़कर 2023 मे 46 प्रतिशत का आंकड़ा पार किया है जो कि प्रदेश मे अभी तक का सर्वाधिक है। भारतीय जनता पार्टी ने इस प्रचंड जीत के लिये जनता को धन्यवाद किया तथा पार्टी के लाखों समर्पित कार्यकर्ताओं के प्रति भी आभार व्यक्त किया है।

# कलेक्टर रघुवंशी ने किया वेयर हाउस का निरीक्षण



पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com

कलेक्टर ऋतुराज रघुवंशी ने कलेक्टोरेट परिसर स्थित ईव्हीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंनें सीसीटीवी कैमरा सहित विभिन्न पंजीयों का अवलोकन किया तथा निर्वाचन संबंधी सामग्रियों को व्यवस्थित रखने के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा.निर्देश दिए। इस मौके पर संयुक्त कलेक्टर ऋ षिकेश तिवारी सहित निर्वाचन कार्य से जुडे अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मिचौंग तुफान का असर धमतरी में भी, हल्की बारिश से बढ़ी ठंड, किसानो की बढीं चिंता



पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com

चक्रवाती तूफान मिचौंग का प्रभाव जिले में भी पड़ा है। जिसके चलते बीती रात्रि व मंगलवार की सुबह हल्की वर्षा हुई जिससे कई किसानों की खड़ी फसल प्रभावित हुई। वहीं सोसायटियों में भी कुछ स्थानों पर धान के बोरे भींगने की जानकारी मिल रही है। ज्ञात हो कि विगत सप्ताह भर से मौसम बदला हुआ है आसमान में बादल छाये हुए है। इसके अतिरिक्त मिंचौग तुफान उड़ीसा तट पर टकराने व चेन्नई पहुंचने पर लगातार वर्षा का असर प्रदेश में भी होने लगा है। धमतरी जिले भी इससे अछूता नहीं रहा। बीती रात्रि कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा हुई। धमतरी में भी बारिश हुई। इसका सीधा असर किसानों के फसल पर पड़ेगा। आने वाले कुछ दिनो भी बारिश की आंशका है ऐसे में किसानो की चिंता बढ़ गई है। इसी प्रकार सुबह जिले के कई सोसायटियों में बारिश का असर नजर आया। कुछ स्थानों पर धान कुछ मात्रा में भींगे रहे। जबकि कुछ केन्द्रो में धान को ढकने पर्याप्त कैप कव्हर की व्यवस्था की गई थी। ज्ञान हो कि पिछले कुछ दिनों से आसमान में बादल छाये हुए बारिश के आसार बन रहे है। ऐसे में पहले से ही सासयोटियो में कैप कव्हर लगाये गये है। बाउजूद इसके निचली कुछ बोरियां कई सोसायटियो में भींगने की जानकारी मिल रही है। जिससे नुकसान होगा।

### तूफान का असर, बारिश व ठंडी हवाओं ने बढ़ाई ठंड

रात 11 बजे हल्की बूंदाबादी शुरु हो गई। मंगलवार को दिनभर बादल छाये रहे वही दोपहर 3 बजे हल्की फुहारे भी पड रही थी साथ ही ठंडी हवाएं चलने लगी जिससे ठिठुरन बढ़ गई है वहीं बुधवार को बारिश होने की संभावना बढ़ गई है। मौसम विभाग द्वारा जारी तूफान के ट्रैक अनुसार दक्षिण तथा मध्य छग में इसको प्रभाव पड़ेगा। मौसम वैज्ञानिक एचपी चंद्रा ने बताया कि आगामी दो दिनों तक न्यूनतम तापमान में विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। वहीं अधिकतम तापमान में 3 से 4 डिग्री की गिरावट हो सकती है। बुधवार को प्रदेश के अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा हो सकती है।

# भाजपा 10 साल बाद एक बार फिर जिला मुख्यालय सीट में काबिज

पायनियर संवाददाता बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



10 साल बाद भारतीय जनता पार्टी जिला मुख्यालय बलौदाबाजार की सीट में काबिज हुई। शहरी इलाकों में कांग्रेस को बड़ा नुकसान झेलना पड़ा वहीं डाक मतों में भी भाजपा प्रत्याशी को बड़ी संख्या में मत मिलाना स्पष्ट करता है कि शासकीय कर्मचारी भी राज्य सरकार से नाराज रहे हैं रविवार को विधानसभा चुनाव की मतगणना में शहरी इलाकों के लोगों की नाराजगी कांग्रेस के लिए बड़ी खाई साबित हुई है जिसे कांग्रेस पाट नहीं पाई दूसरे शब्दों में समझ ही नहीं सकी बीते 5 वर्षों में नगरी इलाकों में किसी बड़ी योजना का प्रारंभ न होना विकास कार्यक्रम ठप पड़े रहना जो कार्य प्रारंभ हुए हैं निर्धारित समय तक उनका पूर्ण न होना जैसे बड़े करण से शहरी इलाकों में कांग्रेस सरकार के प्रति लोगों प्रति नाराजगी रही है बलोदा बाजार विधानसभा के शहरी इलाकों से भाजपा ने इस बार बड़ी बढ़त बनाई है जो अंत तक निर्णायक साबित हुई विधानसभा भाजपा के संगठन के दृष्टि से विधानसभा के कुल 306 पोलिंग बूथ को भाजपा बलौदा बाजार शहर ग्रामीण हथबद सुहेला तिल्दा शहर और तिल्दा ग्रामीण छह भागों में रखती है रविवार को मतगणना के पश्चात प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार भाजपा बलौदा बाजार ग्रामीण के 89 पोलिंग बूथ में 9146 मतों से पीछे थी वही हथबद के 20 पोलिंग बूथ में भी भाजपा 3000 मतों से पीछे थी सुहेला परिणाम होते-होते भाजपा के पक्ष में समीकरण बनते गए जहां सुहेला के 69 पोलिंग में भाजपा को 3990 मतों से लीड मिली इसी प्रकार तिल्दा ग्रामीण के 88 पोलिंग बूथ में भाजपा प्रत्याशी को बढ़त मिली है जो जीत का बड़ा अंतर रहा है। महतारी वंदन योजना ने ने जीत के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई अब महतारी वंदन योजना का असर जिले में दिख रहा है भाजपा की सरकार बन गई है अब महिलाओं की नजर इस योजना पर टिकी हुई है क्योंकि अधिकतर विधानसभा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने बड़ी तादाद में महिलाओं का फॉर्म भरवाया है जिसे देखते हुए महिलाएं भाजपा कार्यकर्ताओं से पूछना भी शुरू कर दिया है आखिरी योजना का लाभ कब मिलेगा भाजपा के कार्यकर्ता अभी जवाब नहीं दे पा रहे हैं आगे कब से योजना का लाभ मिलेगा यह अभी नहीं बता पा रहे हैं भारतीय जनता पार्टी में अपने घोषणा पत्र पर सालाना ?12000 विवाहित महिलाओं को मिलेगा इस योजना से बड़ी तादाद में महिलाएं प्रभावित हुई और वोट दिया। बलौदा बाजार तिल्दा शहर विधानसभा में कांग्रेस को तगड़ा झटका लगा जिस हिसाब से उम्मीद कांग्रेस प्रत्याशी ने की थी वह उम्मीद सही साबित नहीं हुई बलौदा बाजार शहर भाजपा समर्पित माना जाता है परंतु इस बार स्थानीय कांग्रेस प्रत्याशी होने की वजह से भाजपा को अपने मतों में कुछ सेंध लगने का आदेश भी था परंतु सारे अंदेशा गलत साबित हुए और एक बार फिर बलौदा बाजार शहर ने भाजपा के पक्ष में बंपर वोटिंग कर भाजपा की झोली को भर दिया बलौदा बाजार शहर के 20 पोलिंग बूथ में भाजपा ने लगभग 4200 मतों से बढ़त हासिल की आश्चर्य की बात यह है कि नगर पालिका में जिन वार्डों में कांग्रेस के पार्षद हैं उनमें से अधिकांश वार्ड में भाजपा ने लीड की है यानि अपने वार्ड में भी पार्षद कांग्रेस को बढ़त नहीं दिला सके हैं इसी प्रकार विधानसभा के दूसरे बड़े शहरी इलाके तिल्दा शहर के 24 पोलिंग बूथ से 5100 मतों की बढ़त मिली है जो निर्णायक साबित हुई भाजपा के लिए विधानसभा चुनाव के पूर्व शहरी इलाकों के महिलाओं शासकीय कर्मचारी तथा युवाओं के कांग्रेस की राज्य सरकार के नाराज होने की आम चर्चा को कांग्रेस द्वारा गंभीरता से नहीं लिया जाना विधानसभा चुनाव के दौरान पूरी तरह से नजर आया शहरी इलाकों में कांग्रेस प्रत्याशियों को इसका तगड़ा नुकसान झेलना पड़ा है।

**भाजपा:जीत के कारण**

* एकजुटता और मजबूती से चुनाव लड़ी
* जाति समीकरण का प्रभाव रहा
* बड़े नेता कांग्रेस सरकार की आलोचना के साथ स्थानीय मुद्दे को उठते रहे
* कुछ क्षेत्र में हिंदुत्व के मुद्दों को उठाया
* महिलाओं को लुभाने में सफल रहे
* मोदी के घोषणा पत्र को जमकर प्रचार किया

**कांग्रेस : हारने के कारण**

* एकजुटता का अभाव
* अति आत्मविश्वास
* घोषणा पत्र के प्रचार में
* सरकार की उपलब्धि को भुना नहीं पाए
* भ्रष्टाचार के आरोप का जवाब देने में पीछे रहे

# अजय चंद्राकर की जीत विकास पर विश्वास का परिणाम है : शशि पवार

## अजय चंद्राकर की जीत पर जिला भाजपा ने जताया हर्ष

पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com



जिले की कुरुद विधानसभा मे जीत की हैट्रिक लगाने वाले कद्दावर नेता पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर को बधाई देते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष ठाकुर शशि पवार ने कहा कि यह चुनाव कांग्रेस के घमंड और भाजपा के जनता के कल्याण के प्रति संकल्प के बीच था। कुरुद की जनता ने एक बार पुनः विकास पुरुष अजय चंद्राकर को विधायक चुना है । यह जीत विकास के प्रति जनता के विश्वास का परिणाम है। अजय चंद्राकर आने वाली सरकार मे भी अग्रणी भूमिका मे रहेंगे और क्षेत्र के विकास को लेकर पूर्व से भी अधिक रफ्तार से काम करेंगे। डबल इंजिन की सरकार जनता से किये अपने सभी वादे पूर्ण करेगी। भारतीय जनता पार्टी जिला धमतरी कुरुद विधानसभा के मतदाताओं एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करती है। साथ ही सिहावा और धमतरी विधानसभा की जनता का भी धन्यवाद करती है और उन्हे विश्वास दिलाती है कि विधायक भाजपा का न होने पर भी क्षेत्र के विकास मे नयी सरकार कोई भेदभाव नही करेगी और आने वाले समय मे पुनः जनता का विश्वास हासिल करेगी ।

# जिले में मूलभूत प्रशासनिक सुविधाओं को करें मजबूत लोगों को सभी सुविधाओं का मिले लाभ: कलेक्टर छिकारा

## पिछले छः माह में 40 हजार से अधिक लोगों को मिला घर पहुंच पेंशन का लाभ

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



जिले में विधानसभा निर्वाचन सम्पन्न होने के पश्चात आदर्श आचार संहिता समाप्त हो गया है। कलेक्टर आकाश छिकारा ने समय-सीमा की समीक्षा बैठक लेकर प्रशासनिक कार्यो और जनहित के कार्यो में प्रगति लाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि अधिकारी - कर्मचारी प्रशासन के कार्यो को गंभीरतापूर्वक करें और विभागीय कार्यो में प्रगति लाये। कलेक्टर छिकारा ने सभी अधिकारियों को कहा कि मूलभूत प्रशासनिक सेवाएं प्रदान करने के लिए सक्रियता और गंभीरता से काम किया जाये। जिससे जिलेवासी सभी शासकीय सेवाओं से आसानी से लाभान्वित हो। साथ ही निर्माण और विकास कार्यो में भी तेजी आये। जिन निर्माण कार्यो के लिए बजट स्वीकृत हो गई है, उनका निर्माण कार्य समय से शुरू किया जाये। तथा अपूर्ण निर्माण कार्यो को प्राथमिकता के साथ पूर्ण कराये। कलेक्टर ने लोक सेवा गारंटी अधिनियम, जन शिकायत, जनचौपाल, समय - सीमा, चैटबोट संवाद के माध्यम से प्राप्त आवेदनों के प्रकरणों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि नीति आयोग द्वारा आंकाक्षी विकासखंड प्रोग्राम के तहत जिले के गरियाबंद एवं मैनपुर विकासखंड का चयन किया गया है। इन विकासखंडों के लिए एक - एक फैलो की नियुक्ति की गई है। जो उनके नोडल रहेंगे और संबंधित जनपद में रहकर निर्धारित पैरामीटर के अनुसार दिये गये कार्यो में प्रगति लाएंगे। कलेक्टर ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत प्लास्टिक वेस्ट मेनेजमेन्ट यूनिट की स्थापना ओडीएफ के लिए 100 परिवारों से कम बसाहट वाले गांव की कार्ययोजना बनाकर 50 प्रतिशत गांवों को 30 दिसम्बर तक मॉडल गांव के रूप में विकसित करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर वनमण्डाधिकारी मणीवासगन एस., उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरूण जैन, जिला पंचायत के सीईओ रीता यादव, अपर कलेक्टर अविनाश भोई, संयुक्त कलेक्टर नवीन भगत, समस्त अनुविभागीय अधिकारी एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

**घर पहुंच पेंशन अभियान से जिले के 40 हजार से अधिक हितग्राहियों को घर बैठे मिला पेंशन की राशि**-कलेक्टर आकाश छिकारा के मार्गदर्शन में जिलेवासियों को मूलभूत सेवाएं प्रदान करने के लिए जिले में विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। कलेक्टर के विशेष पहल से घर पहुंच पेंशन राशि देने के लिए घर पहुंच पेंशन अभियान का भी संचालन किया जा रहा है। इसके माध्यम से पेंशन संगवारी द्वारा पिछले छः माह में 40 हजार 87 लोगों को घर पहुंचाकर पेंशन की राशि प्रदान किया गया है। इसके अंतर्गत बुजुर्गो एवं दिव्यांगजनों को उनके घर में ही पहुंचकर पेंशन की राशि बैंक सखियों के माध्यम से दिया जा रहा है। पेंशन के हितग्राहियों को घर पहुंच पेंशन मिलने से उन्हें पेंशन लेने के लिए दूर जाने की जरूरत नहीं पड़ी और आसानी से पेंशन की राशि घर पहुंच मिल गई। जिससे बुजुर्गो एवं दिव्यांगजनों को काफी राहत मिली है।

**पिछले छः माह में 89 हजार से अधिक लोगों का बना आयुष्मान कार्ड** -कलेक्टर के विशेष पहल से लोगो का आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। पिछले छः माह में विशेष शिविरों के माध्यम से 89 हजार 408 लोगों का आयुष्मान कार्ड पंजीयन किया गया। इस प्रकार अभी तक जिले के 5 लाख 48 हजार 571 लोगों का आयुष्मान कार्ड पंजीयन हो चुका है। जो कि जिले का कुल कव्हरेज लगभग 85 प्रतिशत हो गया है। आयुष्मान कार्ड बन जाने से लोग शासन की मदद से निशुल्क स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ आसानी से ले पाएंगे।

# निगम क्षेत्र में आधार अपडेशन शिविर का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाईनगर
www.dailypioneer.com




भिलाई निगम क्षेत्र में नवीन आधार कार्ड बनाने, अपग्रेड एवं सुधार हेतु शिविर का आयोजन किया जा रहा है। 6 दिसंबर से लेकर 19 जनवरी तक चलने वाले शिविर भिलाई निगम के सभी 5 जोन में एक साथ लगाया जाएगा। आम नागरिकों को उनके वार्ड अथवा मोहल्ले में ही आधार कार्ड बनाने एवं सुधार की सुविधा मिल सके इस उद्देश्य को लेकर निगम आयुक्त रोहित व्यास ने आदेश जारी किये है। इन स्थानों पर लगेगा आधार शिविर-वार्ड 01 जुनवानी में 6 एवं 7 दिसम्बर को जुनवानी चौक दुर्गा मंच व बाजार चौक सामुदायिक भवन, वार्ड 14 शांति नगर में दशहरा मैदान गणेश मंच पार्षद कार्यालय के पास, वार्ड 30 प्रगति नगर में स्वास्थ्य कार्यालय पानी टंकी व प्रगति नगर केम्प 01, वार्ड 38 सोनिया गांधी नगर में शिवालय के पीछे सामुदायिक भवन, वार्ड 57 सेक्टर 4 पूर्व में पार्षद निवास कार्यालय सेक्टर 04, वार्ड 02 स्मृति नगर में 8 एवं 11 दिसम्बर को राधाकृष्णा मंदिर त्रिवेणी नगर, वार्ड 15 अम्बेडकर नगर में अम्बेडकर नगर पार्षद कार्यालय व शांति नगर सियान सदन, वार्ड 31 मदर टेरेसा नगर में कर्मा भवन पार्षद कार्यालय के समीप व मयूर गार्डन, वार्ड 39 चन्द्रशेखर आजाद नगर मे खेल मैदान सामुदायिक भवन के पीछे, वार्ड 58 सेक्टर 4 पश्चिम में सड़क 27-28 मंच के पास व सड़क 29-30 पोस्ट आफिस के पास, वार्ड 03 मॉडल टाउन में 12 एवं 13 दिसम्बर को मंचमुखी गार्डन सांस्कृतिक गार्डन, वार्ड 16 सुपेला बाजार में सामुदायिक भवन शंकर पारा सुपेला व सामुदायिक भवन दुबे पशु आहार, वार्ड 32 बैकुण्ठधाम सुन्दर नगर में युगनिर्माण स्कूल के पास पार्षद कार्यालय, वार्ड 40 शहीद चुम्मन यादव छावनी में मंगल बाजार के पास व राधाकृष्णा मंदिर के पास, वार्ड 59 सेक्टर 05 पूर्व में डोम शेड सड़क 12-13, वार्ड 04 नेहरू नगर में 14 एवं 15 दिसम्बर को नेहरू नगर सियान सदन, वार्ड 19 राजीव नगर में राम जानकी मंदिर व हनुमान मंदिर शकुन्तला विद्यालय रामनगर, वार्ड 33 संतोषी पारा केम्प 02 में गौरव पथ नाले के पास व काली मंदिर विवेकानंद के पास, वार्ड 41 औद्योगिक क्षेत्र छावनी में राजीव नगर सामुदायिक भवन व क्रांति चौक के पास आंगनबाड़ी।

## सिटी कोतवाली पुलिस ने की छापामारी, अवैध शराब बरामद की

**मनेन्द्रगढ़।** एम सी बी जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ में हाईवे होटल चैनपुर में सिटी कोतवाली पुलिस ने छापामारी करते हुए अवैध शराब बरामद की है । इस मामले में पुलिस ने एक आरोपी को अवैध शराब के साथ हिरासत में लेकर कार्रवाई की है । मामले में 32.280 लीटर मध्य प्रदेश का अंग्रेजी शराब जिसमें रॉयल स्टैग दो पेटी, बियर केन एक पेटी एवं रम अंग्रेजी शराब के चार बोतल मिले कल कीमती 32800 आरोपी आयुष दास पिता अशोक दास उम्र 25 वर्ष सेकंड हाईवे होटल वार्ड नंबर 7 चैनपुर को 34 आबकारी एक्ट में गिरफ्तार किया गया

# श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा गृह संपर्क अभियान

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



प्रातः 10 बजे श्री राम मंदिर अयोध्या से आए अक्षत कलश का पूजन रामगुड़ी पारा स्थित प्राचीन राम मंदिर में किया गया एवं तदपश्चात शोभा यात्रा के साथ कलश को समर्पण कुंज कार्यालय लाया गया। रामगुड़ी पारा से निकल के कलश सर्व प्रथम गाँजा चैक आया जहां पर उसका स्वागत स्थानीय लोगों के द्वारा सह परिवार किया, फिर यह कलश हटरी चौक, हांडी चौक, घड़ी चौक होते हुए सतिगुड़ी चौक पहुंचा, जहां पर इसका स्वागत सह परिवार किया गया, तद पश्चात यह कलश सावित्री नगर पहुँचा, जहां पर इस कलश का स्वागत सभी मातृशक्तियों ने किया। कलश को अपने सिर पर धारण करके नगर की सभी मातृशक्तियों के द्वारा समर्पण कुंज कार्यालय लाया गया। कार्यालय में कलश का सर्व प्रथम शंखनाद के साथ स्वागत किया गया एवं भारत माता के मंदिर में इसे स्थापित करके पूजन किया गया। संघ रचना के अनुसार अब अभिमंत्रित अक्षतों को सभी ग्राम मंडलों एवं बस्तियों में लेजाने के लिए 140 कलश तैयार होंगे। सम्पूर्ण कार्यक्रम में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा गृह संपर्क अभियान समिति के विनोद अग्रवाल, डॉ राजकुमार भारद्वाज, प्रदीप शृंगी, चक्रधर पटेल, अरुण कातोरे, अनुषा कातोरे, आरती तिवारी, भारत लाल साहू, तुषार तिवारी, सुजाता साहू, रिकेश सोनी, तेज सिंह गहलोत, संजय जगवानी, श्लोक चैधरी एवं अन्य बंधु भगिनी उपस्थित रहे।

## चक्रवात की वजह से बदला मौसम का मिजाज, सुबह हुई बारिश

**रायगढ़।** पश्चिमी विक्षोभ के साथ ही चक्रवात के प्रभाव से छत्तीसगढ़ में मौसम का मिजाज बदल गया है और सोमवार से प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों के अलावा रायगढ़ जिले में बारिश के आसार बना हुआ था जिसके तहत सोमवार की रात के अलावा मंगलवार की सुबह रायगढ़ शहर में बारिश भी हुई। बस्तर संभाग के अलावा बिलासपुर संभाग के कुछ जिलों में चक्रवात के असर देखा आने वाले दो दिनों तक देखा जा सकता है। जिसके तहत कुछ जिलों में बारिश होनें की संभावना जताई जा रही है। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि अधिकतम व न्यूनतम तापमान में विशेष बदलाव नहीं होगा। 06 दिसंबर के बाद मौसम खुलते ही न्यूनतम तापमान में गिरावट शुरू होगी।

# बांधापाली में फ्लाई एश का अवैध निपटान, फिर फंसा बेजुबान

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



रायगढ़ जिले के छाल क्षेत्र के बांधापाली के सरकारी जमीन पर अवैध रूप से फ्लाई एश डंप किए जाने के कारण स्थानीय ग्रामीणों में जबरदस्त नाराजगी है। कथित तौर पर टीआरएन कंपनी के द्वारा इस औद्योगिक राख को वहां डाल दिया गया है। इस राख में आए दिन किसानों के मवेशियों के फंसने की घटना सामने आ रही है। बीते रविवार को एक बार फिर इस राख में एक मवेशी बुरी तरह फंस गया। बता दें कि इससे कुछ दिन पहले भी इस जगह पर एक मवेशी धंस गया था। बांधापाली गांव के ग्रामीणों से मिली जानकारी के मुताबिक टीआरएन पावर एनर्जी कंपनी के चारमार भेंगारी स्थित प्लांट द्वारा उत्सर्जित औद्योगिक राख का निपटान धरमजयगढ़ ब्लॉक के छाल क्षेत्र अंतर्गत आने वाले बाँधपाली गांव के शासकीय राजस्व भूमि पर कर दिया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि तमाम नियम कायदों को दरकिनार कर संबंधित ठेकेदार द्वारा क्षेत्रीय ग्रामीणों के विरोध को कुचलते हुए बलात पूर्वक निपटान कर दिया गया है। इसके अलावा संबंधित कंपनी पर्यावरण के नियमों को दरकिनार कर हजारों टन उत्सर्जित धीमी जहर रूपी राख का भंडारण कर अपना और अपनों का स्वार्थ सिद्ध कर रही है। इस फ्लाई एश के ढेर में आये दिन बेजुबान जीव जन्तुओं के दलदल में फसने की सिलसिला जारी है। इस समस्या को लेकर क्षेत्र के ग्रमीणों में आक्रोश व्याप्त है। जो कभी भी फुट कर सामने आ सकता है। ग्रामीणों का कहना है कि जरुरत पड़ने पर एक बार फिर इस समस्या के लिए सड़क पर उतरने के लिए तैयार हैं।

# अक्षत कलश पहुंचा धमतरी, अक्षत कलश शोभा यात्रा मठ मंदिर से घड़ी चौक तक आज निकलेगी



पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

अयोध्या से आए अक्षत कलश प्रांत से होते हुए धमतरी जिले में पहुंच चुका है जिसे खण्डो से होते हुए मंडल एवं गांव तक पहुंचना है जिसका खंड सह वितरण आज 6 दिसंबर बुधवार को होना है जिसमें सभी खण्ड कार्यकारिणी श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र जागरण कार्यकारिणी उपस्थित रहेंगे। सभी धर्म प्रेमी बंधु, बहनों एवं स्वयंसेवकों से अपील किया है कि है कार्यक्रम में भाग लेकर प्रभु श्री राम का आशीर्वाद प्राप्त करें। अक्षत कलश वितरण आज 6 दिसंबर बुधवार को श्री राम जानकी मठ मंदिर चौक धमतरी में सुबह 11 बजे पूजन, अक्षत चावल मिश्रण मंत्रो से अभिमत्रित कार्यक्रम, हवन, यज्ञ, प्रसादी वितरण पश्चात पैदल अक्षत कलश शोभायात्रा मठ मंदिर से घडी चौक तक निकलेगी। उक्त कार्यक्रम में सभी उपस्थिति की अपील श्री राम जन्मभूमि प्रतिष्ठा महोत्सव समिति धमतरी ने की है।

# ग्राम उचरवा में बीते रात तीन घरों को हाथियों ने किया क्षतिग्रस्त



पायनियर संवाददाता ◄ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com

जनपद पंचायत रामचन्द्रपुर के ग्राम उचरवा में बीते रात दो हाथियों ने हमला करते हुए तीन घरों को तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया। उचरवा गांव में बीते रात हाथियों ने धावा बोलने के बाद घरो में मौजूद लोगो ने किसी तरह से अपनी जान बचाकर भागे। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत उचुरवा में बीते सोमवार की रात दो हाथियों ने गांव में हमला करते हुए दशरथ कोरवा,मंदीप कोरवा और कुलदीप कोरवा के घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया। घर में मौजूद लोग किसी तरह अपनी जान बचाकर भागने में कामयाब रहे। घरों के साथ साथ फसलों को भी नुकसान पहुंचा रहे है। वन विभाग की माने तो गांव के किनारे के जंगल में हाथी मौजूद है हाथी से बचाव के लिए ग्रामीणों को समझाइए देते हुए जंगल की ओर जाने से सख्त हिदायत दी गई है ताकि जान माल का खतरा न हो सके।

# शासकीय महाविद्यालय दुलदुला में तनाव प्रबंधन पर एक दिवसीय कार्यक्रम हुआ आयोजित

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com




राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत आज दुलदुला के शासकीय महाविद्यालय शासकीय अस्पताल जशपुर के मनोचिकित्सक डॉक्टर अबरार खान एवं टीम द्वारा तनाव प्रबंधन पर एक दिवसीय परिचर्चा का आयोजन किया गया। जिसमें डॉक्टर खान द्वारा विद्यार्थियों को तनाव मुक्त जीवन रहने के लिए जीवन शैली, खानपान, मादक पदार्थों से दूरी, शारीरिक गतिविधि एवं मानसिक तर्क युक्त व्यायाम को प्राथमिकता के लिए सुझाव दिया गया। इस कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य निशि एक्का, प्राध्यापक गण , नॉन टीचिंग स्टाफ एवं बहुत संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पत्थलगांव में स्कूली बच्चों को दी गई राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के बारे में जानकारी



**जशपुरनगर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पत्थलगांव में खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ जेम्स मिंज द्वारा स्कूली बच्चों को राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम एवं अन्य राष्ट्रीय कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही अस्पताल के सभी विभागों का भ्रमण कर कार्यशैली के बारे में भी बताया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में बीपीएम, बीडीएम, आर के एस के काउंसलर और स्कूल के शिक्षकगण उपस्थित थे।

# जिले में पशुओं को खुरहा-चपका रोग से बचने के लिए विशेष टीकाकरण अभियान प्रारंभ

- पशु विभाग के 57 दलों द्वारा टीकाकरण कार्य 15 जनवरी 2024 तक किया जाएगा

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



जिले में पशुओं को खुरहा-चपका रोग से बचने के लिए विशेष टीकाकरण अभियान 01 दिसम्बर 2023 से 15 जनवरी 2024 तक किया जा रहा है। उप संचालक पशु चिकित्सा सेवायें से प्राप्त जानकारी अनुसार विभाग के 57 दलों द्वारा टीकाकरण कार्य संपन्न किया जाएगा। जिले को 4,66,453 का लक्ष्य प्राप्त है, जिसमें समस्त गौवंशीय एवं भैसवंशीय पशुओं का एफ एम. डी. टीकाकरण किया जा रहा है। मुंहपका खुरपका रोग खुर / दो खुरों वाले पशुओं जैसे गाय, भैंस, भेंड़, बकरी, हिरन, सुअर तथा अन्य जंगली पशुओं में होने वाला एक अत्यंत संक्रामक एवं घातक विषाणु जनित वायुकोशीय रोग है। गायों और भैंसों को खुरपका रोग काफी प्रभावित करता है। यह काफी तेजी से फैलने वाली एक संक्रामक बीमारी है। इसे प्रभावित होने वाले जानवर में अत्याधिक तेज बुखार के साथ मुँह और खुरों पर छाले और घाव बन जाते है । रोग के असर के कारण कुछ जानवर स्थायी रूप से लंगड़ें भी हो सकते है। जिस कारण वे खेती में इस्तेमाल के लायक नहीं रह जाते। इसका संक्रमण होने के कारण गायों का गर्भपात हो सकता है, और कार्य भी बाधित हो जातें है। ऐसे में इस बीमारी का कोई निश्चित उपचार नही है, इसका बचाव ही इसका उपचार है। डॉ. ए. के. मरकाम, उप संचालक पशु चिकित्सा सेवायें जिला जशपुर ने जानकारी दी है कि इस रोग का कोई निश्चित उपधार नही है, टीकाकरण ही इस बीमारी से बचाव के लिए सर्वोत्तम है। सभी पशु पालकों को अपने पशुओं को एफ एम. डी. टीका लगवाने का आग्रह किया है। रोग से ग्रसित हो जाने पर पशुओं को पशु चिकित्सक के परामर्श पर दवा देने चाहिए।

## जिले के 6 हितग्राहियों को घरेलू कनेक्शन प्रदान किया गया

# बालोद में दिख रहा सत्ता परिवर्तन का असर, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना का सफल क्रियान्वयन प्रारंभ

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com





सत्ता परिवर्तन का असर जिले में देखने मिल रहा हैं। जिला प्रशासन ने केंद्र की मोदी सरकार की योजनाओं की योजनाओं की समीक्षा कर उनका क्रियान्वयन करने अधिकारियों को दिए हैं। जहां कांग्रेस की 5 साल के सरकार में केंद्र की योजनाएं जिले में दम तोड़ती रही है। वही भाजपा सरकार आते ही, योजनाओं की समीक्षा की जा रही है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार बालोद जिले में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना का सफल क्रियान्वयन प्रारंभ हो गया है। जिला खाद्य अधिकारी तुलसी ठाकुर ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत मंगलवार को जिले के अलग-अलग विकासखण्डों के कुल 6 हितग्राहियों को घरेलू कनेक्शन प्रदान किया गया है। इसके अंतर्गत जिले के डौंडी ब्लॉक के पूर्णिमा बाई, पति तिहारू राम वार्ड नं 04 एवं शांति निषाद, पति डोमेन्द्र निषाद वार्ड नं 24, दल्लीराजहरा को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना अंतर्गत घरेलू कनेक्शन प्रदाय किया गया। इसी तरह जिला मुख्यालय बालोद के वार्ड नंबर 09 निवासी उज्ज्वला योगी एवं अन्नपूर्णा योगी तथा गुण्डरदेही ब्लॉक के ग्राम बघेली निवासी फमेश बाई पति शत्रुघन लाल एवं डौण्डीलोहारा ब्लॉक के ग्राम कोबा निवासी नंदिनी बाई को घरेलू सिलेण्डर प्रदान किया गया।

### 76,806 गरीब परिवारों को प्रदाय किया गया घरेलू सिलेंडर

उल्लेखनीय है कि इस योजना के तहत परिवार के महिला मुखिया जिनके पास पूर्व से घरेलू कनेक्शन नहीं है उनके नाम पर गैस कनेक्शन के तहत् 01 नग भरा सिलेन्डर, डबल बर्नर स्टील चूल्हा, 01 नग रेगुलेटर एवं पाईप प्रदान किया जा रहा है। जिला खाद्य अधिकारी तुलसी ठाकुर ने बताया कि पेट्रोलियम एवं एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत वर्ष 2016-17 से 2018-19 तक जिले के 76 हजार 806 गरीब वर्ग के परिवारों को मात्र 200 रूपये पंजीयन शुल्क पर प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजनातर्गत घरेलू सिलेन्डर प्रदाय किया गया है।

### महिला मुखिया के नाम पर करना होगा आवेंदन

जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि इस योजना के तहत गरीबी रेखा के बीपीएल सूची में सम्मिलित 7 अपवंचन सूचकांको में सम्मिलित परिवार, अन्त्योदय अन्न योजना के तहत् राशनकार्डधारी परिवार, अनुसूचित जाति एवं जनजाति तथा अन्य पिछडा वर्ग के प्राथमिकता राशनकार्डधारी परिवार, प्रधानमंत्री आवास योजनातर्गत पात्र हितग्राही परिवार, वन अधिकार पट्टा प्राप्त परिवारों को लाभान्वित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस श्रेणी के हितग्राहियों को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना का लाभ लेने हेतु निर्धारित प्रारूप में आवेदन, परिवार के 18 या 18 वर्ष से अधिक उम्र के सभी सदस्यों का आधार कार्ड की छायाप्रति, महिला मुखिया जिसके नाम पर आवेदन किया जा रहा है। उसका बैंक खाता की छायाप्रति, राशनकार्ड की छायाप्रति के साथ आवेदन किया जाना है।

# आधुनिकीकरण कार्य के लिए छग एक्सप्रेस 15 दिन के लिए रहेगी रद्द

पायनियर संवाददाता ◄ कोरबा
www.dailypioneer.com



एक बार फिर गाडियों की गति तेज करने के बहाने यात्री ट्रेनों को पटरी से बाहर करने की तैयारी शुरू हो गई है। आवश्यक तकनीकी कार्यो के हवाले कुल 29 ट्रेनों का परिचालन आगामी दिनों में प्रभावित किया जाएगा। इनमें कोरबा से चलने वाली एक जोड़ी ट्रेन भी शामिल है, जिसे एक-दो या तीन दिन नहीं, बल्कि पूरे 15 दिनों के लिए रद कर दी जाएगी। वर्ष 2024 के गणतंत्र दिवस के दौरान कोरबा से अमृतसर के बीच चलने वाली छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस 15 दिन के लिए पटरी से गायब रहेगी और इसकी सुविधा यात्रियों को नहीं मिल सकेगी।उत्तर मध्य रेलवे के आगरा रेल मंडल में मथुरा यार्ड का आधुनिकीकरण का कार्य किया जाना है। इस कार्य के फलस्वरुप बड़ी संख्या में यात्री गाडियों का परिचालन प्रभावित किया जाएगा। रेलवे प्रशासन द्वारा अधोसंरचना विकास के लिए उत्तर मध्य रेलवे के आगरा रेल मंडल के पलवल-मथुरा सेक्शन में मथुरा यार्ड का आधुनिकीकरण का कार्य किया जाएगा। यह कार्य इसी माह 27 नवंबर से शुरू होगा और 23 मार्च तक किया जाएगा। इस कार्य के पूर्ण होते ही ट्रेनों की समयबद्धता व गति में तेजी होने की बात कही जा रही है।

# जलवायु परिवर्तन कॉप 28

**जलवायु परिवर्तन** से निपटने के लिए आयोजित कॉप 28 ने विकसित देशों द्वारा विकासशील देशों की सहायता का मार्ग खोला है। संयुक्त अरब अमीरात-यूएई के दुबई में दुनिया भर के नेता विश्व जलवायु कार्य सम्मेलन-कॉप 28 में भाग ले रहे हैं जिसकी शुरुआत 30 नवंबर से हुई थी। यह सम्मेलन राज्यों व सरकार प्रमुखों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। इसमें वे प्रमुख जलवायु संबंधी निर्णयों को स्पष्ट कार्रवाई व विश्वसनीय योजना में बदलने के संकेत देते हैं। शेख मुहम्मद बिन जायद अल नाहयान, संयुक्त राष्ट्रसंघ महासचिव एंटोनियो गुटरेस तथा राजा चार्ल्स-तृतीय ने उद्घाटन समारोह में अपनी बात रखी। 12 दिनों तक दुनिया भर के नेता जलवायु परिवर्तन की विभीषिका पर चर्चा करेंगे क्योंकि अब तक हुई प्रगति के साथ भावी चुनौतियों पर चर्चा करना महत्वपूर्ण है। कॉप 28 के प्रमुख नतीजे और जलवायु परिवर्तन के लिए उठाए जाने वाले कदम बहुत शानदार नहीं हैं।

पर कुछ प्रगति जरूर हुई है। कॉप 28 के पहले दिन सभी पक्षों ने एकजुट होकर 'लॉस एंड डैमेज फंड' को सक्रिय बनाने तथा इसके लिए धन जुटाने पर सहमति जताई। अनेक देशों ने फंड में धन देने की घोषणा की और यह धनराशि लगभग 300 मिलियन डालर तक पहुंच गई। सम्मेलन में देशों ने पेरिस समझौते के लक्ष्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता पुनः रेखांकित की। विभिन्न पक्षों ने ग्लोबल वार्मिंग को पूर्व-औद्योगिक काल से 2 डिग्री सेंटीग्रेड अधिक की सीमा में रखने तथा इसे 1.5 डिग्री सेंटीग्रेड की सीमा में लाने की प्रतिबद्धता प्रकट की। यह प्रतिबद्धता जलवायु परिवर्तन के सर्वाधिक गंभीर प्रभावों से बचने के लिए जरूरी है। सौभाग्य से विकसित व विकासशील देशों ने जलवायु परिवर्तन पर नियंत्रण की आवश्यकता समझी है। सुनिश्चित फंडिंग के साथ अनेक योजनायें अब क्रियान्वित की जा सकती हैं जिनसे कार्बन उत्सर्जन घटाने में काफी सहायता मिलेगी। इनमें ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन घटाने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य, नवीकरणीय ऊर्जा क्षमताओं में वृद्धि तथा टिकाऊ विकास को प्रोत्साहन शामिल हैं। इस सम्मेलन को 'जलवायु कार्रवाई' में फंडिंग के लिए याद किया जाएगा जिसे पहले ही दिन सुनिश्चित किया गया।

विकसित देशों ने विकासशील देशों की ज्यादा वित्तीय सहायता का आश्वासन दिया ताकि वे जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से निपट सकें और स्वयं को कम-कार्बन वाली अर्थव्यवस्थाओं में बदल सकें। वित्तीय प्रतिबद्धताओं का उद्देश्य विकसित और विकासशील देशों के बीच खाई कम कर साझा जिम्मेदारी स्वीकार करना है। सम्मेलन ने खोज तथा तकनीक हस्तांतरण पर जोर दिया है। चूंकि, कॉप 28 ने प्रकृति आधारित समाधानों के महत्व पर जोर दिया है, इसलिए इसमें वनों, आर्द्र भूमि तथा अन्य परिस्थितिकी तंत्रों की भूमिका पर ध्यान दिया गया जो जलवायु परिवर्तन के प्रति मजबूती पैदा कर सकते हैं। भूमि के टिकाऊ प्रयोग तथा संरक्षण व्यवहारों को प्रोत्साहित करने की पहलें शुरू की गई हैं।

हालांकि, कॉप 28 ने थोड़ी प्रगति की है, पर इसके समक्ष चुनौतियां बनी हुई हैं। कॉप 28 को अपनी समाप्ति तक कुछ महत्वपूर्ण परिणाम अवश्य प्राप्त करने चाहिए। यह केवल पर्यावरण का मुद्दा न होकर अनेक विकासशील देशों के जीवन का सवाल भी है क्योंकि समुद्रों का जलस्तर बढ़ने या सूखे और बाढ़ के कारण उनकी कृषि व्यवस्था पूरी तरह नष्ट हो सकती है। जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए फौरन कार्रवाई करना जरूरी हो गया है, नहीं तो हमारा अस्तित्व खतरे में पड़ जाएगा।

# म्यांमार में जन-विद्रोह की सफलता

## म्यांमार में वर्तमान जन-विद्रोह की लगातार बढ़ती सफलता से एक बार फिर स्पष्ट हो गया है कि वहां सैनिक शासन अंततः समाप्त होगा। भारत को ऐसे में चीन का प्रभाव सीमित करने के लिए विकल्पों पर विचार करना चाहिए।



हिरण्यमय कार्लेकर
(लेखक, द पायनियर के सलाहकार संपादक हैं)



म्यांमार में सैनिक शासन के खिलाफ वर्तमान जन-विद्रोह लगातार तेज होता जा रहा है। प्रतिरोधी समूहों के गठबंधन की आक्रामक कार्रवाई 27 अक्टूबर को सवेरे शुरू हुई थी जिसने म्यांमार के सत्तारूढ़ सैनिक शासकों को गंभीर मुसीबत में डाल दिया है। सैनिक शासन के मीडिया मुखपत्र 'ग्लोबल न्यू लाइट आफ म्यांमार' में प्रकाशित रिपोर्टों से वहां की भयावह स्थितियों का पता चलता है। हाल ही में प्रकाशित एक रिपोर्ट में बताया गया है कि कार्यकारी राष्ट्रपति मिंट स्वे ने हाल ही में म्यांमार की रक्षा परिषद को बताया कि देश एक संकटपूर्ण स्थिति में है। यदि सेना प्रभावी रूप से विद्रोही समूहों के खिलफ कार्रवाई करने में विफल रहती है तो देश विभाजित हो सकता है। विद्रोह समूह लगातार हमले कर रहे हैं जो व्यापक जन-प्रतिरोध का हिस्सा है। यह आक्रामक कार्रवाई 'द थ्री ब्रदरहुड एलायंस' या संक्षेप में ब्रदरहुड एलायंस द्वारा शुरू की गई है। इसमें नस्ली राखीन सशस्त्र समूह, अराकान सेना-एए, तथा पालुंग की सशस्त्र शाखा नेशनल लिबरेशन आर्मी-टीएनएलए शामिल हैं। 'पालुंग' वास्तव में तांग नस्ली अल्पसंख्यक समूह का बर्मी नाम है। इसके साथ ही एलायंस में म्यांमार नेशनल डेमोक्रेटिक एलायंस आर्मी-एमएनडीएए भी शामिल है जो उत्तरी शान राज्य के कोकांग विशेष क्षेत्र में सक्रिय है।

ब्रदरहुड एलायंस की सेना ने विद्रोह में महत्वपूर्ण उपलब्धियां प्राप्त की हैं। उसने उत्तरी शान, काचिन और राखीन राज्यों में तथा सागैंग व मांडले क्षेत्रों के पहाड़ी क्षेत्रों में अनेक सैनिक अड्डों पर कब्जा कर लिया है। वेबसाइट 'द इरावडी' के अनुसार, सेना के खिलाफ अनेक विद्रोही समूह सक्रिय हैं। इनमें पीपुल्स डिफेंस फोर्स-पीडीएफ, विपक्षी नेशनल यूनिटी सरकार-एनयूजी की सैनिक शाखा, करेनी नेशनलिटीज़ डिफेंस फोर्स-केएनडीएफ तथा देश के एक सर्वाधिक शक्तिशाली हथियारबंद नस्ली संगठन द काचिन इंडिपेंडेंस आर्मी-केआईए शामिल है। केआईए ब्रदरहुड एलायंस की सशस्त्र सैनिक गतिविधियों का समन्वय करती है। ब्रदरहुड एलायंस ने सैनिक शासन के 224 अड्डों तथा उत्तरी शान राज्य में 7 कस्बों पर कब्जा कर लिया है। ब्रदरहुड एलायंस के कब्जे वाले क्षेत्रों में प्रमुख म्यांमार-चीन व्यापार मार्ग पर स्थिति कई रणनीतिक केन्द्र भी शामिल हैं। काचिन इंडिपेंडेंस आर्मी-केआईए तथा एलायंस के प्रतिरोधी बलों का अब चिन शिउ हा पर पूरा नियंत्रण है जो चीनी सीमा पर महत्वपूर्ण व्यापार केन्द्र है। इसके साथ ही एक अन्य रणनीतिक कस्ब सेनी पर उनका कब्जा है। इसके साथ ही शिउ हा व्यापार मार्गों के जुड़ने वाले स्थानों पर स्थित लाशियो-मूस व लाशियो चिन पर उनका कब्जा है।

इसके अलावा चीन सीमा पर मूस कस्बे में एक व्यापार गेट किन सान क्यात पर भी कब्जा करने में वे सफल हुए हैं। चिन नेशनल आर्मी तथा अन्य चिन प्रतिरोधी समूहों ने भारतीय सीमा पर स्थित फाला कस्बे में रेह खा डा पर कब्जा कर लिया है। सैगांग क्षेत्र में खंपात तथा चिन राज्य में रिखवादर और लाईडेनपी पर भी सैनिक शासक के विद्रोहियों ने कब्जा कर लिया है। सैनिक शासन के खिलाफ विद्रोहियों ने आपरेशन 1027 शुरू किया है। इस आपरेशन से समन्वय करते हुए करेनी सेना, करेनी नेशनल पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट-केएनपीएलएफ, केएनडीएफ व पीडीएफ ने संयुक्त रूप से एक और आक्रामक अभियान-आपरेशन 11 शुरू किया है। 11 नवंबर को सैनिक शासक के 20 से अधिक अड्डों पर कब्जा करने के बाद विद्रोहियों ने क्या राज्य की चौकियों, लोइका व डेमोसो कस्बों तथा दखिणी शाान राज्य के निकटवर्ती पेकोन कस्बे पर भी कब्जा कर लिया है। उन्होंने लेशियो-चिन शा हा रोड पर स्थिति रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण कुनलोंग कस्बे पर भी कब्जा कर लिया है। इसे कोकांग क्षेत्र का प्रवेशद्वार माना जाता है। प्रतिरोधी समूहों ने म्यांमार के अनेक रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण मार्गों पर आवागमन बंद करने में सफलता पाई है। इनमें शान राज्य से गुजरने वाले मांडले-लेशियो मूस व मांडले-लेशियो-चिन शा हा सड़कें शामिल हैं। सैनिक शासक के खिलाफ सक्रिय विद्रोही समूहों का चीन की सीमा पर स्थिति अनेक व्यापार मार्गों पर भी कब्जा हो गया है।

म्यांमार की सेना को वैसे तो 'टटमाडा' कहा जाता था, पर अब इसे 'सिट-टैट' कहना ज्यादा उचित होगा क्योंकि यह विद्रोहियों का वर्तमान सैनिक अभियान शुरू होने के बाद से लगातार रक्षात्मक रूप से पीछे हट रही है। म्यांमार की जनता तथा सशस्त्र बलों के शक्तिशाली विद्रोह के कारण सरकारी सेना में सैनिक हतोत्साहित हैं और उनमें से काफी लगातार सेना छोड़ कर भाग रहे हैं। 4 मई, 2023 को ये मायो हेन ने कहा कि 'वर्तमान समय में सेना में लगभग 150,000 कर्मचारी हैं जिनमें से लगभग 70,000 युद्ध में भाग लेने वाले सैनिक हैं। सेना के कम से कम 21,000 सैनिक विभिन्न सैनिक कार्रवाइयों में हताहत हुए हैं, सेना छोड़ कर भाग गए हैं या विद्रोह शुरू होने के बाद विद्रोही सैनिक बलों के साथ शामिल हो गए हैं। इतने कम सैनिकों के कारण म्यांमार की सरकारी सेना या सिट-टैट बहुत मुश्किल से स्वयं को लड़ाकू बल बनाए रखने का प्रयास कर रही है। ऐसे में वह सरकार के रूप में पूर्णतः निष्प्रभावी हो गई है।'

इस रिपोर्ट को 'युनाइटेड स्टेट इंस्टीट्यूट फार पीस' ने महत्वपूर्ण स्थान दिया है। म्यांमार के सैनिक शासन की कतारों में भी मतभेद और असंतोष व्यापक रूप से फैल रहा है। इन मतभेदों के चलते अनेक तीन-सितारा जनरलों को हटा दिया गया है। सरकारी सेना में शामिल अनेक युवा सैनिक अधिकारी इस बात से बहुत अप्रसन्न व असंतुष्ट हैं कि लगभग पूरा देश उनके खिलाफ उठ खड़ा हुआ है। ये मायो हेन की रिपोर्ट व्यापक रूप से प्रसारित होने के बाद तथा खासकर वर्तमान विद्रोही आपरेशन तेज होने के पश्चात म्यांमार की सरकारी सेना में हताहतों की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है। खबरों के अनुसार, सैनिक शासकों की सेना के सैकड़ों सैनिक मारे जा चुके हैं। हालांकि, सैनिक शासक हताहत सैनिकों के बारे में विश्वसनीय आंकड़े नहीं देते हैं, लेकिन अनेक तथ्यों से इसका खुलासा होता है। 99वीं लाइट इन्फैंट्री डिवीजन के कमांडर कर्नल आंग क्या ल्विन मारे गए थे। इसी प्रकार 2021 में विद्रोह शुरू होने के फौरन बार फर्स्ट डिवीजनल कमांडर भी मारे गए थे। हाल ही में एक ड्रोन हमले में सिट-टैट के लाइलेनपी अड्डे पर मारे गए मेजर सो विन हित्के का मामला महत्वपूर्ण है जो सेकेन्ड-इन-कमांड थे। वर्तमान समय में सैनिक शासक के खिलाफ स्थितियां तेजी से बदल रही हैं।

हालांकि, उसके पास अनेक टैंक, बख्तरबंद गाड़ियां, तोपखाना और वायुसेना है, लेकिन नस्ली बलों के प्रभुत्व वाले क्षेत्रों में टैंकों की तैनाती बहुत कठिन है। घने जंगलों वाले पहाड़ी क्षेत्रों, गहरे नालों और खड़ी ढलानों के कारण ये क्षेत्र छापामार युद्ध के लिए आदर्श हैं। यह भी स्पष्ट है कि भारी हथियारों और प्रशिक्षित तोपखाने के समर्थन के बावजूद हवाईहमलों और तोपखानों से युद्ध नहीं जीते जा सकते हैं। यदि ऐसा होता तो अमेरिका वियतनाम पर विजय प्राप्त कर लेता। म्यांमार में तेजी से बदलती स्थितियों से अब पूर्णतः स्पष्ट हो गया है कि सैनिक शासक का स्थान इतिहास के कूड़ेदान में है। भले ही यह फौरन संभव न हो, पर अनेक लोगों की सोच से बहुत जल्दी होगा। ऐसे में भारत को अपने विकल्पों पर विचार करना चाहिए।

बीजिंग का नस्ली लड़ाकुओं से निकट संबंध है और कुछ लोगों को संदेह है कि चीन ही म्यांमार में सैनिक शासन के खिलाफ विद्रोह को हवा दे रहा है। ऐसे में म्यांमार में चीन का प्रभाव सीमित करना होगा। पूर्वोत्तर में भारत की सुरक्षा चिन्तायें गंभीर हैं और प्रमुखतः इसी कारण उसने म्यांमार में सैनिक शासक के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध बनाए रखे थे। भारत की सीमा से सटे म्यांमार के अनेक क्षेत्रों में नस्ली विद्रोही समूह लगातार शक्तिशाली होते जा रहे हैं। इनके दबाव में भारत में म्यांमार के अनेक सरकारी सैनिकों के आने की खबरें भी प्रकाशित हुई हैं जिनको वापस भेज दिया गया था। ऐसे में भारत को एनयूजी के साथ निकट सहयोग करने तथा नस्ली बलों से संबंध बनाने के प्रयास करने चाहिए।

# आवारा कुत्तों के लिए 'आपरेशन फिरकी'

"सरकार को कुत्तों की नसबंदी के लिए सस्ते, गैर-सर्जिकल विकल्प तलाशने के लिए अनुसंधान का समर्थन करना चाहिए"

जगदीश कौर
(लेखिका, सार्वजनिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ हैं)



वर्ष 2021 की एक धुंध भरी सर्दियों की सुबह, मैं दक्षिण दिल्ली कॉलोनी में अपने आवास के फ्रंट-लेन पार्किंग क्षेत्र में एक हंगामे की ओर आकर्षित हुआ। रात में कहीं से एक मादा कुत्ता आ गया और उसने बच्चा पैदा कर दिया। आस-पास के लोग मां को खाना खिलाने और परिवार को कड़ाके की ठंड के मौसम में आराम पहुंचाने के लिए सभी साधनों के साथ दिखाई दिए।

माता ने समीपवर्ती क्षेत्र को ही अपना स्थायी निवास स्थान बना लिया। वह बहुत डरी हुई आवारा थी और खाने के पास भी तभी आती थी जब उसे पूरा यकीन हो जाता था कि आसपास कोई नहीं है। उसकी तेज चाल को देखते हुए मैंने उसका नाम फिरकी रखा और वह हर जगह इसी नाम से जानी जाती है। छह पिल्लों में से एक को तेज रफ्तार कार ने कुचल दिया और दूसरा बाइक से घायल हो गया। उचित समय पर, हमने पांच पिल्लों को गोद लेने की व्यवस्था की।

आगे प्रजनन रोकने के लिए फिरकी की नसबंदी कराने की कोशिशें शुरू हो गईं। उसके नाम के अनुरूप, उसे पकड़ना एक कठिन काम था। एमसीडी से बार-बार अनुरोध करने के बाद, वे चौथे प्रयास में उसे पकड़ने में सफल रहे। एक बड़ी राहत की सांस ली जो ज्यादा समय तक नहीं टिकी क्योंकि 3 दिनों के बाद उसे यह बहाना बनाकर वापस छोड़ दिया गया कि उसका रक्त परीक्षण असामान्य था। वह खोया हुआ अवसर था क्योंकि वह अभी भी स्वतंत्र है, दूसरे और तीसरे बच्चे में से तीन जीवित कुत्तों के साथ तीन और बच्चों को जन्म देने में कामयाब रही। हम कड़ी मेहनत से दूसरे कूड़े को नसबंदी के लिए उठाने में कामयाब रहे और कुछ महीनों के बाद पता चला कि उन्हें भी बिना किसी सर्जरी (अज्ञात कारणों से) के बिना वापस छोड़ दिया गया था।

फिरकी समय के साथ होशियार हो गई है, वह दिन में अपने परिवार के साथ बड़े नाले में



छिपती है और केवल सुबह और रात में भोजन के लिए बाहर आती है। अतिउत्साही निवासियों ने आस-पास के दर्जनों आवारा जानवरों के लिए कुत्तों को खाना खिलाने की व्यवस्था की है और यह भी सुनिश्चित किया है कि उन्हें अपने घरों से ही भोजन मिलता रहे। दक्षिणी दिल्ली एमसीडी कार्यालय में बार-बार कॉल और दौरे, पशुचिकित्सक से व्यक्तिगत अनुरोध, वरिष्ठ एमसीडी अधिकारियों को टैग करने वाले सोशल मीडिया पोस्ट और आरडब्ल्यूए को संदेश फिरकी को पकड़ने में सफल नहीं हुए। कई बार, जब हम फ़िरकी को घेरने और एमसीडी टीम को सूचित करने में कामयाब रहे, तो उनका दृष्टिकोण बहुत ही आकस्मिक और दयनीय था जिसके परिणामस्वरूप प्रयास विफल हो गए।

एक निजी पशुचिकित्सक की सलाह पर, मैं उसे बेहोश करने में कामयाब रहा लेकिन प्रयास फिर से विफल रहा। मेरी हताशा और लाचारी की कोई सीमा नहीं थी, यहां तक कि उसे पकड़ने के लिए 10,000 रुपये के इनाम की घोषणा भी कर दी गई। इसके बाद कुत्ते पकड़ने वालों, कॉलोनी के गार्डों, कचरा बीनने वालों, सफाईकर्मियों और कुछ गैर सरकारी संगठनों ने पकड़ने का प्रयास किया लेकिन फिरकी हर प्रयास से बच गया। हमने आस-पास के क्षेत्र में नर कुत्तों की भी नसबंदी करवाई, लेकिन वहां हमेशा कोई न कोई कुत्ता रहता था, जो संभोग करता था, जिसके परिणामस्वरूप एक नया कूड़ा पैदा होता था। तो, गली के आवारा कुत्तों से मुक्त हिस्से से, अब हमारे पास हर जगह सात कुत्ते हैं, जो रात भर वाहनों का पीछा करते हैं और भौंकते हैं। भारत में स्थानिक रेबीज की उच्च घटनाओं में मानव बस्तियों के बीच बिना टीकाकरण वाले फ्री-रोमिंग कुत्तों (एफआरडी) या सड़क कुत्तों की उपस्थिति एक प्रमुख योगदानकर्ता है। सुबह की सैर करने वालों, साइकिल चालकों और दोपहिया सवारों का पीछा करने वाले आवारा कुत्तों के कारण अनगिनत मौकों पर निर्दोष व्यक्तियों को गंभीर चोटें आई हैं और उनकी मौत हुई है। भारत में राष्ट्रीय रेबीज़ नियंत्रण कार्यक्रम एक दशक से अधिक समय से कार्यान्वयनाधीन है। 2030 तक भारत से कुत्तों की मध्यस्थता से रेबीज उन्मूलन के लिए राष्ट्रीय कार्य योजना विभिन्न हितधारकों द्वारा संयुक्त रूप से कार्यान्वित की जा रही है। दुनिया भर में सफल रेबीज़ नियंत्रण कार्यक्रम लागू किए गए हैं, जो दर्शाता है कि उन्मूलन तकनीकी रूप से संभव है। पश्चिमी यूरोप, कनाडा, संयुक्त राज्य अमेरिका, जापान और कुछ लैटिन अमेरिकी देशों से कुत्ते-मध्यस्थ रेबीज़ को समाप्त कर दिया गया है। यहां तक कि उप-सहारा अफ्रीका और एशिया के क्षेत्रों जैसे कम आय वाले देश भी बड़े पैमाने पर कुत्ते टीकाकरण रणनीति द्वारा बोझ को काफी कम करने में सक्षम हैं। गैर-सर्जिकल तरीके अतीत में मौजूद रहे हैं, हालांकि, संबंधित हितधारकों के बीच इच्छाशक्ति और समन्वय की कमी, अनुसंधान की कमी, लागत-प्रभावशीलता और बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार सहित अन्य कारणों से उन्हें व्यापक रूप से नहीं अपनाया गया है।

संबंधित भागीदार एजेंसियों के बीच स्वामित्व और बेहतर समन्वय सहित अधिक ठोस प्रयासों की आवश्यकता है। इसके अलावा, सरकार को कुत्ते की नसबंदी के लिए सस्ते, गैर-सर्जिकल विकल्प तलाशने के लिए अनुसंधान का समर्थन करना चाहिए। आरडब्ल्यूए को अधिक संवेदनशील होना चाहिए और आवारा कुत्तों की गिनती की निगरानी और एंटी-रेबीज टीकाकरण में मदद करनी चाहिए।

# आप की बात

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।
www.dailypioneer.com

## वायु प्रदूषण का मुद्दा

**सभी** जानते हैं कि धर्म, जाति, दाल-रोटी से लेकर फ्री गैस, बिजली व मोबाइल से लेकर जनता को खुश करने के अनेक मुद्दे हाल ही में पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनावो के केंद्र में रहे। लेकिन जीवन के लिए सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा जिसके बिना जीवन असंभव है, यानी कि साफहवा की चर्चा किसी भी राजनीतिक दल की रैली अथवा वक्तव्य में नहीं दिखी, जबकि सालों से समाचार पत्रों और समाचार चैनलों के माध्यम से प्रदूषण की खबरें चर्चा में बनी रहती है। प्रदूषण का स्तर खतरनाक रूप से बढ़ रहा है। ब्रिटिश मेडिकल जर्नल की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में प्रतिवर्ष 21 लाख 80 हजार लोगो को वायु प्रदूषण के कारण अपना जीवन गंवाना पड़ता है। अगर हम आने वाली नस्लों को स्वस्थ और दीर्घजीवी देखना चाहते है तो वायु प्रदूषण के प्रति सर्वप्रथम प्रत्येक नागरिक को जागरूक होना होगा। इसके साथ ही राजनीतिक दलों को न केवल पर्यावरण को चुनावी मुद्दा बनाना होगा, बल्कि सत्ता में आने के बाद पर्यावरण संरक्षण की दिशा में समुचित कार्रवाई भी सुनिश्चित करनी होगी।

– **सुनील**, मेरठ

## स्वागत योग्य कदम

**निसंदेह** यह एक स्वागत योग्य कदम है की सरकार ने 81.35 करोड़ गरीब लोगों के लिए अगले 5 वर्षों के लिए हर महीने मुफ्त पांच किलो खाद्यान देने का निर्णय लिया है। यह भी प्रशंशनीय है कि वन कार्ड वन नेशन स्कीम के तहत गरीब जनता देश के किसी भी कोने से अपना राशन ले सकती है। यह स्थिति प्रवासी कामगारों के लिए बहुत अच्छी है। सरकार को इसके साथ ही देश के गरीब किसानों को फसल विविधीकरण के लिए प्रेरित करना चाहिए ताकि दो हेक्टर से कम जमीन वाले 80 प्रतिशत किसान लाभान्वित हों। इसके अलावा देश के अधिकाधिक युवाओं को ऐसा कौशल प्रशिक्षण दिया जाए जिससे वह आत्मनिर्भर हो सके या उसे नौकरी मिल सके। मोदी सरकार ने अपनी सभी जन-कल्याणकारी योजनायें सभी लोगों तक पहुंचाने के लिए व्यापक अभियान शुरू किया है। इसमें राजनेताओं व सरकारी तंत्र का व्यापकतम उपयोग करने का इरादा है। देखना होगा कि यह विकसित भारत अभियान वास्तव में कितने लोगों तक केन्द्र व राज्यों की सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचा पाता है।

– **बाल गोविंद**, नोएडा

## भारत की आर्थिक प्रगति

**जब** रूस-यूक्रेन युद्ध और इजरायल-हमास युद्ध के चलते दुनिया भर की अर्थव्यवस्थाएं डगमगा रही है, ऐसे में भारत की जीडीपी वृद्धि दर 7 प्रतिशत से ऊपर होना हर्ष की बात है। यह रेटिंग एजेंसी क्रिसिल व स्वयं रिजर्व बैंक के अनुमानों से अधिक है। भारत में जीएसटी से कर संग्रह भी रिकार्ड स्तर पर बना हुआ है। इन आंकड़ों के साथ भारत दुनिया की सबसे तेज प्रगति करने वाली अर्थव्यवस्था बना हुआ है। इसके बावजूद आर्थिक असमानता बनी हुई है तथा अनेक आर्थिक विश्लेषकों के अनुसार, निम्न मध्यम वर्ग को इस वृद्धि का पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा है। खुशी की बात है कि मुफ्त राशन योजना आदि से सबसे गरीब वर्ग का तो ध्यान रखा जा रहा है। मगर उससे ठीक ऊपर वाले स्तर पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए। निम्न मध्यम वर्ग के लिए भी राहतें देने वाली व्यवस्था होनी चाहिए। इसके साथ ही कम से कम नौकरीपेशा वर्ग अपनी टैक्स जिम्मेदारियां पूरी करता है। उम्मीद करनी चाहिए कि मोदी सरकार के अंतिम बजट में करदाताओं समेत निम्न मध्य वर्ग को देश की आर्थिक प्रगति के लाभ पहुचांने की दिशा में समुचित कदम जरूर उठाए जाएंगे।

– **सुभाष बुड़ावन वाला**, रतलाम

# विधानसभा चुनाव में 'विभीषण' बने नेताओं पर अब गिरेगी गाज


रायपुर, मंगलवार 05 दिसम्बर 2023
www.dailypioneer.com
पायनियर

भाजपा के हार का कारण : भीतरघात, अंतर्कलह, गुटबाजी

पायनियर संवाददाता ‹ बालोद
www.dailypioneer.com

कांग्रेस प्रत्याशी के खिलाफ खुलकर चुनाव मैदान में उतरने वाले बागियों पर कार्रवाई के बाद भीतरघात करने वाले भाजपा नेताओं पर भी अब जल्द ही कार्रवाई हो सकती है। जानकारी के अनुसार भाजपा पार्टी संगठन के पास उम्मीदवार के खिलाफ काम करने वाले की शिकायत पहुंची हैं। माना जा रहा है कि सरकार गठन के बाद पार्टी उम्मीदवार के खिलाफ भितरघात करने वाले नेताओं पर एक्शन शुरू हो जाएगा। राज्य में बीजेपी ने सरकार तो बना ली है। लेकिन अब पार्टी उन गद्दारों को कड़ा संदेश देना चाहती है।

### चर्चा एक ऑडियो क्लिप की

राज्य में प्रचंड जनादेश के बाद सरकार गठन से पहले संजारी बालोद की एक ऑडियो क्लिप को लेकर खूब चर्चा है। इस ऑडियो क्लिप में निर्दलीय उम्मीदवार के पति और भाजपा नेता की बातचीत है। क्लिप से पता चल रहा है कि जिले की संजारी बालोद सीट पर टिकट से वंचित नेताओं ने चुनाव में बीजेपी के खिलाफ काम किया है। पार्टी सूत्रों ने कहा कि असंतुष्ट टिकट चाहने वाले और उनके समर्थक पार्टी उम्मीदवार के खिलाफ प्रचार करते रहे और भाजपा में बने भी रहे।

### नोटिस जारी कर मांगा जाएगा स्पष्टीकरण

भाजपा नेताओं की मानें तो अब चुनाव में भितरघात करने वाले पार्टी के नेताओं को जल्द ही नोटिस जारी कर उनसे स्पष्टीकरण मांगा जाएगा और संतोषजनक जवाब नहीं देने पर उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए उन्हें पार्टी से निलंबित भी किया जा सकता है।

### घर के भेदियों ने मिलकर ढहा दी लंका

गौरतलब है कि बालोद जिले की तीनों सीट से भाजपा एक बार फिर चुनाव हार गई है। जिसके कारण पार्टी की किरकिरी हो रही है। एक तरह से जो परिणाम आया है उससे लग रहा है कि संजारी बालोद विधानसभा का चुनाव एक तरफा नही था बावजूद इसके कांग्रेस प्रत्याशी संगीता सिन्हा ने 17,046 वोटों से बड़ी जीत दर्ज की। कारण यही रहा कि कांग्रेस ने अपने रूठे नेताओं को मना लिया और कार्यकर्ताओं ने काम किया, जबकि भाजपा में घर के भेदियों ने मिलकर लंका ढहा दी।

### पिछले चुनाव से अधिक मत लेकर आई भाजपा

चुनाव के दौरान संजारी बालोद क्षेत्र के बड़े भाजपा नेता घर से बाहर नहीं आए और पार्टी का प्रचार नहीं किया। तो ऐसे में बीजेपी को जीत के सपने देखना छोड़ देना चाहिए। एक बात कहनी होगी कि भाजपा उम्मीदवार राकेश यादव ने चुनाव में कड़ी टक्क र दी है। 2018 के विधानसभा चुनाव में संगीता सिन्हा ने भाजपा प्रत्याशी पवन साहू को 27,488 वोटों के अंतर से हराया था। इस चुनाव में हार का अंतर 17,046 रहा और यादव ने 2018 के चुनाव से अधिक 67,603 मत पार्टी के लिए लेकर आए। पिछले चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के पवन साहू को 62,940 वोट मिले थे।

### भाजपा की कमजोरियों का मिला लाभ

आश्चर्य की बात है कि कांग्रेस ने भाजपा की कमजोरियों का भरपूर लाभ उठाया। अभी के चुनाव परिणाम से एक बात और स्पष्ट दिख रही है कि अब आने वाले 5 सालों में भाजपा की हालत संगठन स्तर पर बालोद में और खऱाब होने वाली है। बालोद जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्रों में बीजेपी की बड़ी हार ने भी यही संदेश दिया है। यहां संगठन में नेतृत्त्वकर्ता की बड़ी कमी है।

# बालोद के तीनो सीटों पर कांग्रेस की हैट्रिक के बाद यहां से बनाया जा सकता है नेता प्रतिपक्ष

## बघेल, महंत, लखमा के बाद वरिष्ठ नेता में आती है अनिला

### एग्रेसिव और बेबाक है कुंवर सिंह निषाद

पायनियर संवाददाता ‹ बालोद
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ में कांग्रेस अब विपक्ष की भूमिका में नज़र आएगी। अब नेता प्रतिपक्ष को लेकर कवायद शुरू हो गई हैं। छत्तीसगढ़ में 68 सीटों पर भारी-भरकम जीत के साथ 2018 में सत्ता में आई कांग्रेस 2023 के चुनाव में 35 सीटों पर सिमट गई है। इस बार के विधानसभा चुनाव में भगवा की आंधी ऐसी चली कि कांग्रेस के बड़े-बड़े छत्रप धराशाही हो गए हैं। कुछ चुनिंदा नामों को छोड़ दें तो कांग्रेस के पास कोई बड़ा चेहरा नहीं है। ज्यादातर विधायक नए हैं। कुछ दूसरी बार के हैं। ऐसे में सदन में नेता प्रतिपक्ष चुनने के लिए भी कांग्रेस को काफी सोचना पड़ेगा। इन सबके बीच बालोद जिले के तीनों विधानसभा सीटों में इतिहास रचते हुए कांग्रेस ने हैट्रिक लगाई है। तीनो सीट पर कांग्रेस से शानदार जीत दर्ज की हैं। संजारी बालोद से संगीता सिन्हा लगातार दूसरी बार, अनिला भेड़िया लगातार तीसरी बार और कुंवर सिंह निषाद लगातार दूसरी बार विधायक चुन कर आये हैं। इनमें अनिला भेड़िया वरिष्ठ है। तो कुंवर सिंह निषाद एग्रेसिव और बेबाक हैं। तो वही संगीता सिन्हा मुद्दों की जानकार है।

### अनिला महिला विधायकों में है वरिष्ठ

बता दे कि कांग्रेस के 35 में से 14 विधायक पहली बार विधानसभा पहुंचे हैं। बाकी 11 में आधे से ज्यादा दूसरी बार विधायक बने हैं। अब पुराने अनुभवी चेहरों की बात करें तो उसमें पहला नाम कांग्रेस सरकार में सीएम रहे भूपेश बघेल, विधानसभा अध्यक्ष रहे डॉ. चरणदास महंत, कवासी लखमा, उमेश पटेल, लखेश्वर बघेल, लालजी सिंह राठिया, दलेश्वर साहू और भोला राम साहू शामिल हैं। कांग्रेस की महिला विधायकों में अनिला भेंड़िया सबसे वरिष्ठ हैं। तो वही कुंवर सिंह निषाद प्रवक्त ा संसदीय सचिव के अलावा प्रवक्त ा भी है। इनमें नेता प्रतिपक्ष किसे बनाया जाएगा, यह सवाल लगातार उठ रहा है। कांग्रेस नेताओं के अनुसार अनुभव के आधार पर डॉ. महंत, बघेल और पटेल नाम सबसे ऊपर आएगा। तीनों ओबीसी वर्ग से हैं। कांग्रेस के बाकी विधायकों के पास अनुभव तो है, लेकिन वे अच?छे वक?ता नहीं हैं। राजनीतिक विश्लेषकों की राय में 5 साल तक सीएम रहे भूपेश बघेल ही सबसे बेहतर नेता प्रतिपक्ष साबित हो सकते हैं। लेकिन अगर बात बालोद जिले की आई तो वरिष्ट कांग्रेस नेता अनिला भेड़िया या फिर कुंवर सिंह निषाद के नाम पर विचार किया जा सकता है।

# कलेक्टर ने मोदी सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत जिला स्तरीय समिति गठित करने के दिए निर्देश

## केंद्र की पीएम उज्ज्वला, सुरक्षा बीमा, आयुष्मान भारत सहित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की



पायनियर संवाददाता ‹ बालोद
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार बनते ही अब जिले में केंद्र की मोदी सरकार के योजनाओं की समीक्षा और उसपर क्रियान्वयन शुरू हो गया हैं। मतदान की प्रक्रिया खत्म होते ही और छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनते ही कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने अधिकारियों की पहली बैठक बुलाई। जहां उन्होंने जिले में राजस्व प्रकरणों के निराकरण के स्थिति के अलावा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, जल-जीवन मिशन, लोक सेवा गारण्टी अधिनियम आदि विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर ने जिले में शासन की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए सभी अधिकारी-कर्मचारियों को निर्धारित समयावधि में इसका समुचित क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिससे कि आम नागरिकों एवं सभी जरूरतमंद लोगों को इसका लाभ मिल सके। बैठक में डीएफ्ओ आयुष जैन, अपर कलेक्टर शशांक पाण्डेय सहित राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों के अलावा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

### प्राप्त आवेदनों का निराकरण करने के निर्देश

उन्होंने सभी राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों एवं जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को इस योजना की सतत् मॉनिटरिंग कर इनका समुचित क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। कुलदीप शर्मा ने श्रम पदाधिकारी से प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के अंतर्गत ई-श्रम कार्डधारियों की दुर्घटना होने पर एक्स ग्रेसिया राशि के भुगतान की कार्यवाही के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने श्रम पदाधिकारी को इस योजना के अंतर्गत जिले को प्राप्त पंजीयन के कुल लक्ष्य के संबंध में भी जानकारी ली। कुलदीप शर्मा ने इस योजना के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### निष्पक्ष तरीके से निर्वाचन कार्य को संपन्न कराने के लिए दी बधाई

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुलदीप शर्मा ने विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के अंतर्गत जिले के सभी अधिकारी-कर्मचारियों को पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए बालोद जिले में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से निर्वाचन कार्य को संपन्न कराने के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। कलेक्टर ने कहा कि जिले के सभी अधिकारी-कर्मचारियों के बेहतरीन कार्यों के फलस्वरूप बालोद जिले में निर्वाचन कार्य सफलतापूर्वक एवं निर्विघ्न रूप से संपन्न हो सका है। इसके लिए निर्वाचन कार्य में लगे जिले के सभी अधिकारी-कर्मचारी बधाई एवं शुभकामना के पात्र है। कुलदीप शर्मा ने कहा कि निर्वाचन कार्य के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्रकांत कौशिक सहित जिले के सभी रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारियों के अलावा सभी नोडल एवं प्रभारी अधिकारियों ने पूरी जिम्मेदारी के साथ निर्धारित समयावधि में अपने कार्यों का संपादन किया है, जो कि वास्तव में काबिले-तारीफहै। बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों ने इसका करतल ध्वनि के साथ स्वागत किया।

### जेजेएम के कार्यों की समीक्षा कर दिए आवश्यक निर्देश

बैठक में कुलदीप शर्मा ने जिले में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, आयुष्मान भारत योजना आदि की क्रियान्वयन के संबंध में संबंधित विभाग के अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने सभी हितग्राहियों को इन योजनाओं का लाभ दिलाने हेतु निर्धारित समयावधि में इनका क्रियान्वयन सुनिश्चित कराने को कहा। बैठक में कलेक्टर ने लोक सेवा गारण्टी योजना के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि इसके अंतर्गत समय-सीमा के बाहर कोई भी प्रकरण लंबित नही होना चाहिए। इस दौरान उन्होंने जल जीवन मिशन के कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने कार्यापालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को निर्धारित समयावधि में इस योजना के कार्य को पूरा कराने के निर्देश भी दिए। बैठक में कुलदीप शर्मा ने धान खरीदी के कार्य की भी समीक्षा की। उन्होंने वर्तमान में बारिश की संभावना को देखते हुए सभी धान खरीदी केंद्रों में धान की सुरक्षित रख-रखाव हेतु समुचित उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

### जिला स्तरीय उज्ज्वला समिति गठित करने के निर्देश

इस दौरान उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों को हितग्राहीमूलक योजनाओं का निर्धारित समयावधि में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। कुलदीप शर्मा ने तहसीलवार राजस्व प्रकरणों के निराकरण की। इसके अंतर्गत उन्होंने नामांतरण, खाता विभाजन आदि के कार्यों की समीक्षा करते हुए समय-सीमा में इनका निराकरण सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को सभी हल्का पटवारियों का अनिवार्य रूप से फील्ड विजिट भी सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। जिले में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के क्रियान्वयन की स्थिति की समीक्षा करते हुए जिला खाद्य अधिकारी से इस योजना के अंतर्गत लाभान्वित हितग्राहियों को रसोई गैस प्रदान करने हेतु लिए जा रहे आवेदन पत्रों के संबंध में जानकारी ली। कुलदीप शर्मा ने इस कार्य को विशेष प्राथमिकता के साथ पूरा करते हुए जिले के सभी हितग्राहियों को इस योजना का लाभ सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। इसके लिए उन्होंने तत्काल जिला स्तरीय उज्ज्वला समिति गठित करने के निर्देश भी दिए।

# गायत्री महायज्ञ के लिए 10 दिसंबर को होगी पुलिस ग्राउंड डौंडी में भूमि पूजन

पायनियर संवाददाता ‹ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



गायत्री शक्तिपीठ दल्ली राजहरा ,डौंडी एवं समस्त गायत्री परिवार जिला बालोद ( छत्तीसगढ़ ) के द्वारा अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान वेद मूर्ति तपोनिष्ठ परम पूज्य गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य एवं परम वंदनीया माताजी भगवती देवी शर्मा के सूक्ष्म संरक्षण में इस वर्ष को नारी सशक्तिकरण वर्ष 2023 -2024 के रूप में मनाया जा रहा है द्य जिसके अंतर्गत 24 कुण्डीय राष्ट्र जागरण अभियान गायत्री महायज्ञ गुरुसत्ता के संकल्प मनुष्य में देवत्व का उदय एवं धरती पर स्वर्ग का अवतरण को पूर्ण करने के लिए किया गया है। राष्ट्र व्यक्ति से मिलकर बना हुआ है, अतएव राष्ट्र को सशक्त एवं समर्थ बनाने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को सभ्य, शालीन, श्रमशील, आस्तिक, आशावादी बनना, सद्बुद्धि अर्थात गायत्री एवं सत्कर्म, यज्ञ से ही संभव है। जिसके लिए मनुष्य के दुर्बुद्धि से उपजी दुर्गतिपूर्ण परिस्थितियों का निवारण सद्बुद्धि एवं सत्कर्मों के समन्वय से ईश्वरीय योजनानुसार परिवर्तन होना है। गायत्री मंत्र का जप अथवा गायत्री मंत्र का लेखन करें। हवन से मंत्र में प्राण, जप से मंत्र जागृत होता है और लिखने से मंत्र की शक्ति आत्मा में प्रकाशित होता है। अतः अभी से किसी एक अभियान यथा- मंत्र जप, मंत्र लेखन गायत्री चालीसा पाठ आदि से जुड़कर 24 कुंडली यज्ञ में भागीदारी करने पर सद्बुद्धि एवं सत्कर्म का पथ निश्चित रूप से प्रशस्त होगा। पुलिस ग्राउंड डौंडी जिला बालोद (छत्तीसगढ़ ) में 27 दिसंबर से 30 दिसंबर 2023 तक 24 कुण्डली राष्ट्र जागरण अभियान गायत्री महायज्ञ मनाया जा रहा है। कार्यक्रम का विवरण इस प्रकार से है। कार्यक्रम स्थल के लिए भूमि पूजन 10 दिसंबर 2023 को होगा एवं कार्यक्रम का शुभारंभ 27 दिसंबर से प्रथम दिन बुधवार 27 दिसंबर 2023 प्रातः 10:00 बजे मंगल कलश एवं सद्ग्रंथ शोभा यात्रा एवं विभिन्न झांकियां। शाम 6:00 बजे युग संगीत एवं प्रवचन द्वितीय दिवस 28 दिसंबर गुरुवार प्रात 6:30 बजे ध्यान साधना एवं प्रज्ञा योग द्य प्रात 8:00 बजे यज्ञ का ज्ञान-विज्ञान (देव पूजन एवं गायत्री महायज्ञ) दोपहर 2:00 बजे संगठनात्मक संकल्प नारियों जागो स्वयं को पहचानो शाम 6:00 बजे से युग संगीत एवं प्रवचन। तृतीय दिवस शुक्रवार 29 दिसंबर 2023 प्रातः 6:30 बजे ध्यान साधना एवं प्रज्ञा योग द्य प्रात 8:00 बजे गायत्री महायज्ञ एवं विभिन्न संस्कार। दोपहर 2:00 बजे कार्यकर्ता गोष्ठी। शाम 6:00 बजे युग संगीत एवं प्रवचन (राष्ट्र समर्थन एवं सशक्त कैसे बने) एवं दीप महायज्ञ। चतुर्थ दिवस शनिवार 30 दिसंबर 2023 प्रातः 6:30 ध्यान साधना एवं प्रज्ञा योग 8:00 बजे गायत्री महायज्ञ एवं विभिन्न संस्कार पूर्णहूती एवं बंदिनीया माताजी की जन्म शताब्दी के न्यूनतम संकल्प महाप्रसाद एवं टोली विदाई। आयोजकों के द्वारा विशेष रूप से निवेदन किया गया है कि कार्यक्रम में भागीदारी बनने के लिए आप भारतीय वेशभूषा में आये। संस्कार के लिए पहले से पंजीयन कराना अनिवार्य है । सभी संस्कार निशुल्क संपन्न होंगे।

# अब होगा सबका साथ सबका विकास : इकराम जानू खान

पायनियर संवाददाता ‹ कवर्धा
www.dailypioneer.com



प्रदेश मे जनता ने भाजपा की सरकार बना कर ये साबित कर दिया की 2024 मे केंद्र मे फिर से नरेन्द्र मोदी सरकार बनने जा रही है राजनांदगाव और कवर्धा विधानसभा रमन सिंह और विजय शर्मा की जीत ने ये साबित कर दिया की जनता भया और आतंक से छुटकारा चाहती थी और अमन चैन चाहती थी तभी तो जनता ने भारतीय जनता पार्टी को चुना कवर्धा मे अकबर के आने के बाद से ही कवर्धा का वातावर्ण खराब होता गया पूर्व मे भी ज़ब भाजपा की सरकार थी तब भी स्थिति सामन्य थी कभी भी कवर्धा और पुरे प्रदेश किसी भी प्रकार की साम्प्रदायिकता नही हुई पर जैसे ही कांग्रेस की सरकार बनी नफ़रत भया और आतंक पुरे प्रदेश मे आग की तरह फैलता गया जिसका शिकार सबसे ज्यादा मुस्लिम समाज हुवा वही ऐसी हालात मे कवर्धा मे मुस्लिम समाज से जुड़े कुछ नेताओं ने भी भाजपा का दामन छोड़ अन्य पार्टियों मे चले गए पर इन सब के बिच एक शक्श ऐसा भी था जिस ने भाजपा का दामन नही छोड़ और खुल कर विजय शर्मा का प्रचार किया वो और कोई नही प्रदेश अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश सदस्य इकराम जानू खान है खान ने कहा मै ज़ब अच्छे वक्त मे भाजपा का साथ दिया हूँ तो बुरे वक़्त मे भी साथ खड़े रहना चाहुँगा कांग्रेस की नीति हमेशा से मुस्लिम विरोधी रही है कांग्रेस ने हमेशा से मुसलमानो का शोषण किया जिसका सबसे बड़ा उधारण विरनपुर की घटना है जिसमे भूपेश सरकार ने दंगे मे मारे गए मुस्लिम परिवार से मिलना तो दूर बात करना भी उचित नही समझा खुद उस समाज से मंत्री रहे अकबर ने भी कुछ नही किया धर्म के नजरिये से ना सही इन्शानियत और मुख्यमंत्री और मंत्री के नाते उन गरीब मुस्लिम परिवारों के लिए भी 10, 10 लाख और सरकारी नौकरी का ऐलान करना था जो नही हुवा इससे यह तो स्पष्ट हो गया की हमेशा से ही मुस्लिम समाज कांग्रेस की गंदी राजनीती का शिकार होता रहा था पर अब लोग समझदार हो गए है जिसका उदाहरण प्रदेश मे भाजपा की सरकार बनना है सबका साथ सब का विकास वाली सरकार को एक बार फिर जनता ने एतेहासिक जीत दिला कर मौका दिया है मौका विजय शर्मा कवर्धा के स्थानीय और अच्छे व्यक्तित्व के धनी है कवर्धा का हर नागरिक उनका परिवार है हमें ज़ब श्री खान से बात की तो उन्हों ने कहा की ये जीत जनता की जीत है विजय शर्मा जनता की पहली पसंद है उसी के अनुरूप पार्टी ने उन्हें टिकट दिया और कवर्धा की देव तुल्य जनता ने उन्हें आशीर्वाद दे कर विधायक बनया ये जीत विजय के संघर्ष की जीत है।

# नवनिर्वाचित विधायक दीपेश साहू को जिला मुख्यालय में 20 पोलिंग बूथ पर मिली बढ़त

### आशीष को मात्र चार पोलिंग बूथ में मामूली बढ़त

पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत स्थित जिला मुख्यालय बेमेतरा में नवनिर्वाचित भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित विधायक दीपेश साहू को 20 पोलिंग बूथ में बढ़त मिली वहीं कांग्रेस प्रत्याशी आशीष छाबड़ा को मात्र चार पोलिंग बूथ पर मामूली बढ़त मिला बीते दिनों बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के मतगणना के बाद जो स्थिति स्पष्ट हुआ उसके अनुसार बेमेतरा विधानसभा के नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत कुल 24 पोलिंग बूथ में कांग्रेस के आशीष छाबड़ा को महज पिकरी के दो बूथ में 19 मत एवं कोबिया के दो बूथ में 89 मत इस तरह से केवल 108 मत ही बढ़त मिल पाई जबकि शहर के 20 अन्य पोलिंग बूथ में भाजपा प्रत्याशी दीपेश साहू ने एक तरफा जीत दर्ज की। बेमेतरा शहर के 24 पोलिंग बूथ में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी रहे दीपेश साहू को 10040 मत प्राप्त हुए वहीं कांग्रेस प्रत्याशी आशीष छाबड़ा को 7767 मत मिले इस तरह से बेमेतरा शहर के 24 पोलिंग बूथ में 2273 मत से भाजपा ने बढ़त के साथ ग्रामीण बूथ से लगातार बढ़त बनाए। बेमेतरा नगर पालिका के अंतर्गत बूथ क्रमांक 10 पिकरी के दो बूथ में आशीष छाबड़ा को 871 मत मिले, दीपेश साहू को 852 तरह से इन दोनों बूथ को मिलाकर आशीष छाबड़ा को 19 मत अधिक मिले। बेमेतरा शहर के बूथ क्रमांक 12 में आशीष को 144 दीपेश साहू को 201, बूथ क्रमांक 13 में आशीष छाबड़ा को 350 दीपेश साहू को 934 मत मिले, बुथ क्रमांक 14 बेमेतरा शहर में आशीष छाबड़ा को 334 दीपेश साहू को 388 मत मिले, बुथ क्रमांक 15 से आशीष छाबड़ा को 203 मत मिले वहीं भाजपा के प्रत्याशी दीपेश साहू को 216 मत मिले, बुथ क्रमांक 16 बेमेतरा से आशीष छाबड़ा को 259 मत मिले दीपेश साहू को 315 मत, इसी प्रकार बेमेतरा शहर के ही बूथ क्रमांक 17 में आशीष छाबड़ा को 249 मत दीपेश साहू को 407 मत, बूथ क्रमांक 18 में आशीष छाबड़ा को 249 मत मिले दीपेश साहू को 527, भूत क्रमांक 19 में आशीष छाबड़ा को 268 दीपेश साहू को 202, बुथ क्रमांक 20 दीपेश साहू को 476 वोट ,आशीष छाबड़ा को 390, बेमेतरा नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत बूथ क्रमांक 21 में दीपेश साहू को 596 वोट मिले वहीं कांग्रेस के प्रत्याशी रहे आशीष छाबड़ा को महज 393 मत प्राप्त हुए। शहर के ही बूथ क्रमांक 22 में दीपेश को 500 मत मिले तो आशीष छाबड़ा को महज 266 मत पर ही संतोष करना पड़ा इसी तरह बूथ क्रमांक 23 में आशीष छाबड़ा को 233 मत मिले तो दीपेश साहू को 442 वोट प्राप्त हुए। बुथ क्रमांक 24 में दीपेश साहू को 410 मत हुए प्राप्त हुए आशीष छाबड़ा को 302 बूथ क्रमांक 25 में आशीष छाबड़ा को 311 वोट मिले दीपेश को 138 मत मिला। शहर के बुथ क्रमांक 26 में आशीष छाबड़ा को 495 तथा दीपेश को 417 मत मिले इसी प्रकार बूथ क्रमांक 27 में दीपेश साहू को 320 तथा आशीष छाबड़ा को 165 मत पर ही संतोष करना पड़ा। नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बूथ क्रमांक 28 में मोहभट्ठा में कांग्रेस को 490 मत मिले और बीजेपी के दीपेश साहू को 582 वोट प्राप्त हुए। बेमेतरा शहर के अंतर्गत सिंघोरी वार्ड में बुथ क्रमांक 29, बूथ क्रमांक 30 एवं बूथ क्रमांक 31 में कांग्रेस के प्रत्याशी रहे आशीष छाबड़ा को कुल 820 मत मिले इसी प्रकार सिंघोरी के तीन बूथ में भाजपा प्रत्याशी रहे दीपेश साहू को कुल 1231 मत प्राप्त हुए। नगर पालिका के ही वार्ड कोबिया के दो बूथ में बूथ क्रमांक 32 एवं 33 में कांग्रेस के प्रत्याशी रहे आशीष छाबड़ा को 975 मत मिले तथा भाजपा के प्रत्याशी दीपेश साहू को 886 वोट प्राप्त हुए इस प्रकार से इसी दोनों बूथ क्रमांक में कांग्रेस को 89 मत अधिक प्राप्त हुए इस तरह से बेमेतरा शहर के अंतर्गत आने वाले कुल 24 पोलिंग बूथ में आशीष छाबड़ा को 7767 मत प्राप्त हुए और दीपेश साहू को कुल 10040 मत इस तरह से 2273 मत भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी दीपेश साहू को अधिक प्राप्त हुए।

### नव निर्वाचित विधायक दीपेश साहू सहित संचालक राजेन्द्र शर्मा प्रदेश नेताओं से मिले

भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं बेमेतरा विधानसभा चुनाव के सह संचालक राजेन्द्र शर्मा चुनाव परिणाम आने के बाद भाजपा कार्यालय रायुपर जाकर छत्तीसगढ़ भाजपा के प्रदेश प्रभारी ओम माथुर, चुनाव सह प्रभारी मनसुख माण्डवीया, प्रदेश सह प्रभारी नितीन नबीन, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरूण साव, पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह, सह संगठन महामंत्री अजय जामवाल एवं संगठन महामंत्री पवन साय मुलाकात कर भाजपा की छत्तीसगढ़ में पूर्ण बहुमत की सरकार बनने की बधाई एवं शुभकामनाएँ दी। राजेन्द्र शर्मा ने कहा की प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के कुशल नेतृत्व में भाजपा को बहुमत मिला इनकी लगातार मेहनत और प्रदेश में सघन जन संपर्क से कार्यकर्ताओं को उर्जा मिला जिसका लाभ भाजपा को मिला। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी से और उनकी सभा से जन मानस में भाजपा के पक्ष में वातावरण बना गृह मंत्री अमित शाह की रणनीति एवं सभा से भाजपा प्रदेश में चुनाव जीती। राजेन्द्र शर्मा ने रायपुर भाजपा कार्यालय में बेमेतरा विधानसभा के भाजपा के विजय प्रत्याशी दीपेश साहू को भी बधाई एवं शुभकामनाएँ दी। राजेन्द्र शर्मा ने कहा की इस परिणाम से बेमेतरा में भय आतंक एवं भ्रष्टाचार की राजनीति का अंत हुआ है। दीपेश साहू के चुनाव जीतने से बेमेतरा में एक इमानदार सरकार की छबि बनेगी। प्रदेश के भाजपा नेताओं ने बेमेतरा विधानसभा के चुनाव में कुशल संचालन के लिए राजेन्द्र शर्मा को बधाई दी। और कहा की बेमेतरा जिला में भाजपा की तीनों सीट आयी है। प्रदेश में भाजपा सरकार के गठन में बेमेतरा जिला की महत्वपूर्ण भुमिका रहेगी। पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा के साथ बेमेतरा शहर मण्डल अध्यक्ष मोन्टी साहू, जिला मंत्री विकास घरडे, केशव साहू, तारण राजपूत, धर्मेन्द्र साहू, अभिनव राजपूत, विवेक दीवान बधाई देने पहुंचे थे।

# सुनील रामदास ने ओपी चौधरी के ऐतिहासिक जीत पर दी बधाई



पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

रामदास द्रौपदी फाउंडेशन के चेयरमैन व भाजपा नेता सुनील रामदास, ओ.पी. चौधरी के स्वागत सभा व रैली में सम्मिलित हुए और अपने मित्रों व समर्थकों के साथ ओ.पी. चौधरी का स्वागत किया और उन्होंने ओ.पी. चौधरी के जीत पर रागयढ़ विधानसभा के भाजपा कार्यकर्ताओं व रायगढ़ के जनता को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि रायगढ़ सहित प्रदेश की जनता ने अपना ऐतिहासिक निर्णय सुनाया है, जो कि प्रणम्य है।

## सुनील के प्रयासों को भी जनता ने दिया समर्थन

सुनील रामदास द्वारा चुनाव के पूर्व से भाजपा को जीताने के लिए पिच तैयार किया गया। उनके द्वारा किए गए प्रयास परिणाम में भी देखने को मिले। सुनील रामदास ने भाजपा के चुनाव प्रभारियों के साथ रायगढ़ के होटल ट्रिनिटी में व्यापार जगत के बड़े व्यापारी बंधुओं और उद्योगपतियों के साथ ऐतिहासिक बैठक करवाई थी। इसके अतिरिक्त उन्होंने चुनाव प्रभारी रहे केन्द्रीय मंत्री का होटल अंश में ऐतिहासिक प्रेस कॉन्फ्रेंस कराया, जिससे कि जनता तक कांग्रेस के भय और भ्रष्टाचार की सूचना पहुंच पाई। वहीं चुनाव के दो दिन पहले दीपावली मिलन समारोह के माध्यम से भाजपा की ओर रायगढ़ के व्यापारी बंधुओं और उद्योगपतियों सहित सर्वसमाज के वरिष्ठ लोगों का रूझान बढ़ाने का कार्य किया।

## पर्यावरण संरक्षण के मुहिम से समाज का समर्थन भाजपा की ओर बढ़ाया

सुनील रामदास, रामदास द्रौपदी फाउंडेशन के माध्यम से पौधरोपण का कार्य गत कई वर्षों से करते आ रहा है। यह कार्य भी समाज के जनतम को भाजपा की ओर आकर्षित करने का कार्य करता है। चूंकि उनके द्वारा पौधरोपण के हर कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण के कार्य को हिन्दू जीवन पद्धति का हिस्सा बताया जाता है और हिन्दू जीवन पद्धति पर आधारित हर कार्यक्रम भाजपा की ओर लोगों में जनमत तैयार करने का कार्य करता है।

## ओ.पी. चौधरी के स्वागत सभा और जीत की रैली में सम्मिलित हुए सुनील

सुनील रामदास, ओ.पी. चौधरी के स्वागत सभा और जीत की रैली में शामिल होकर उनको बधाई दी। विधानसभा के सभी भाजपा कार्यकर्ताओं और अपने मित्रों व समर्थकों के साथ सुनील रामदास ने ओ.पी. चौधरी का स्वागत किया। उसके पश्चात् ओ.पी. चौधरी की निकली विजय रैली में आरम्भ से अंत तक सुनील रामदास बने रहे। उन्होंने नगर में भ्रमण के दौरान नगर वासियों सहित विधानसभा से आए हर कार्यकर्ता को धन्यवाद ज्ञापित किया और इस विषय में उन्होंने कहा कि यह एक ऐतिहासिक जीत है, जिसमें विधानसभा के हर कार्यकर्ता और हर मतदाता के प्रयास से मिली जीत है।

## सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत, दो घायल,सीएमओ तिराहा के पास बीती रात हुआ हादसा

**रायगढ़.** रायगढ़ जिला मुख्यालय में रविवार की रात तेज रफ्तार बाईक डिवाईडर से टकरा जाने की घटना में बाईक में पीछे बैठे एक युवक की मौत हो गई। इस घटना में दो अन्य युवक घायल हो गए हैं जिनका उपचार जारी है। मामला कोतरा रोड़ थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सांगीतराई निवासी आकाश महंत 21 साल रविवार को अपने परिजनों से कहकर निकला था कि वह अपने दो दोस्तों राजू साहू और रामप्रसाद बंजारे के साथ मूवी देखने जा रहा है। लेकिन ये तीनों मूवी न जाकर उधार का पैसा लेने किरोड़ीमल नगर पहुंच गए थे। इस दौरान वहां से घर वापसी के दौरान रात करीब 9 बजे जब वे सीएमओ तिराहा के पास पहुंचे ही थे कि उनकी मोटर सायकल तेज गति होनें के कारण डीवाईडर से टकरा गई। इस दुर्घटना में बाईक सवार तीनों युवकों को काफी चोट आई थी जिन्हें स्थानीय लोगों के द्वारा संजीवनी 108 की सहायता से उपचार हेतु जिला अस्पताल भिजवाया गया था।

# कलेक्टर एवं एसपी ने नेशनल कराटे टूर्नामेंट में जांजगीर-चांपा जिले के भारत विजेता खिलाड़ियों को किया सम्मानित



■ नई दिल्ली में आयोजित नेशनल कराटे टूर्नामेंट में जांजगीर चांपा छत्तीसगढ के खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा, बने भारत विजेता

पायनियर संवाददाता < जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com

दिल्ली के नोएडा इंडोर स्टेडियम में आयोजित रॉयल चैलेंज कप नेशनल कराटे चैम्पियनशिप में विजेता खिलाड़ियों को कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी एवं पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने पुष्प गुच्छ भेंट कर खिलाड़ियों का सम्मान किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों का उत्साहवर्धन किया। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने खिलाड़ियों से कहा कि उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर आपका अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चयन हुआ है। जिसमें भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए देश एवं प्रदेश सहित जिले का नाम रोशन करेंगे। कराटे एसोसिएशन ऑफ जांजगीर-चांपा छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष रामू भैना और उपाध्यक्ष मुरली नायर ने बताया कि दिल्ली में कराटे खिलाड़ियों ने फाइट और काता में भारत के 13 राज्यो कि टीमो को हरा कर छत्तीसगढ़ को भारत विजेता बनाया। जिसमे सबसे ज्यादा छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चाम्पा जिले के खिलाड़ियों ने वेस्ट बंगाल और यूपी को हरा कर गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज कुल 33 मैडल जीत कर भारत में छत्तीसगढ़ का परचम लहराया। इन खिलाड़ियों में से चार खिलाड़ियों का चयन 28 दिसंबर को बांग्लादेश के ढाका शहर में आयोजित होने वाले इंटरनेशनल कराटे चैम्पियनशिप के लिए हुआ है।

# जेएसपी फाउंडेशन द्वारा विश्व दिव्यांगजन दिवस पर किए गए विविध आयोजन

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

विश्व दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर जेएसपी फाउंडेशन द्वारा रोचक सांस्कृतिक कार्यक्रमों और खेलों का आयोजन किया गया। इसमें विशेष बच्चों एवं उनके अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जेएसपी फाउंडेशन द्वारा विशेष बच्चों को सक्षम व आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से जिंदल आशा का संचालन किया जाता है और इसके साथ प्रशिक्षण व पुनर्वास केंद्र भी संचालित किये जाते हैं। इसमें आसपास के गांवों के विशेष बच्चे संस्थान द्वारा संचालित बस से नियमित रूप से आते हैं। विश्व दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर ओपी जिंदल ऑडिटोरियम में विशेष बच्चों एवं उनके अभिभावकों को



संबोधित करते हुए जिंदल स्टील एण्ड पॉवर के कार्यपालन निदेशक सब्यसाची बंद्योपाध्याय ने कहा कि जिंदल आशा में आने से हमेशा अपनेपन की अनुभूति होती है। इन बच्चों की चुनौतियां हमसे कहीं अधिक है, इसलिए इन्हें लेकर हमारी जिम्मेदारियां भी अधिक हैं। जरूरत है कि इन बच्चों के मनोबल को बढ़ाकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया जा सके। कार्यक्रम में एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट सत्येन्द्र सिंह, अरविंद भगत, वाइस प्रेसिडेंट राजेश कुमार, एसोसिएट वाइस प्रेसिडेंट शोमेन चटर्जी, जिंदल लेडिज क्लब की सदस्य दीप्ति भगत, अर्चना त्रिवेदी, दीपाली जैन और सीएसआर प्रमुख रंजन शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। दो दिवसीय आयोजन का समन्वय जिंदल आशा प्रमुख गौरव कपूर ने किया। सांस्कृतिक संध्या में विशेष बच्चों ने गीत, संगीत, योगा आदि की प्रस्तुति से सभी उपस्थितों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का आकर्षण विशेष बच्चों के साथ उनके अभिभावकों का रैंप वॉक रहा, इसमें जिंदल आशा के प्रशिक्षकों ने भी भाग लिया। इस दौरान राष्ट्रीयकृअंतर्राष्ट्रीय मंचों पर नृत्य व योग की प्रस्तुति दे चुकी जिंदल आशा की प्रशिक्षिका चंचला पटेल और मोहन आदित्य को विभिन्न मंचों पर ताइक्वांडों के प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया।

# पीएम नरेंद्र मोदी पर 140 करोड़ जनता का अटूट विश्वास है यह जीत : विजय अग्रवाल

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

पूर्व विधायक एवं रायगढ़ विधानसभा के चुनाव संचालक विजय अग्रवाल ने कहा कि रायगढ़ विधानसभा से भाजपा के प्रत्याशी ओपी चैधरी के ऐतिहासिक वोटो से जीतकर विधायक बनने पर पर बधाई देते हुए धन्यवाद ज्ञापित कर आम जनता एवं कार्यकर्ता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि तीन राज्य मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में भाजपा को मिली प्रचंड जीत को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर 140 करोड़ जनता जनार्दन का अटूट विश्वास और भाजपा कार्यकर्ताओं की जीत बताया। उन्होंने इस जीत के लिए इन तीनो राज्य के जनता और कार्यकर्ता को



बधाई देते हुए कहा कि देश के लोग मोदी सरकार द्वारा देशभर में गरीब, किसान, महिला एवं युवा के कल्याण के लिए चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजना, भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस नीति और मोदी की विकास की गारंटी वाली राजनीति पर पूर्ण भरोसा करती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्र की विकास और जोड़ने करने की बात करते है। विपक्षी गठबंधन सनातन धर्म को नीचा दिखाने और बदनाम करने की कोशिश में लगा हुआ है, वहीं प्रधानमंत्री सनातन संस्कृति का झंडा देश सहित विश्वभर में स्थापित करने का कार्य कर रहे है। देश की जनता गठबंधन के खोखले और लोक लुभावन वादे और झांसे में आने वाली नही है पीएम मोदी के नेतृत्व में देश हर क्षेत्र में विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है वहीं वैश्विक स्तर पर भी एक सशक्त राष्ट्र के रूप में अपनी पहचान स्थापित कर रहा है। छत्तीसगढ़ के लोग भी राज्य की कांग्रेस वाली सरकार से त्रस्त हो चुकी है। पूर्व विधायक विजय अग्रवाल ने कहा कि ओपी चौधरी के विधायक बनने पर अब रायगढ़ नई ऊंचाइयों पर पहुंचेगी विकास, रोजगार, सिंचाई सुविधा बढ़ेगी जरूरतमंद गरीबों के लिए प्रधानमंत्री आवास दिलाने , किसानों के हित के लिए व्यापारियों, आम जनता के हित के लिए काम करेगी।

# कटघोरा से कांग्रेस की हारः अधिवक्ता संघ ने जताई खुशी, जिला नहीं बनाने की नाराजगी

पायनियर संवाददाता < कोरबा
www.dailypioneer.com

विधानसभा चुनाव के परिणाम आने के बाद कहीं खुशी, कहीं गम का माहौल बना हुआ है। वहीं कटघोरा में विधायक पुरूषोत्तम कंवर की हार के बाद जश्न मनाया जा रहा है। कटघोरा को जिला बनाओ अभियान को लेकर कटघोरा अधिवक्ता संघ ने मिठाई बांट कर खुशियां मनाते हुए कहा कि कंवर ने अपने पांच साल के कार्यकाल में किए गए एक भी वायदे को पूरा नही किया।

परिणाम में कंवर की हार की खबर आते ही अधिवक्ता संघ में खुशी लहर देखने को मिली। संघ के सदस्यों ने पटाखे फोड़े। सचिव अमित सिन्हा ने कहा कि पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर ने कटघोरा जिला बनाने के वादे को पूरा नही किया। संघ द्वारा कई माह धरना प्रदर्शन करने के बाद भी पूर्व विधायक द्वारा किए गए वादे पर ध्यान नही दिया और क्षेत्र की जनता की जनता को धोखा दिया। इसलिए संघ के साथ पूरे नगर में पुरुषोत्तम कंवर का विरोध था। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी से कटघोरा की जनता के साथ साथ अधिवक्ता संघ भी उम्मीद है कि कटघोरा को जिला का दर्जा दिलाने में अपनी अहम भूमिका निभाएगा। इस दौरान में सुभाष दत्ता, भरत पांडे, सुरेंद्र गिर, नरेश अग्रवाल, संजय जयसवाल, सुरेश केडिया, भुवनेश्वर डिक्सेना, राजेश पाल, अरविंद गोभिल, राधेश्याम पटेल, टीपी यादव, शिव शंकर भारती, अनीता जायसवाल, विवेक दुबे, विनय दुबे, रवि आहूजा, अमित सिन्हा, अशोक ताम्रकर, तेज प्रकाश, संतोष जायसवाल, प्रवीण राठौर मौजूद रहे।

# लालजीत की हैट्रिक जीत में युवाओं की रही अहम भूमिका, क्षेत्र में जबरदस्त खुशी का माहौल



पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

विधानसभा चुनाव में धरमजयगढ़ विधायक लालजीत राठिया ने लगातार तीसरी बार चुनाव जीतकर हैट्रिक लगाई है। घरघोड़ा क्षेत्र के युवाओं ने अपने चहेते नेता को जीत दिलाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस जीत के बाद युवाओं में भारी उत्साह भी देखा जा रहा है। रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ विधानसभा सीट में इस बार के चुनाव में खास कर युवाओं ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए दिन व रात कड़ी मेहनत करते हुए प्रदेश सरकार की योजनाओं को घर घर गांव-गांव पहुंचा अपने चहेते नेता लालजीत राठिया के पक्ष में आम जन का समर्थन मांगा। जनता ने भी तमाम गीले शिकवे भुला कर अपने अपने घरों से निकलकर लालजीत राठिया के पक्ष में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। जिसका नतीजा भी सुखद रहा और लालजीत राठिया तीसरी बार विधायक निर्वाचित हुए। इस जीत के बाद घरघोड़ा क्षेत्र के युवाओं में खुसी की लहर देखी जा रही है और उन्होंने पटाखे फोड़कर एक दूसरे को मिठाई खिलाते हुए जीत का जश्न मनाया। इस दौरान युवाओं का कहना था वे अपने क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक लालजीत के पक्ष में सदैव खड़े रहेंगे और उनके दिशा निर्देशों का पालन करते हुए पार्टी के हित में कार्य करते हुए पार्टी को मजबूत बनाने में कार्य करते रहेंगे।

# किसानों ने ऋण माफी की जगह चुना बोनस का विकल्प नए सरकार गठन से व्यवस्था में सुधार आने के आसार

पायनियर संवाददाता < कोरबा
www.dailypioneer.com

जिले के अधिकांश किसानों ने कांग्रेस ने ऋण माफी की जगह भाजपा के दो साल के बोनस राशि और 3,100 रूपये प्रति क्विंटल धान खरीदी को अधिक पसंद किया है। खेती के लिए जिले के 23 हजार किसानों ने 81 करोड़ रूपये का कर्ज लिया है। 55 उपार्जन केंद्रों में 1.20 लाख क्विंटल धान की खरीदी हो चुकी है। अब तक धान बेचने वाले 1,932 किसानों से तीन करोड़ की वसूली हो चुकी है। नए सरकार गठन की स्थिति तय होने के बाद अब उपार्जन केंद्रों में धान की आवक बढने् लगी हैं।किसानों के ऋण मुक्ति का जुमला देकर कांग्रेस पिछली बार भाजपा से सत्ता छीन लिया था। इसके उलट इस बार भाजपा ने प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी और एकमुश्त भुगतान की घोषणा कर कांग्रेस से कुर्सी को वापस छीन लिया है। सरकार बनने के स्थिति तय होने के बाद अब किसानों की नजर



भाजपा की ओर से किए गए घोषणा पर पत्र पर जा टिकी है। औद्योगिक जिला होने के बावजूद जिले में 1.24 लाख किसान खेती कर जीवकोपार्जन करते हैं। इनमें 60 प्रतिशत किसान लघुसीमांत की श्रेणी में आते हैं। यानी उनके पास दो एक एकड़ से भी कम जमीन है। सिंचाई संसाधन नहीं होने के कारण वर्षा आश्रित खेती करते हैं। वन क्षेत्र से घिरे होने की वजह से जिले में कृषि के अनुकूल वर्षा होती है। यही कारण है कि लघु सीमांत किसान ऋण लेकर खेती नहीं करते। जब ऋण लिया ही नहीं तो ऋण माफी का भी सवाल नहीं उठता। 40 प्रतिशत किसान ऐसे हैं जो ऋण लेकर खेती करते हैं। बहरहाल जिन किसानों ने ऋण लिया है उनसे वसूली धान बिक्री के साथ शुरू हो गई है। धान खरीदी के 34 दिन बीते जाने के बाद 58 उपार्जन केंद्रों में 1.10 क्विंटल धान की खरीदी हुई है। सात केंद्रों में अभी भी खरीदी की बोहनी नहीं हुई है। अब तक धान बेचने वालों में 2,234 किसान शामिल है। पंजीकृत किसानों की संख्या 48,276 है। भाजपा की सरकार गठित हो रही है। अब किसानों की सीधी नजर घोषणा पर है। आगे लोकसभा चुनाव है, किसानों पूर्ण आशा है नवगठित सरकार चुनावी घोषणा पत्र में किए गए वायदों पर अमल करेगा।

# रामावतार अग्रवाल एवं चिराग अग्रवाल ने रायपुर पहुंच कर दी डॉ रमन सिंह एवं बृजमोहन अग्रवाल को बधाई

पायनियर संवाददाता < सक्ति
www.dailypioneer.com

3 दिसंबर को छत्तीसगढ़ प्रदेश के आए मतगणना परिणाम के बाद शक्ति जिले एवं शक्ति विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता रामअवतार अग्रवाल एवं भारतीय जनता युवा मोर्चा शक्ति जिले के जिला उपाध्यक्ष चिराग अग्रवाल ने चार दिसंबर को राजधानी रायपुर पहुंचकर छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री, बीजेपी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं राजनांदगांव क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक डॉ रमन सिंह तथा रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र से सर्वाधिक वोटो से जीत दर्ज करने वाले दिग्गज बीजेपी नेता पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल को उन्हें जीत की बधाई शुभकामनाएं दी, इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता रामअवतार अग्रवाल ने कहा कि आज छत्तीसगढ़ प्रदेश में जिस तरह से कांग्रेस ने 5 साल में कुशासन चलाकर आतंक मचाया आज जनता ने जनादेश के द्वारा कांग्रेस सरकार को नकार दिया



तथा भारतीय जनता पार्टी एवं मोदी की गारंटी को अपना समर्थन दिया है, रामावतार अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश एवं राजस्थान में मिली भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत एक बड़ी जीत है, जिससे पूरे देश का पार्टी कार्यकर्ता उत्साहित है एवं आने वाले लोकसभा चुनाव में भी भारतीय जनता पार्टी 400 प्लस सीटों से अपनी जीत दर्ज करेगी, इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह एवं बृजमोहन अग्रवाल ने भी समस्त कार्यकर्ताओं को भी बधाई शुभकामनाएं दी साथ ही उन्होंने रामावतार अग्रवाल को कहा कि आप सभी की मेहनत से ही यह संभव हुआ है एवं भारतीय जनता पार्टी का बूथ स्तर का एक-एक कार्यकर्ता इसके लिए बधाई का पात्र है एवं हम पूरे प्रदेश के कार्यकर्ताओं एवं मतदाताओं का आभार व्यक्त करते हैं, वहीं वरिष्ठ भाजपा नेता रामावतार अग्रवाल ने पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह एवम बृजमोहन अग्रवाल को शक्ति आने का भी न्योता दिया है।

## देश के चुनाव आयोग को समय के तकाजा को देखते हुए चुनाव में संशोधन करने की आवश्यकता

# भारत निर्वाचन आयोग को संविधान में संशोधन करने की आवश्यकता

पायनियर संवाददाता < जैजैपुर
www.dailypioneer.com

हमारे देश के चुनाव आयोग को समय के तकाजा को देखते हुए चुनाव में संशोधन करने की आवश्यकता महसूस करनी चाहिए। आज भारत देश डिजिटल के माध्यम से संचार हो रहा है जहां पर हर मतदाता के पास एंड्रॉयड फोन उपलब्ध है और सभी के पास आधार कार्ड है जो पूरे देश में मान्य है निर्वाचन आयोग में सुधार करने की आवश्यकता इसलिए महसूस हो रही है क्योंकि डिजिटल बनने के बाद आज सभी के पास एंड्राइड मोबाइल फोन का उपयोग के साथ में आधार कार्ड जुड़ा हुआ है जो भी मतदाता हैं उनकी उम्र 18 से ऊपर है जहां पर चुनाव की दृष्टि से नजर डाला जाए तो यह अतिशयोक्ति नहीं होगी क्योंकि आज आधुनिक युग होने के नाते जहां पर भारत निर्वाचन आयोग को अच्छी चुनाव कराने के लिए संशोधन करने की आवश्यकता महसूस करनी चाहिए । जहां पर आज चुनाव में पूंजी की अधिक खपत हो रही है, और उस राशि को रोकने के लिए चुनाव फॉर्म भरने के लिए विधानसभा एवं लोकसभा में दो दिन का समय देना चाहिए और केवल उनके नाम के नाम के साथ चुनाव चिन्ह दिया जाय और दूसरे दिन फॉर्म भरने की आवेदन की समीक्षा करना चाहिए वहीं पर केवल टीवी में तथा एंड्राइड मोबाइल फोन में उम्मीदवार का केवल नाम ही दर्शाते हुए दूसरे दिन मोबाइल के माध्यम से चुनाव करना चाहिए । इससे शासन की पूंजी की बचत हो सकती है केवल यह कार्य जिले वार करना चाहिए ताकि परिणाम दूसरे दिन ही घोषित करना चाहिए कि कौन उम्मीदवार ने विजय हासिल किया है?। यदि भारत निर्वाचन आयोग धन बल पर रोक लगाना चाहता है तो संशोधन की कड़ी में धन बल को ही रोका जा सकता है ताकि उम्मीदवार एवं भारत सरकार के पूंजी जो अरबो रुपए खर्च होता है उसे बचाया जा सकता है। यदि इस प्रकार से चुनाव किया जाता है तो बाहु बल पर भी रोक लगाया जा सकता है इससे आम नागरिकों को जनसंपर्क के लिए घर-घर नहीं जाना पड़ेगा ना ही मतदाताओं को रिझाने के लिए पोस्टर, पंपलेट, झंडा के साथ लुभावने चीज उम्मीदवार नहीं वितरण कर सकेगा। जो ईमानदार व्यक्ति रहेंगे वह चुनाव में ही उतरेंगे और जो अपराधिक प्रवित्ति के व्यक्ति रहेंगे वह चुनाव नहीं लड़ सकते । चुनाव में विधानसभा एवं लोकसभा के लिए शैक्षणिक योग्यता अनिवार्य करना चाहिए आज सभी मतदाता शिक्षित होने की वजह से एंड्रॉयड फोन का उपयोग कर रहे हैं जिस सभी लोग एंड्रॉयड फोन के माध्यम से अपना मतदान कर सकते हैं जिससे गांव-गांव एवं कर्मचारी अधिकारी की ड्यूटी से भी काफी राहत मिल सकती है ना तो काम-धमहेगा नहीं पूंजी की खपत होगी। समानता के अधिकार पर चुनाव आयोग को सभी उम्मीदवारों से राशि एक समान लेना चाहिए जातिगत आधार पर शुल्क का निर्धारण नहीं करना चाहिए क्योंकि सभी मानव एक समान है ना तो इसमें अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग तथा सामान्य व्यक्ति को एक ही निर्धारित शुल्क पर चुनाव फॉर्म भरने की अनुमति प्रदान किया जाए ताकि आने वाले समय को देखते हुए जाति धर्म को समाप्त करना ही उचित होगा इंसान इंसान ही रहता है। यदि चुनाव आयोग यह निर्धारित करती है कि दूरसंचार, टीवी , इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया के माध्यम से केवल 1 दिन में ही जिला स्तरीय देश की प्रचार प्रसार करें ताकि दूसरे दिन एंड्रॉयड फोन से प्रत्याशियों का चयन सभी मतदाता कर सकें जिस की समय की भी बचत होगी और पूंजी की भी बचत होगी अधिक समय देने से लोग मतदाताओं को खरीदने में लग जाते हैं इसे सही प्रकार की खर्चों से बचत किया जा सकता है। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से चुनाव की निर्धारित तिथि किया जाए और दो दिन में ही आवेदन करने की जानकारी दिया जाए तीसरे दिन जो आवेदन आए हैं उनकी समीक्षा एवं दो दिन के बाद प्रत्याशियों के केवल नाम की सूचना इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रिंट मीडिया तथा एंड्रॉयड फोन से दिया जाए इस परिस्थिति में सभी शिक्षित व्यक्ति उसके एक दिन के बाद अपना मतदान अपने अच्छे ईमानदार प्रत्याशी को दे सकते हैं धन बल, बाहुबल की बचत हो सकती है और सभी कर्मचारियों को इतना लंबा समय तक कार्य नहीं करना पड़ेगा, कम समय में ही मतदान होगा और विधायक, सांसद बन सकते हैं। इस तरह से कार्य करने से पूंजी में अरबो रुपए की बचत हो सकती है जो पूंजी आज और वह खर्चा होता है इसे ही अपने देश का नुकसान होता है और वे विधायक सांसद बनने के बाद आम जनता को लूटने में लग जाते हैं इससे अपराधी व्यक्ति पर प्रबंध तो लगेगा ही स्वच्छ छवि के और ईमानदार व्यक्ति विधायक, सांसद तथा अन्य निम्न स्तरीय चुनाव जीत सकते हैं। इससे जातिवाद एवं धन की खपत के साथ समय की भी बचत होगी।

# कलेक्टर ने जिले वासियों को सफलतापूर्वक निर्वाचन संपन्न होने पर दिया धन्यवाद

पायनियर संवाददाता < सक्ति
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नूपुर राशि पन्ना ने जिले में विधानसभा निर्वाचन 2023 सफलतापूर्वक संपन्न होने पर जिले के सभी नागरिकों, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों, मीडिया प्रतिनिधियों, सुरक्षा बलों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को धन्यवाद देते हुए उनका आभार व्यक्त किया है। कलेक्टर पन्ना ने कहा कि सभी के सहयोग से विधानसभा निर्वाचन 2023 निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। सभी ने टीम भावना से जवाबदारीपूर्वक निर्वाचन कार्य में भागीदारी दी। उन्होंने कहा कि जिले के मतदाताओं ने मतदान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और शांतिपूर्ण मतदान



कराने में भी सहयोग दिया। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों का निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में आवश्यक सहयोग मिला। मीडिया प्रतिनिधियों ने निर्वाचन में महत्वपूर्ण सहभागिता निभाई। कलेक्टर ने शांतिपूर्ण निर्वाचन सम्पन्न कराने के लिए सुरक्षा बलों के जवानों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य में लगे जिले के सभी अधिकारियों-कर्मचारियों ने पूरी निष्ठा और लगन के साथ निर्वाचन कार्य पूरा किया है।

# भावना के जनसेवा के कार्यों पर पंडरिया की जनता ने लगाई जीत की मुहर

## पंडरिया विधानसभा में भाजपा की भावना बोहरा ने दर्ज की अब तक की सबसे बड़े जीत, कांग्रेस और भाजपा प्रत्याशियों में रहा सबसे ज्यादा मत और वोट प्रतिशत का अंतर

पायनियर संवाददाता ‹ कवर्धा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के नतीजे रविवार को घोषित किए गए। प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत हुई। बीजेपी को 55 सीटें मिली है तो वहीं, कांग्रेस के हाथ 35 सीटें आई हैं। गोंगपा को सिर्फएक सीट मिली है। इस दौरान कवर्धा जिले की दो सीटों कवर्धा और पंडरिया में भाजपा ने बड़ी जीत दर्ज की है। इस दौरान भावना बोहरा ने कहा कि मैं सबसे पहले पंडरिया विधानसभा की जनता जनार्दन का हृदय से आभार व्यक्त करती हूँ की चुनाव प्रचार से लेकर नतीजों तक उन्होंने अपना भरपूर स्नेह, समर्थन और आशीर्वाद मुझे प्रदान किया। यह जीत पंडरिया के हर एक व्यक्ति की जीत है, उनकी आकाँक्षाओं और क्षेत्र के विकास के लिए उनके विश्वास की जीत है जिस पर खरा उतरने के लिए मैं अपनी क्षमता से भी बढ़कर कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध हूँ। मैनें अपने पंडरिया के परिवारजनों से जो भी वादे किये हैं वो सभी उनके सहयोग एवं आशीर्वाद से मैं जरुर पूरा करुँगी और पंडरिया विधानसभा को हम पूरे छत्तीसगढ़ के सभी विधानसभाओं से विकास कार्यों में सबसे आगे रखने के लिए एकजुट होकर कार्य करेंगे। इसके लिए पंडरिया विधानसभा की प्रबुद्ध जनता का मार्गदर्शन मुझे हमेशा मिलता रहेगा यह मुझे पूरा विश्वास है। मैं भारतीय जनता पार्टी के केन्द्रीय व प्रदेश नेतृत्व का भी आभार व्यक्त करती हूँ की उन्होंने मुझ पर विश्वास जताया और इतनी बड़ी जिम्मेदारी मुझे दी। उनके विश्वास और चुनाव के दौरान दिन रात एक करने वाले सभी कार्यकर्ता साथियों एवं पदाधिकारियों का भी आभार व्यक्त करती हूँ मेरी इस जीत में उन सभी का विशेष योगदान है।




### भावना को मिले ऐतिहासिक 51 प्रतिशत वोट

पंडरिया विधानसभा की अगर बात करें तो अब तक जितने भी चुनाव हुए हैं उसमें भाजपा से भावना बोहरा ने 51 प्रतिशत वोट के साथ सबसे बड़ी जीत दर्ज की है। भावना बोहरा ने कांग्रेस के नीलू चंद्रवंशी को 26398 वोटों से शिकस्त देते हुए अब तक पंडरिया विधानसभा में ऐतिहासिक 51 प्रतिशत वोट हासिल किये। वोट प्रतिशत के आधार पर देखा जाए तो पंडरिया विधानसभा में 2008, 2013 और 2018 में हुए विधानसभा चुनाव में अब तक भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशियों में सबसे ज्यादा वोट प्रतिशत के साथ भावना बोहरा ने जीत दर्ज की है।

### प्रधानमंत्री मोदी और भावना बोहरा की गारंटी पर जनता ने जताया विश्वास

विधानसभा चुनाव में भाजपा और कांग्रेस दोनों ही पार्टियों ने अपने-अपने घोषणा पत्र जारी किये। भारतीय जनता पार्टी ने इस बार मोदी की गारंटी के नाम से अपना घोषणा पत्र जारी किया जो की जनता और खासकर महिलाओं के बीच काफी प्रभावी रहा। महतारी वंदन योजना के तहत प्रत्येक महिला को प्रतिमाह 1000 रुपए की घोषणा भाजपा का मास्टर स्ट्रोक रहा। इसके साथ ही दो वर्ष का बकाया धान बोनस और 3100 रुपए में 21 क्विंटल/एकड़ धान खरीदी, 18 लाख नए आवास, युवाओं के लिए 1 लाख शासकीय पदों में भर्ती और 6 लाख रोजगार की घोषणा ने प्रदेश में चुनाव को भाजपा के पक्ष में मोड़ने में बहुत बड़ी भूमिका निभाई है। इसके साथ ही भावना बोहरा ने भी पंडरिया विधानसभा के लिए निजी तौर पर भावना दीदी की गारंटी सेवा संकल्प पत्र भी लांच किया जिसपर जनता ने पूरा विश्वास जताया। भावना बोहरा द्वारा जिला पंचायत चुनाव के दौरान किये गए अपने सभी वादों को अपने क्षेत्र में पूरा किया, जिन्हें देखते हुए जनता ने उनके वादों को गंभीरता से लिया और उनकी छवि तथा जनसेवा के उनके द्वारा किये गए कार्यों को भी जनता ने भली भांति देखा है जिससे उनके प्रति जनता में एक सकारात्मक प्रभाव भी दिखा। भावना बोहरा ने अपने घोषणा पत्र में मुख्य रूप से महिला, युवा, शिक्षा और स्वास्थ्य के मूलभूत जरूरतों एवं विकास कार्यों को शामिल किया। उनके द्वारा जनता की समस्याओं के त्वरित निराकरण व अन्य किसी भी प्रकार की दुविधाओं के निराकरण के लिए जनसेवा ही भावना सेवा सुविधा केंद्र की स्थापना,अपने जिला पंचायत क्षेत्र में संचालित छात्राओं के लिए निशुल्क बस सेवा को पूरे विधानसभा में संचालित करने की घोषणा, महिलाओं के लिए कौशल विकास केंद्र, महिला स्वसहायता समूह एवं मितानिनों के लिए भवन, रायपुर में पंडरिया आवासीय भवन, निशुल्क मोबाइल हेल्थ पैथ लैब, निशुल्क एम्बुलेंस सेवा, रायपुर में पंडरिया के विद्यार्थियों के लिए छात्रावास, पंडरिया में महाविद्यालय की स्थापना, स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स, दिव्यांग कल्याण क्लब, नए शक्कर कारखाने की स्थापना व शेयर ट्रांसफर की पुनः शुरुआत, किसान समृद्धि भवन, सुतियापाट नहर विस्तारीकरण, कुकदुर में एकलव्य विद्यालय की स्थापना, आदिवासी क्षेत्रों में विकास कार्य के साथ-साथ सड़क,बिजली,स्वच्छ पानी, नाली निर्माण जैसे मूलभूत व आवश्यक कार्यों को पूर्ण करने की घोषणा जनता के बीच प्रभावी रूप में पहुंची। विगत वर्षों में भावना बोहरा की कार्यशैली, जनसेवा के कार्य, जरुरतमंदों की सहयता व अन्य सामाजिक, धार्मिक एवं राजनैतिक कार्यों ने जनता के बीच में उनके एक विशेष छवि निर्मित की और पंडरिया विधानसभा की जनता ने उनके इन्हीं कार्यों को देखते हुए उन्हें अपना वोट दिया है।

### 393 में से 242 से ज्यादा बूथ में जीती भाजपा

मतदाता और बूथ की दृष्टि से देखा जाए तो पंडरिया विधानसभा में 393 बूथ हैं जो लगभग अन्य विधानसभा की तुलना में अधिक हैं। वहीं मतदाता की दृष्टि से भी पंडरिया विधानसभा एक बड़ी विधानसभा है। इसमें भाजपा से भावना बोहरा ने 393 बूथ में से 242 से अधिक बूथ में जीत दर्ज करते हुए कांग्रेस के नीलकंठ चंद्रवंशी को हराया है। इससे यह स्पष्ट है कि पंडरिया विधानसभा की जनता ने इस बार क्षेत्र के विकास और प्रत्याशी की छवि को प्राथमिकता देते हुए मतदान किया है। जनता ने इस बार प्रत्याशी के द्वारा किये गए कार्यों एवं पूर्व में भावना बोहरा द्वारा किये गए कार्यों और उनके द्वारा पंडरिया विधानसभा के लिए निजी तौर पर जारी किये गए घोषणा पत्र पर विश्वास जताते हुए अब तक की सबसे बड़ी जीत उन्हें दिलाई।

### केंद्रीय मंत्रियों की सभाओं ने भी पंडरिया को बनाया हॉट सीट

छत्तीसगढ़ में हुए विधानसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी.नड्डा, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह और केन्द्रीय नेताओं एवं प्रदेश प्रभारियों ने जमकर मेहनत की। पंडरिया विधानसभा में भी अमित शाह, जे.पी.नड्डा और यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभा को संबोधित किया और भावना बोहरा के पक्ष में चुनाव प्रचार किया। यहां देखने वाली एक बात यह भी रही की भावना बोहरा के निवास ग्राम पंडरिया में गृह मंत्री अमित शाह की सभा में हजारों की संख्या में लोगों की उपस्थिति रही। इससे साफ़हो गया था की जनता आखिर किसे इस बार जिताना चाहती थी और 3 दिसंबर को जनता का जनादेश भाजपा के पक्ष में देखने को मिला।

### बूथ स्तर पर अब तक की सबसे बड़ी जीत

पंडरिया विधानसभा में कुल 7 मंडल हैं जिसमें 393 बूथ हैं। वर्ष 2018 में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा ने यहां से केवल 67 बूथ जीते थे लेकिन 2023 में ऐतिहासिक बढ़त बनाते हुए 242 से अधिक बूथ पर भाजपा ने जीत प्राप्त की। इन 242 बूथों में से 174 ऐसे बूथ हैं जिनमे 2018 में बीजेपी को हार का सामना करना पड़ा था लेकिन इस बार भाजपा ने इन बूथों में बेहतर प्रदर्शन करते हुए बहुमत से जीत दर्ज की है। इसके साथ ही इन 174 में से 22 बूथ ऐसे है जिनमें 2018 में भाजपा को 100 से भी कम वोट मिले थे और 2023 में भाजपा ने इन बूथों पर कड़ी मेहनत करते हुए जीत हासिल की है। भाजपा ने रणवीरपुर मंडल की 86 में से 60 बूथ जिसमें जीत का अंतर 10000 से अधिक रहा, पांडातराई मंडल की 42 में 29 बूथ, इंदौरी मंडल की 57 में से 39 बूथ, कुंडा मंडल की 70 में से 46 बूथ और पंडरिया की 49 में से 28 बूथ पर भाजपा की भावना बोहरा ने जीत दर्ज करते हुए 26 हजार से अधिक वोट से अपनी जीत सुनिश्चित की।

# शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव के लिए कलेक्टर एवं एसपी ने किया अभिनंदन





पायनियर संवाददाता ‹ बलरामपुर
www.dailypioneer.com

नामांकन से लेकर मतदान एवं मतगणना कार्य शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होने पर जिले के कलेक्टर रिमिजियुस एक्का एवं पुलिस अधीक्षक डॉ.लाल उमेद सिंह ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारी सहित प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया को परस्पर सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया है। जिले में 03 दिसंबर को दोनों विधानसभा क्षेत्र के मतगणना का कार्य शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ सुबह से ही मतगणना का कार्य प्रारंभ कर दिया गया था जिसमें जिला प्रशासन सहित जिला पुलिस भी पूरी सक्रियता के साथ सजग रही एवं दिन भर चले मतगणना कार्य के पश्चात देर शाम अंतिम चक्र में मतगणना परिणाम घोषित किए गए तथा विजेता प्रत्याशियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया पूरे मतगणना के कार्य को सफ्लतापूर्वक संपन्न कराने में जिले के कलेक्टर रिमिजियुस एक्का एवं पुलिस अधीक्षक डॉ.लाल उमेद सिंह के दिशा निर्देशन में पूरा अमला लगा रहा।

# रघुनाथनगर पुलिस ने की लाखों रुपए का गांजा जब्त



पायनियर संवाददाता ‹ बलरामपुर
www.dailypioneer.com

जिले के रघुनाथनगर थाना अंतर्गत ग्राम कमलपुर में एक अज्ञात पजेरो वाहन क्रमांक सीजी 15 सीजेड 5715 की पंचर हालत में खड़ी होने की सूचना मिली मौके पर पुलिस ने जब जांच पड़ताल की तो 10 बोरी में से कुल 386 पैकेट गांजे का बंडल निकला जिसकी वजह 368 किलों 600 ग्राम एवम उसकी कीमत 76 लाख रूपये, वहीं पजेरो वाहन की कीमती करीब 28 लाख रूपये, कुल कीमती करीब 01 करोड़ 04 लाख रुपये बताई गई हैं। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज करते हुए अज्ञात वाहन से संबंध रखने वाले आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

# अक्षत कलश यात्रा में शामिल होंगे धर्म स्वावलंबी लोग

पायनियर संवाददाता ‹ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com



मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम जी का प्राण प्रतिष्ठा अक्षत कलश अयोध्या से चल कर नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 15 में स्थित पावर हाउस बैरियर के पास प्रवेश करेगा जिसके स्वागत के लिए आरएसएस के खण्ड कार्यवाहक अंकित कलवार ने नगर के धर्म स्वावलंबी महिलाओं एवं पुरुषों से आग्रह किया गया है कि उनके स्वागत में दोपहर 12:30 बजे धूप दीप एवं पुष्प थाल के साथ उपस्थित होकर अपनी सहभागिता निभाए। तत्पश्चात वही श्रीं हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना करने के बाद नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए भारत माता चौक,लरंगसाय चौक बस स्टैंड;गांधी चौक से वार्ड क्रमांक 11 में स्थित हनुमान मंदिर से होते हुए श्री राम मंदिर में अक्षत कलश स्थापन कर कार्यक्रम का समापन किया जाएगा।

# कलेक्टर ने सफलतापूर्वक निर्वाचन संपन्न होने पर सभी का जताया आभार



पायनियर संवाददाता ‹ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर आकाश छिकारा ने साप्ताहिक समय - सीमा की बैठक में जिला अधिकारियों को जिले में विधानसभा निर्वाचन 2023 सफ्लतापूर्वक संपन्न होने पर जिले के सभी नागरिकों, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों, मीडिया प्रतिनिधियों, सुरक्षा बलों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को धन्यवाद देते हुए उनका आभार व्यक्त किया। कलेक्टर छिकारा ने कहा कि सभी के सहयोग से विधानसभा निर्वाचन 2023 निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। सभी ने टीम भावना से जवाबदारीपूर्वक निर्वाचन कार्य में भागीदारी दी। उन्होंने कहा कि जिले के मतदाताओं ने मतदान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और शांतिपूर्ण मतदान कराने में भी सहयोग दिया। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों का निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में पूर्ण सहयोग मिला। मीडिया प्रतिनिधियों ने निर्वाचन में महत्वपूर्ण सहभागिता निभाई। कलेक्टर ने शांतिपूर्ण निर्वाचन सम्पन्न कराने के लिए सुरक्षा बलों के जवानों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य में लगे जिले के सभी अधिकारियों-कर्मचारियों ने पूरी निष्ठा और लगन के साथ निर्वाचन कार्य पूरा किया।

# क्लैट 2024 परीक्षा आसान से मध्यम रही

पायनियर संवाददाता ‹ भिलाई
www.dailypioneer.com

TOP RANKERS
where career starts

क्लैट 2024 में 120 प्रश्नों के साथ एक अद्यतन परीक्षा पैटर्न था और संशोधित पेपर पैटर्न ने अनिश्चितता के बादल पैदा कर दिए थे, हालांकि, सभी की उम्मीदों के विपरीत क्लैट 2024 का पेपर आसान से मध्यम था। 105 से अधिक प्रयासों की एक अच्छी संख्या है और शीर्ष 3 राष्ट्रीय लॉ स्कूलों के लिए 90 से अधिक एक अच्छा स्कोर है। अनुभागीय विश्लेषण की बात करें तो अंग्रेज़ी अनुभाग आसान था। प्रश्न साहित्य-आधारित और मुद्दे से संबंधित थे और इन्हें समाप्त करके हल किया जा सकता था। कोई शब्दावली प्रश्न नहीं थे। सामान्य ज्ञान सेक्शन आसान था और अधिकांश प्रश्न पेसेज पर आधारित थे। कुछ प्रश्न 'क्यों' पर थे और विश्व के मामलों और राजनीतिक घटनाओं पर प्रश्न थे जैसे G-20, गाजा स्ट्रिप, इसरो, और जलियांवाला बाग। मात्रात्मक योग्यता अनुभाग आसान से मध्यम था और इसमें बुनियादी मामले थे। जनसंख्या सर्वेक्षण पर आधारित प्रश्न अपेक्षाकृत लंबे थे। अनुपात और समानुपात के बारे में प्रश्न थे। कानूनी तर्क अनुभाग की बात करें तो किशोर न्याय अधिनियम, शून्य और अमान्यकरणीय विवाह, व्यक्तिगत डेटा संरक्षण विधेयक आदि पर छोटे अनुच्छेदों के साथ अनुभाग आसान था। एक प्रश्न केस आधारित था और अनुभाग में ज्यादातर वर्तमान कानूनी ज्ञान पर प्रश्न थे। तार्किक तर्क अनुभाग में उत्पादन दक्षता पर थोड़े भ्रमित करने वाले अंश के साथ अनुभाग को मॉडरेट करना आसान था। इस खंड में अनुमान, ताकत और कमजोरी पर कुछ प्रश्नों के साथ अनुच्छेदों की लंबाई आश्चर्यजनक रूप से कम थी। क्लैट 2024, इसके संशोधित पैटर्न के बावजूद, आश्चर्यजनक रूप से 120 प्रश्नों के साथ अपेक्षाकृत अद्यतन अनुभागों में साहित्य-आधारित अंग्रेजी, मार्ग-केंद्रित जीके और प्रबंधनीय कानूनी तर्क के साथ-साथ आसान-से-मध्यम अनुभाग शामिल रहे जैसे क्वांटिटेटिव एप्टीट्यूड और लॉजिकल रीजनिंग ने छात्रों के लिए अनुकूल स्कोर प्राप्त करने के उच्च अवसर प्रदान किये। इच्छुक कानून छात्रों, अभिभावकों, शिक्षकों को क्लैट के बाद के परिदृश्य को समझने और पिछले वर्ष के परीक्षा रुझानों की समीक्षा करने के लिए मार्गदर्शन करने के लिए हम 11 दिसंबर 2023 को शाम 4 बजे क्लैट 2024 के बाद क्या होगा शीर्षक से एक-पर-एक परामर्श सत्र आयोजित करेंगे। इसके लिए छात्र हमारा लीगलएज भिलाई। केंद्र, न्यू सिविक सेंटर,भिलाई II में आ सकते है या 7000954770 पर कॉल करें, लीगलएज बाय टॉपरैंकर्स, भिलाई केंद्र के प्रमुख श्रेयस एस कुमार ने कहा। यह वन टू वन सत्र इच्छुक कानून अभ्यर्थियों को क्लैट 2024 परीक्षा के बाद उनके विकल्पों और रास्तों के बारे में मार्गदर्शन करेगा। कानून के क्षेत्र में प्रतिष्ठित वक्ताओं और अनुभवी पेशेवरों की उपस्थिति में, यह कार्यक्रम उपलब्ध विभिन्न कैरियर अवसरों, आगे की पढ़ाई के लिए रणनीतियों और क्लैट के बाद की यात्रा के लिए व्यावहारिक सलाह में अमूल्य अंतर्दृष्टि प्रदान करेगा।

# जिले में मूलभूत प्रशासनिक सुविधाओं को करें मजबूत : कलेक्टर छिकारा

## पिछले छः माह में 40 हजार से अधिक लोगों को मिला घर पहुंच पेंशन का लाभ, विशेष शिविरों के माध्यम से 89 हजार अधिक लोगों का बना आयुष्मान कार्ड

पायनियर संवाददाता ‹ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



जिले में विधानसभा निर्वाचन सम्पन्न होने के पश्चात आदर्श आचार संहिता समाप्त हो गया है। कलेक्टर आकाश छिकारा ने समय-सीमा की समीक्षा बैठक लेकर प्रशासनिक कार्यों और जनहित के कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि अधिकारी - कर्मचारी प्रशासन के कार्यों को गंभीरतापूर्वक करें और विभागीय कार्यों में प्रगति लाये। कलेक्टर छिकारा ने सभी अधिकारियों को कहा कि मूलभूत प्रशासनिक सेवाएं प्रदान करने के लिए सक्रियता और गंभीरता से काम किया जाये। जिससे जिलेवासी सभी शासकीय सेवाओं से आसानी से लाभान्वित हो। साथ ही निर्माण और विकास कार्यों में भी तेजी आये। जिन निर्माण कार्यों के लिए बजट स्वीकृत हो गई है, उनका निर्माण कार्य समय से शुरू किया जाये। तथा अपूर्ण निर्माण कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूर्ण कराये। कलेक्टर ने लोक सेवा गारंटी अधिनियम, जन शिकायत, जनचौपाल, समय - सीमा, चैटबोट संवाद के माध्यम से प्राप्त आवेदनों के प्रकरणों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि नीति आयोग द्वारा आंकाविकासखंड प्रोग्राम के तहत जिले के गरियाबंद एवं मैनपुर विकासखंड का चयन किया गया है। इन विकासखंडों के लिए एक - एक फैलो की नियुक्ति की गई है। जो उनके नोडल रहेंगे और संबंधित जनपद में रहकर निर्धारित पैरामीटर के अनुसार दिये गये कार्यों में प्रगति लाएंगे। कलेक्टर ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत प्लास्टिक वेस्ट मेनेजमेन्ट यूनिट की स्थापना ओडीएफ के लिए 100 परिवारों से कम बसाहट वाले गांव की कार्ययोजना बनाकर 50 प्रतिशत गांवों को 30 दिसम्बर तक मॉडल गांव के रूप में विकसित करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर वनमण्डाधिकारी मणीवासगन एस., उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरूण जैन, जिला पंचायत के सीईओ रीता यादव, अपर कलेक्टर अविनाश भोई, संयुक्त कलेक्टर नवीन भगत, समस्त अनुविभागीय अधिकारी एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# अमेजन फैशन के वेडिंग स्टोर को कहें 'हां' और नए अंदाज़ में बढ़ाएं शादियों के मौसम की खूबसूरती

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

शादी का मौसम रंगों, रीति-रिवाजों और उत्सवों की खूबसूरती को समेटे एक बेहद जीवंत और खुशनुमा मौका होता है। उत्सव की इसी रंगत को साथ लिए अमेजन फैशन का वेडिंग स्टोर वेडिंग स्टोर आगामी शादी के सीजन के लिए वन स्टॉप डेस्टिनेशन बनकर सामने आया है। आप चाहे दुल्हन हों, दुल्हन की सहेली हों, दूल्हे की बहन हों, या दूल्हे के पिता हों, सबसे अच्छे दोस्त हों, या चचेरे भाई हों, यहां सभी के लिए सब कुछ है। लेटेस्ट स्टाइल और ट्रेंड के साथ इस स्टोर को खासतौर पर तैयार किया गया है। यह स्टोर हर हाल में यह सुनिश्चित करेगा कि आप इस शादी के मौसम में सबसे बेहतरीन लुक में दिखें। दुल्हनों के लिए यहां खूबसूरत लहंगे, स्टाइलिश और आरामदायक सैंडल, ट्रेंडी बैग की शानदार रेंज पेश की गई है। वहीं दूल्हे अपने लुक में चार चांद लगाने के लिए खूबसूरत शेरवानी, पारंपरिक जूतियां और स्टाइलिश घड़ियों की खरीदारी कर सकते हैं। इस स्टोर पर सोच, मीना बाज़ार, कल्याण सिल्क्स, ज़ेनेम, वोयला, माइकल कोर्स, रितु कुमार, गेस, हश पप्पीज़,फॉस्टो, एल्डो, मोकोबारा, वस्त्रमय, बीबा, मान्यवर, मोची, टॉमी हिलफिगर जैसे 150 से अधिक प्रतिष्ठित ब्रांडों की 45000 से अधिक लेटेस्ट स्टाइल्स का एक विशाल संग्रह उपलब्ध कराया गया है। यह वेडिंग स्टोर एक शानदार कीमत के साथ आपको अपना मनचाहा लुक पाने का मौका देता है। आप यहां से पूरे आत्मविश्वास और आसानी के साथ खरीदारी कीजिए। आप इस बात का पूरा भरोसा रखें कि आपकी शादी की पोशाक विशेषज्ञों के हाथों में है। ग्राहक इस स्टोर पर एथनिक वियर कलेक्शन पर 70 प्रतिशत तक की खास छूट का लाभ उठा सकते हैं।

# तन-मन-धन से समर्पित होकर कार्यकर्ताओं के बलबूते ऐतिहासिक चुनाव परिणाम आए : डॉ रमन

## पैसों से राजनांदगांव की जनता को खरीदा नहीं जा सकता

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह रायपुर स्थित अपने निवास स्थान पर कार्यकर्ताओं से भेंट मुलाकात में व्यस्त हैं। प्रदेश भर से हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौलश्री विहार पहुंचकर डॉ रमन सिंह को बधाईयां दे रहे हैं। राजनांदगांव से भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश पटेल के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण एवं शहर मंडल से कार्यकर्ता भी यहां पहुंचे और उन्हें जीत की शुभकामनाएं दीं।

जीत से अभिभूत डॉक्टर रमन सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि राजनांदगांव की ऐतिहासिक जीत ने प्रदेश को नया संदेश दिया है कि धन बल से चुनाव नहीं जीता जा सकता। भूपेश बघेल के करीबी प्रत्याशी ने आखिरी दिनों में करोड़ों रुपए मतदाताओं तक पहुंचाएं। परंतु राजनांदगांव की जनता ने रुपए को नजरंअदाज कर नरेंद्र मोदी की गारंटी योजना पर विश्वास व्यक्त किया और यहां के कार्यकर्ताओं ने तन मन धन से समर्पित होकर बहुत कम खर्चे में भारतीय जनता पार्टी के समर्थन में लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि - राजनांदगांव में कांग्रेस की हार से भूपेश बघेल की करारी हार हुई है, क्योंकि वह सर्वाधिक समय तक राजनांदगांव में सक्रिय रहे, और इस सीट को उन्होंने प्रतिष्ठा का प्रश्न बनाया। मतदान के बाद पूरे देश में डॉ रमन सिंह हार रहे हैं का झूठा प्रचार किया। परंतु परिणाम आने पर तीन गुना ज्यादा आशीर्वाद देकर राजनांदगांव की जनता ने भूपेश बघेल को करारा जवाब दिया है। डॉ रमन सिंह ने ग्रामीण एवं शहर के सभी बूथों पर विजयी होने पर सभी मतदाताओं का आभार व्यक्त किया है। सिंह ने भाव के साथ कहा की



राजनांदगांव के समस्त कार्यकर्ताओं का मैं दिल से आभार व्यक्त करता हूं, उन्होंने कहा कि अब पांच माह बाद होने वाले लोकसभा चुनाव में कार्यकर्ता जी जान से जुट जाए। इस अवसर पर डॉ रमन सिंह ने छत्तीसगढ़ की 11 की 11 लोकसभा सीटो पर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार विजयी बनाने का संकल्प भी कार्यकर्ताओं को दिलाया।

### पहले कैबिनेट में मोदी गारंटी योजना पर अमल करेंगे

डॉ रमन सिंह ने महत्वपूर्ण बात कही कि भाजपा की सरकार बनते ही पहली कैबिनेट में मोदी गारंटी योजना पर क्रियान्वयन किया जाएगा, और सभी योजनाओं को केंद्रीय नेतृत्व के मार्गदर्शन में शत प्रतिशत लागू किया जाएगा। इस अवसर पर प्रमुख रुप से संतोष अग्रवाल, सचिन बघेल, कोमल सिंह राजपूत, लीलाधर साहू, तरुण लहरवानी, रोहित चंद्राकर, सावन वर्मा, आभा तिवारी, एकता अग्रहरि, रघुवीर वाधवा, राजेंद्र गोलछा, सौरभ कोठारी, आकाश चोपड़ा, व्यापारी प्रकोष्ठ से संयोजक राजा मखीजा, राजेश गुप्ता, आलोक बिंदल, भावेश बैद, गगन आइच, कमलेश सूर्यवंशी, राजकुमार बाफना, विष्णु अग्रवाल, बंटी जैन, हकीम खान, गिन्नी चावला, मनीष गोलछा, बंटी भाटिया, दामू भूतड़ा, योगेश दत्त मिश्रा, विकास तिवारी, श्यामा सुखदेव, मूलचंद भंसाली, रवि सिन्हा, भागचंद गिडिया, प्रकाश बाफना, संजय लोहिया, कृष्णा तिवारी,सहित सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# डॉक्टर देवेंद्र नायक के जन्मदिन के अवसर पर विजय बहादुर सिंह ने शुभकामनाएं दी

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

बीते दिनों श्री बालाजी ग्रुप ऑफ़हॉस्पिटल एवं कॉलेज व राष्ट्रीय अखबार पायनियर रायपुर के चेयरमेन डॉक्टर देवेंद्र नायक के जन्मदिन के अवसर पर राजनांदगांव ब्यूरोचीफविजय बहादुर सिंह ने उन्हें राजधानी रायपुर स्थित मुख्यालय में पहुंचकर शुभकामनाएं दी।



# शासकीय कन्या शिक्षा परिसर अंबागढ़ चौकी में प्रवेश परीक्षा 21 फरवरी को

**मोहला।** शासकीय कन्या शिक्षा परिसर अंबागढ़ चौकी जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में कक्षा छठवीं के लिए कुल 39 सीट जिसमें 29 सीट अनुसूचित जनजाति के लिए, 07 सीट अनुसूचित जाति के लिए और अन्य पिछड़ा वर्ग सामान्य के लिए 03 है। जिसमें कक्षा पांचवी में अध्ययनरत छात्राओं को 2024-25 में प्रवेश दिया जाना है। प्रवेश का विवरण निम्नानुसार है, प्रवेश फार्म वितरण तिथि 15.12.2023 से 15.01.2024 दोपहर 3:00 बजे तक वितरण किया जायेगा। फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 15.01.2024 दोपहर 3:00 बजे तक जमा लिया जायेगा। प्रवेश परीक्षा की तिथि एवं समय 21.02.2024 दिन बुधवार समय 11:00 बजे से 12:30 तक निर्धारित किया गया है। आवेदन फार्म कार्यालयीन समय में संस्था से प्राप्त किया जा सकता है। प्रवेश फार्म विद्यार्थी स्वयं या पालक के द्वारा कार्यालय में जमा किया जा सकता है। आवेदन फार्म शुल्क 50 रूपये निर्धारित किया गया है। जिसकी रसीद दी जाएगी एवं संस्था से प्रदाय फार्म ही मान्य होगा, फोटोकॉपी मान्य नहीं होगा।

# डोंगरगांव के डाकघर में चोरी का आरोपी गिरफ्तार आरोपी से चोरी का मोबाईल जब्त, सदर की कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ➤ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

नगर के स्थित डाकघर में 29 नवंबर की रात्रि चोरी की घटना का आरोपी गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी युवक नगर का ही निवासी निकला। आरोपी के कबूलनामे के बाद चोरी का मोबाईल जब्त कर सदर की कार्रवाई की गई है। पुलिस ने धारा 457, 380 आईपीसी के आरोपी को ज्यूडिशियल रिमांड पर भेज दिया है। पुलिस की आधिकारिक जानकारी मुताबिक 29 नवंबर की रात्रि में डोंगरगांव नगर के बस स्टैंड समीप डाकघर में चोरी की वारदात हुई थी। इस घटना पर पुलिस ने धारा 457, 380 के तहत मामला दर्ज हुआ था। जिला पुलिस एसपी मोहित गर्ग के निर्देशन, एडिशनल एसपी राहुल देव शर्मा व नगर



अधीक्षक दिलीप सिसोदिया के मार्गदर्शन में अपराध के खिलाफ जारी अभियान के तहत डोंगरगांव प्रभारी उपेन्द्र कुमार द्वारा कार्रवाई हेतु सर्च तेज किया गया।

### मोबाईल बेचने दौरान गिरफ्तार

मुखबिर से किसी युवक द्वारा मोबाईल बेचने की खबर मिलने पर संदेही से बारीकी से पूछताछ में आरोपी युवक राहुल टांडेकर 19 वर्ष, साकिन वार्ड 02 डोंगरगांव नगर ने जुर्म कबूल किया। पुलिस ने आरोपी से सैमसंग मॉडल को जब्त किया। पुलिस आरोपी युवक राहुल को सदर के तहत कार्रवाई कर ज्यूडिशियल रिमांड में भेज दिया है।

# डॉ. रमन से मिलने रवाना हुए पार्षद, अविश्वास प्रस्ताव को आगे बढ़ाएगी भाजपा!

## निगम में अविश्वास प्रस्ताव को लेकर माहौल गर्म

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

नगर निगम राजनांदगांव में कांग्रेसी महापौर हेमा देशमुख के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का मसला फिर सामने आने के बाद से निगम में सुगबुगाहट तेज है। मंगलवार को सारे भाजपा पार्षद निगम में जुटे और यहां से गाड़ियों के काफिले में रायपुर रवाना हुए। पार्षद राजधानी में डॉ. रमन सिंह से मुलाकात करेंगे। निगम के लिहाज से कई मायनों में यह मुलाकात महत्वपूर्ण मानी जा रही है। सोमवार को भाजपा की सरकार बनते ही नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु के साथ भाजपा पार्षदों ने निगम के सामने ही आतिशबाजी और ढोल-नगाड़ों के साथ जश्न मनाया था। भाजपा के इस जश्न के बीच ही महापौर हेमा देशमुख ने आनन-फानन में एमआईसी की बैठक बुला ली थी। हालांकि, उन्होंने इसे सामान्य बैठक ही बताया लेकिन चर्चा है कि वे शहर



में कांग्रेस के खिलाफ मतदाताओं की नाराजगी और अविश्वास प्रस्ताव को लेकर चिंतित हैं। जानकारी के मुताबिक बैठक में 15-16 पार्षद ही शामिल हुए। इस बैठक में कांग्रेस पार्षदों को एकजुट रहने और सत्ता के लालच में न आने की नसीहत दी गई है। अविश्वास प्रस्ताव को लेकर भी चर्चा कर निगम में सत्ता संभाले रखने की बात कहे जाने की भी जानकारी है। कई पार्षदों ने खुद को इस बैठक से अलग रखा, इसे लेकर भी कई तरह की चर्चाएं हो रही हैं।

### कांग्रेस मजबूत, लेकिन महापौर की स्थिति नाजुक

निगम में 51 वार्ड हैं। मौजूदा समय में 31 पार्षद कांग्रेस और 19 भाजपा के हैं। एक पार्षद अन्य दल से भी हैं। अविश्वास प्रस्ताव को पास करने के लिए करीब 37 पार्षदों की जरूरत पड़ेगी। भाजपा के लिए ये आसान आंकड़ा नहीं है और कांग्रेस मजबूत है। लेकिन महापौर हेमा देशमुख के लिए स्थिति नाजुक बनी हुई है। वे अपने पार्षदों के बीच तालमेल नहीं बिठा पाई हैं, कईयों में उन्हें लेकर नाराजगी है। सोमवार को बुलाई गई बैठक में भी 15 ही पार्षदों की मौजूदगी इसे और हवा दे रही है। राजनांदगांव में कांग्रेस के निराशाजनक प्रदर्शन को लेकर भी संगठन के फैसले से महापौर प्रभावित हो सकती हैं।

# फसल बीमा हेतु अधिसूचना जारी, अंतिम तिथि 31 दिसंबर

पायनियर संवाददाता ➤ खैरागढ़
www.dailypioneer.com


कृषकों के फसल को प्रतिकूल मौसम, सूखा, बाढ़, जलप्लावन, कीटव्याधि, ओलावृष्टि आदि प्राकृतिक आपदाओं से कृषकों होने वाले नुकसान से राहत दिलाने हेतु छ.ग. शासन द्वारा मौसम रबी 2023-24 के लिये प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की अधिसूचना जारी कर दी गई है। जिले के किसान मुख्य फसल-गेहू सिंचित, गेहू असिंचित, चना एवं अन्य फसल अलसी, सरसो का बीमा करा सकते है। बीमा में शामिल किये जाने वाले कृषक प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत ऋणी एवं अऋणी कृषक जो भू-धारक व बटाईदार हो सम्मिलित हो सकते है। अधिसूचित फसल उगाने वाले सभी गैर ऋणी कृषक जो योजना में सम्मिलित होने के इच्छुक हो वे बुआई पुष्टि प्रमाण पत्र सत्यापित कर एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर योजना में सम्मिलित हो सकते है। बीमा हेतु प्रीमियम राशि दरः- प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत् खरीफ फसलों के लिये 1.5 प्रतिशत कृषक प्रीमियम राशि निर्धारित है, जिसके अनुसार कृषक द्वारा देय प्रीमियम राशि रू. 630/- गेंहू सिंचित एवं रु. 345/- गेंहू असिंचित हेतु प्रति हेक्टेयर की दर से देय होगा। इसी प्रकार कृषक द्वारा चना फसल हेतु रू. 570/-, अलसी फराल हेतु रू. 240/-, सरसो फसल हेतु रू. 345/- प्रति हेक्टेयर की दर से देय होगा।

# मिचौंग का असरः मौसम बदला, बारिश जारी, खरीदी प्रभावित हो रही, धान के खराब होने की आशंका

## दिन-रात का तापतान एक समान, ठिठुरन बढ़ी

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

चक्रवाती तूफान मिचौंग के असर से बारिश और ठंडी हवाओं ने जनजीवन प्रभावित किया है। इसका बड़ा असर धान की खड़ी फसल पर भी पड़ा है जिसे लेकर किसान चिंतित हैं। जिले के अलग -अलग हिस्सों में बारिश दर्ज की गई है। सोमवार-मंगलवार की दरम्यानी रात से ही सुबह तक बारिश जारी रही। इसके बाद मंगलवार की देर शाम दोबारा बारिश हुई है। आसार हैं कि अभी चक्रवाती तूफान मिचौंग का असर कुछ और दिनों तक रह सकता है। 7 दिसंबर तक प्रदेश के अलग-अलग जिलों में बारिश की संभावना बनी रह सकती है, ऐसा मौसम विभाग का अनुमान है। इससे कुछ दिनों पहले भी बेमौसम बारिश हुई थी। लगातार बदल रहे मौसम का प्रभाव ठंड और बढ़ा रहा है। संभावना है कि, इस बार पिछले कुछ सालों की अपेक्षा ज्यादा ठंड बढ़ेगी। दूसरी ओर दिसंबर माह के पहले सप्ताह में मौसम में लगातार हो रही फेरबदल



से किसानों को अपने फसल की चिंता सताने लगी है। पिछले एक-दो दिनों से आसमान में बादल छाने और सर्द हवाएं चल रही है। कई जगहों पर खड़ी फसल लेट गई है। इसके खेतों में जमा पानी से खराब होने की आशंका है। किसानों के लिए चुनौतियां कम नहीं हो रही है। धान खरीदी भी इससे प्रभावित हो रही है। धीमे परिवहन के चलते सहकारी समितियां भी चिंतित हैं। प्रबंधकों को धान को नुकसान से निपटना पड़ रहा है।

### तापमान गिरा, ठिठूरन बढ़ी

सोमवार से बदले मौसम और बारिश के चलते तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। अधिकतम तापमान भी सामान्य से 2 डिग्री नीचे चला गया है। दिन में तापमान 21 डिग्री और रात में 20 डिग्री दर्ज किया गया है। इस हालात में ठिठुरन बढ़ी है जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ है। अभी कुछ दिनों तक और बारिश के आसार बने रहने की संभावना है।

# त्रुटिपूर्ण मतदान व अपूर्ण मतगणना की शिकायत लेकर पहुंची कांग्रेस

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता एवं राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी गिरीश देवांगन के निर्वाचन अभिकर्ता रूपेश दुबे एवं कांग्रेस के टेबल नं 11 के गणना एजेंट महेंद्र शर्मा ने निर्वाचन आयोग से बूथ नंबर 123 की मतों की गणना ना करने के निर्णय पर आपत्ती दर्ज कराते हुए निर्वाचन आयोग दिल्ली एवं रायपुर हेतु दस्तावेजी प्रमाण सहित शिकायत सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी से की है। प्रवक्ता एवं निर्वाचन अभिकर्ता रूपेश दुबे ने बताया कि निर्वाचन के दौरान बूथ न 123 में ईवीएम से मतदान संपन्न कराया गया। पीठासीन अधिकारी में मतगणना प्रपत्र 17ङ तैयार करते है। साथ-साथ उसे प्रपत्र सी और सी यू के अंतर होने की स्थिति उसकी वीवीपैट से की जाती है लेकिन आयोग ने हार जीत के अंतर को आधार बना कर एक अव्यवहारिक निर्देश जारी किया है। साथ ही प्रपत्र 20 में उसे मतों का लिखा भी नहीं जाना संपूर्ण निर्वाचन के मतगणना को अपूर्ण प्रमाणित करता है। अपूर्ण मतगणना में घोषित परिणाम अवैध है। मतगणना के दौरान ही रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष आपत्ति दर्ज कराकर बूथ नंबर 123 मतों की गणना करने एवं गणना पूर्ण होने तक निर्वाचन प्रमाण पत्र जारी नहीं करने हेतु आवेदन दिया गया था किंतु आयोग के अव्यवहारिक निर्देश को आधार बनाकर आपत्ति निरस्त कर दी गई। ऐसी स्थिति में ऐसे अव्यवहारिक निर्देश को निरस्त करने के लिए एवं इस निर्णय के कारण अपूर्ण मतगणना में हुए परिणाम की घोषणा को निरस्त करते हुए राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचन को निरस्त करने हेतु शिकायत प्रस्तुत की गई है।

# अब प्रत्येक मंगलवार को कलेक्टर जनदर्शन

**मोहला ।** जिला स्तर पर अब प्रत्येक मंगलवार को कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम के माध्यम से जिले के नागरिकगणों की समस्याएं सुनी जाएगी। कलेक्टर श्री एस जयवर्धन के साथ ही जिले के अन्य अधिकारीगण के द्वारा कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम में उपस्थित होकर नागरिकगणों की समस्याओं को सुनने के साथ ही यथोचित निराकरण किया जाएगा। नागरिकगण दोपहर 1:00 बजे से उपस्थित होकर अपने समस्यों से संबंधित आवेदन प्रेषित कर सकते है।

## कांग्रेस की अधूरी घोषणाएं और प्रतीक्षित मांगों को पूरा करने का दारोमदार डॉ. रमन पर

# मेडिकल कॉलेज में उन्नत सुविधाओं की पहले बहाली चाहते हैं नागरिक, कार्यालयों को वापस लाने की मांग भी अभी से तेज

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

डॉ. रमन सिंह की ऐतिहासिक जीत और भाजपा की सरकार बनने के बाद संस्कारधानी खुद से छिना गया सम्मान वापस चाहती है। सोशल मीडिया में इसकी मांग तेज हो गई है। जो मांगे सामने रखी जा रही हैं उनमें सबसे महत्वपूर्ण है, राजनांदगांव मुख्यालय से स्थानांतरित किए गए विभागीय कार्यालय और मेडिकल कॉलेज में जरुरी उपकरणों की उपलब्धता। इसके अलावा भी खेल और मैदान के साथ ही कई और विकास कार्यों के सपने नागरिक संजोने लगे हैं। पांच साल उपेक्षित महसूस करने वाले शहर को फिर से रौनक लौटने की उम्मीद है। कांग्रेस सरकार में प्रशासनिक कसावट का हवाला देते हुए 3 साल पहले छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण का अधीक्षण अभियंता कार्यालय, लोक निर्माण विभाग का सेतु निर्माण संभाग कार्यालय और



एडीबी सड़क परियोजना कार्यालय को दुर्ग स्थानांतरित कर दिया था। पाठ्य पुस्तक निगम के कार्यालय को भी यहां से ले जाया गया। इसे लेकर उस दौरान विरोध प्रदर्शन भी हुए थे। चुनाव के दौरान भी विभागीय कार्यालयों के स्थानांतरण की कार्यवाही मुद्दा बनी और भाजपा ने लगातार कांग्रेस सरकार को निशाने पर लिया। राजनांदगांव से भेदभाव का आरोप लगते रहे और कांग्रेस इस पर कुछ कह न सकी। दिग्विजय स्टेडियम, अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम की स्थिति को लेकर भी कई तरह की मांगे कांग्रेस पूरी नहीं कर सकी। हॉकी स्टेडियम के लिए तो की गई करोड़ों की घोषणाएं भी अधूरी ही रहीं। इस तरह के कई और घोषणाएं और मांगे रही जिन्हें कांग्रेस सरकार में नज़र अंदाज किया गया।

### महापौर ने श्रेय लेने दोबारा घोषण करवाई, लेकिन मेडिकल कॉलेज को कुछ नहीं मिला

निवृतमान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भेंट-मुलाकात कार्य म के दौर में मेडिकल कॉलेज को एमआरआई और सीटी स्कैन की मशीनें उपलब्ध करवाए जाने की घोषणा सुकुल दैहान में की थी। तब महापौर हेमा देशमुख ने श्रेय लेने के लिए दोबारा इसकी घोषणा राजनांदगांव के सर्किट हाऊस में आयोजित पत्रकारवार्ता में सीएम से करवाई थी। लेकिन तकरीबन पूरा साल बीतने के बाद भी कांग्रेस सरकार ने इस घोषणा पर अमल नहीं किया। नागरिकों में इस वायदा खिलाफी को लेकर भी आक्रोश रहा। अब भाजपा सरकार से नागरिकों ने मेडिकल कॉलेज को उन्नत और तकनीकी रुप से विकसित करने की उम्मीद पाली है। राजनांदगांव की जनता अपनी मूलभूत जरुरतों, विकास और अपने सम्मान के लिए लालायित है। यही कारण भी दिखता है कि मतदाताओं ने इस बार डॉ. रमन सिंह को 45 हजार से ज्यादा वोटों की ऐतिहासिक जीत सौंपी है। डॉ. रमन सिंह पर जनता का विश्वास उनके लिए एक बड़ी जिम्मेदारी है।

### ग्रामीण इलाके भी विकास से अछूते रहे, सिर्फ घोषणाएं हुई

सुरगी-हल्दी-कुम्हालोरी मार्ग की जर्जर स्थिति पिछले एक साल में बड़ा मुद्दा बनीं। तब भूपेश बघेल ने भेंट मुलाकात कार्य म में इस सड़क निर्माण के लिए भी घोषणा की लेकिन फिर एक बार ये घोषणा... सिर्फ घोषणा ही साबित हुई। भाजपा ने यहां जंगी प्रदर्शन किए और नागरिकों ने खुलकर कांग्रेस की कार्यशैली का विरोध किया। नांदगांव विधानसभा के एक बड़े ग्रामीण हिस्से की यही स्थिति रही। ये क्षेत्र विकास से अछूते रहे और योजनाओं का क्रियान्यन भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया। गौठान निर्माण के नाम पर भी भ्रष्टाचार के आरोप लगे और भाजपा ने इस मामले में भी कांग्रेस को जमकर घेरा।

# राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन

## स्कूली बच्चों को साईबर अपराध, यातायात के बारे में दी गई जानकारी






पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

मनोरा स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय मनोरा में छत्तीसगढ़ के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन मनोरा के ग्राम कांटाबेल संस्था के प्राचार्य आर बी निराला के मार्गदर्शन में आशुतोष शर्मा कार्यक्रम अधिकारी के द्वारा आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत संस्था के प्राचार्य आरबी निराला ने स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की उन्होंने कहा कि युवाओं को स्वामी विवेकानंद के प्रमुख वाक्य उठो जागो और तब तक चलो जब तक की लक्ष्य को प्राप्त न हो जाए इस उद्देश्य की प्राप्ति हेतु युवाओं को हमेशा तैयार रहना चाहिए और रा से यो की मुझको नही तुझको की विचार को अंगीकृत करना चाहिए। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम के अंतर्गत अधिकारी आशुतोष शर्मा ने बताया कि इस विशेष शिविर में विभिन्न प्रकार की जागरूकता रैली प्रभात फेरी, परियोजना कार्य और बौद्धिक चर्चा पर कार्यक्रम को संपन्न किया गया। प्रतिदिन बौद्धिक चर्चा हेतु विशेषज्ञों को आमंत्रित किया जा रहा है। राष्ट्रीय सेवा योजना का कार्यक्रम में जशपुर के पुलिस अधिकारी अशोक राठौर और सरोज महतो के द्वारा कैम्प में बौद्धिक चर्चा में उपस्थित हुए और विद्यालय प्रांगण में बृक्षा रोपण कर मानव तस्करी, साईबर अपराध, यातायात दुर्घटनाओं से बचने के उपाय तथा विभिन्न प्रकार की जानकारियां छात्र-छात्राओं को अवगत कराया गया। इस अवसर पर संस्था के शिक्षक शिक्षिकाएं मुक्तिप्रकाश एक्का मीनाक्षी श्रीवास्तव, दिनेश त्रिपाठी, सत्यम मांझी, मनीष कुंज, मुक्तेश्वर राम सुमित लाल मधुबाला कैथवास, जे एन बैरागी सुमन एक्का भुनेश्वर कुंज, देवंती और सुषमा दल नायक अनित तिर्की, स्नेहा साक्षी, नेहा चौहान, तथा माध्यमिक शाला की शिक्षक शिक्षिकाएं बच्चे और ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# अखिल वैश्विक क्षत्रिय महासभा ट्रस्ट के यूपी प्रदेश मंत्री नगर पहुंचे

## राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुरेश सिंह बैस ने अभिनंदन पत्र से सम्मानित किया

पायनियर संवाददाता ➤ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



अखिल वैश्विक क्षत्रिय महासभा ट्रस्ट के यूपी प्रदेश मंत्री सूर्यभान सिंह का यूपी प्रतापगढ़ से छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान नगर आगमन हुआ। इस अवसर पर उनके साथ जिला मीडिया प्रभारी शैलेश सिंह भी मौजूद थे।ज्ञातव्य हो कि सूर्यभान जी ने संगठन में अपने अनेक उल्लेखनीय और उत्कृष्ट कार्यों के लिए तन मन धन से समर्पित रहे हैं। इस दौरान उन्होंने समाज के दिव्यांग जोड़ियां का अपने अथक प्रयासों से विवाह संपन्न कराया है। समाज के अलावा अन्य लोगों के भी उल्लेखनीय मदद के लिए अपना सार्थक सहयोग प्रदान करते हैं। अखिल वैश्विक क्षत्रिय महासभा ट्रस्ट के संगठनात्मक प्रवास के दौरान आज इनका राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुरेश सिंह बैस के निवास पर आगमन हुआ। जहां राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुरेश सिंह बैस ने उनका स्वागत करते हुए स्मृति चिन्ह एवं उपहार देकर सम्मानित किया। स्थानीय जूना बिलासपुर स्थित संगठन कार्यालय में अपने छत्तीसगढ़ के प्रवास के दौरान यहां पहुंचने के पश्चात समाज से संबंधित मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई साथ ही संगठन से संबंधित अनेक सामाजिक कार्यों के लिए अनेक योजनाओं को कार्यान्वित करने पर चर्चा की गई ,एवं उसके लिए क्रमबद्ध योजना तैयार किया गया। यूपी प्रदेश मंत्री सूर्यभान सिंह ने इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुरेश सिंह बैस द्वारा समाज के कार्यों के लिए किए गए अनेक महत्वपूर्ण कार्यों के प्रशंसा करते हुए कहा कि आपके द्वारा किए गए कार्य बहुत ही सराहनीय रहे हैं। आपके कार्यों का ही अनुसरण करते हुए हम लोग भी उत्तर प्रदेश में ऐसे ही समाज की सेवा करने का प्रयास कर रहे हैं। सूर्यभान सिंह प्रदेश उप मंत्री ने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष को प्रयागराज व प्रतापगढ़ में आने का निमंत्रण देते हुए कहा कि आपके आने से हमारे संगठन के द्वारा सामाजिक गतिविधियों में और भी इजाफा होगा। एवं समाज संगठन के कार्यकर्ताओं में रचनात्मक बदलाव आएगा। बैठक में हुई चर्चा के दौरान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ संजीव सिंह छत्री भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के द्वारा चर्चा में शामिल रहे और विभिन्न मुद्दों पर उनका भी विशेष रूप से दिशा निर्देश प्राप्त हुआ। इस अवसर पर अखिल वैश्विक क्षत्रिय महासभा ट्रस्ट के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुरेश सिंह बैस ने दोनों पदाधिकारी को संगठन की ओर से अभिनंदन पत्र भेंटकर सम्मानित किया। इसके पश्चात संगठन के यूपी प्रदेश मंत्री सूर्यभान सिंह व जिला मीडिया प्रभारी शैलेश सिंह शैलू संगठन की मीटिंग में शामिल होने करगी रोड कोटा के लिए रवाना हो गए।

# एसईसीएल ने सौर परियोजनाओं को विकसित करने की ओर बढ़ाया एक कदम

- कुसमुंडा एरिया में लगाया गया सोलर पैनल

पायनियर संवाददाता ➤ कोरबा
www.dailypioneer.com



सार्वजनिक क्षेत्र के वृहद उपक्रम कोल् इंडिया के अधीन संचालित एसईसीएल बिलासपुर की कोरबा-पश्चिम क्षेत्र में स्थापित खुले मुहाने की गेवरा कोयला परियोजना अंतर्गत एसईसीएल की मेगा प्रोजेक्ट गेवरा, दीपका और कुसमुंडा खदान में एसईसीएल ने सौर परियोजनाओं को विकसित करने की योजना बनाई हैं। व्यवसाय का विस्तार और विविधता लाने यह नेट जीरो एनर्जी लक्ष्य हासिल करने की कंपनी की रणनीति का हिस्सा हैं। इसके तहत कोरबा जिले के कुसमुंडा क्षेत्र में 200 किलोवाट क्षमता की रूफ टॉप सौर परियोजना शुरू की गई हैं, परियोजना के अंतर्गत वर्कशॉप में सोलर पैनल लगाए गए हैं। दुनिया की सबसे बड़ी कोयला कंपनी कोल इंडिया ने 2026 तक 3000 मेगावाट क्षमता की नवकरणीय ऊर्जा परियोजनाएं स्थापित कर नेट जीरो का महत्वकांक्षी लक्ष्य रखा हैं। कंपनी के कार्बन फुटप्रिंट को कम करने व सतत विकास को बढ़ावा देने व्यापक योजना तैयार की गई हैं, इस कड़ी में हाल ही में जोहिला, जमुना कोतमा और कुसमुंडा क्षेत्रों में 580 किलोवाट क्षमता की रूफ टॉप सौर परियोजनाएं शुरू की गई हैं। कुसमुंडा क्षेत्र में कमीशन की गई परियोजना की क्षमता लगभग 200 किलोवाट पिक हैं, इसके अलावा जोहिला परियोजना की क्षमता लगभग 280 किलोवाट पिक हैं। यह पूरी कंपनी में सबसे अधिक रूफ टॉप सौर परियोजना हैं, परियोजना के अंतर्गत प्रशासनिक भवन जीएम कार्यालय, एसईसीएल में संचालित केन्द्रीय विद्यालय, क्षेत्रीय अस्पताल पर क्षेत्र के गेस्ट हाउस में सोलर पैनल लगाए गए हैं। यह परियोजना पूरे वर्ष में लगभग 4 लाख 20 हजार यूनिट बिजली पैदा करेगी। जिससे सालाना बिजली व्यय में लगभग 21 लाख रुपए की बचत होगी। छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में फैले इसके संचालन क्षेत्रों में 180 मेगावाट से अधिक की सौर ऊर्जा परियोजनाएं पहले से ही विकास के विभिन्न चरणों में हैं।

# गेवरा, दीपका और कुसमुंडा तीनों मेगा परियोजना लक्ष्य से चल रहे पीछे

## एसईसीएल को मिला हैं 197 मिलियन टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य

पायनियर संवाददाता ➤ कोरबा
www.dailypioneer.com



सार्वजनिक क्षेत्र के वृहद उपक्रम कोल् इंडिया के अधीन संचालित एसईसीएल बिलासपुर की कोरबा-पश्चिम क्षेत्र में स्थापित खुले मुहाने की गेवरा कोयला परियोजना अंतर्गत एसईसीएल की मेगा प्रोजेक्ट गेवरा, दीपका और कुसमुंडा खदान को सालाना 197 मिलियन टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य दिया गया हैं। इस लक्ष्य का अधिकांश कोयला जिले की तीनों मेगा परियोजना गेवरा, दीपका और कुसमुंडा से खनन किया जाना हैं। वित्तीय वर्ष के आठ माह में तीनों ही मेगा परियोजना लक्ष्य से पीछे चल रही हैं। मेगा परियोजनाओं के लक्ष्य से पिछड़ने के कारण अफसरों की चिंता बड़ी हुई हैं। लगातार में इन परियोजनाओं का दौरा कर उत्पादन और प्रेषण बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा हैं। कोयला उत्पादन में मेगा परियोजनाओं के पिछड़ने से एसईसीएल मुख्यालय के उच्च अधिकारी चिंतित हैं। स्थानीय प्रबंधन पर जमीन से संबंधित समस्या का हल निकालने का दबाव हैं। विस्तार में देरी हो रही हैं। कोयला उत्पादन को लेकर मेगा परियोजनाओं की स्थिति एसईसीएल के लिए संतोषजनक नहीं हैं। वह मेगा परियोजनाओं में उत्पादन में पिछड़ता जा रहा हैं। इसका असर रोजाना कोयला खनन के लक्ष्य पर पड़ रहा हैं। मंजिल तक पहुंचने के लिए एसईसीएल की मेगा परियोजनाओं के प्रबंधन पर रोजाना भारी-भरकम कोयला खनन का दबाव हैं। वर्तमान साधन संसाधन के बूते यह राह मुश्किल दिखाई दे रही हैं। चालू वित्तीय वर्ष में कुसमुंडा प्रबंधन के समक्ष 50 मिलियन टन कोयला उत्पादन की चुनौती हैं। यहां तक पहुंचने के लिए प्रबंधन लगातार प्रयास कर रहा हैं। मगर बड़ी मुश्किल 1.60 लाख टन से लेकर 1.70 लाख टन कोयला बाहर निकल पा रहा हैं। इधर नवंबर का महीना एसईसीएल के लिए संतोषजनक रहा हैं। नवंबर में कंपनी ने 14.76 मिलीयन टन कोयला उत्पादन किया है। इसमें मेगा प्रोजेक्ट गेवरा का योगदान सबसे अधिक हैं। कुसमुंडा और दीपका बदौलत एसईसीएल 14 मिलीयन मिलियन टन तक पहुंचा हैं।

# मिचोंग के असर से बारिश ने घोली ठंडक

पायनियर संवाददाता ➤ कोरबा
www.dailypioneer.com



चक्रवाती तुफान मिचैंग के कारण चल रही हवा ने यहां भी मौसम को बदलने के लिए मजबूर कर दिया है। चैथे प्रहर से शुरू हुई बारिश थम थम कर जारी है। इसके कारण जन स्वास्थ्य, कृषि व उत्पादन सहित अन्य क्षेत्र में परेशानी खड़ी हो गई है। चक्रवाती तूफान के कारण कोरबा नगर व जिले में मौसम पूरी तरह से बदल गया है। सरकार के द्वारा मौसम बिगडने को लेकर अग्रिम रूप से अलर्ट जारी करने से संभावित खतरे और समस्या को कुछ हद तक नियंत्रित कर लिया गया। इधर बारिश होने के कारण ठंड बढने से राहत पाने लोग अब अलाव का सहारा लेने लगे हैं। आसमान में बादल छाने के साथ ही सुबह से ही बारिश हो रही है जिसके कारण मौसम काफी ठंडा हो गया है। आगामी कुछ दिनों तक मौसम का मिजाज इसी तरह के बने रहने का अनुमान लगाया जा रहा है। कोरबा जिले में तूफान से उपजी स्थिति हर कही सिरदर्द बनी हुई है। सर्वाधिक दिक्कत बागवानी फसलों को लेकर है। उनमे नुकसान होने का पूरा डर है। जबकि किसानों के द्वारा जानबूझकर देरी से धान की कटाई और बिक्री करने में रुचि नही लेने से आफत आ गई है। वही 1 नोवेम्बर से सीमित मात्रा में बेची गई की सुरक्षा की भी चिंता बनी हुई है। हालांकि प्रशासन के निर्देश पर पहले से ही उपार्जन केंद्रों में आवश्यक संसाधन की व्यवस्था की जा चुकी है। इसके माध्यम से अब तक क्रय की गई धान की सुरक्षा तय हो सकेगी। ठंडी के मौसम में वैसे ही समस्याएं पेश आती हैं। ऐसे मौसम में चक्रवाती तूफान के असर से बारिश होने के कारण हालात और खतरनाक हुए हैं।

# जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने काली पट्टी लगाकर जताया विरोध

पायनियर संवाददाता ➤ कोरबा
www.dailypioneer.com



जिला अस्पताल में ड्यूटी के दौरान महिला डॉक्टर से मितानिन के द्वारा मारपीट किए जाने की शिकायत पर उचित न्याय नहीं मिलने से नाराज साथी डॉक्टरों ने सोमवार को बाजुओं में काली पट्टी लगाकर सांकेतिक विरोध प्रदर्शन किया। घटना को लेकर शिकायतकर्ता महिला डॉक्टर शीला वर्मा ने मीडिया से बात करते हुए बताया की बीते 26 नवंबर 2023 को जिला अस्पताल के प्रसूती कक्ष में एक पीडित महीला का इलाज कर रही थी,इसी दौरान कक्ष में उमा नाम की मितानिन महिला खड़ी थी,जिसे मैंने पीडित महिला की परिजन समझ कर पीडिता की मदद करने के लिए कहा जिस पर मितानिन ने मना कर दिया,जिस पर मैंने उसे इलाज में सहयोग नही करने की स्थिति में कक्ष से बाहर जाने के लिए कहा और पीडिता के परिजनों को बुलाने के लिए कहा, जिस पर मितानिन ने बाहर जानें से मना कर दिया और मोबाइल निकल कर वीडियो बनाने लगी,चूंकि महिला मरीज प्रसव की स्थिति में थी तो मैंने उसे वीडियो बनाने से मना किया तो वह नही मानी जिस पर मैने उसके मोबाइल को हटाने का प्रयास किया तो मोबाइल जमीन पर गिर पड़ा,मितानिन आग बबूला होकर मुझ पर झपट पड़ी और मेरे साथ मारपीट की, मैने इसकी शिकायत अपने अस्पताल प्रबंधन और पुलिस से की है,पुलिस ने साधारण मारपीट की धाराएं लगाई हैं,जो नाकाफी है, ड्यूटी के दौरान मेरे साथ हुई मारपीट से मैं काफी क्षुब्द हैं मेरी मांग है की शासकीय कार्य में बाधा की भी धारा लगाई जाए,ताकि आगे से ऐसी घटनाओं की पुनरावृति ना हो। अस्पताल में प्रदर्शन कर रहे साथी डॉक्टरों से कहा की हमारी साथी ऑन ड्यूटी डॉक्टर के साथ एक मितानिन द्वारा मारपीट और बदसलुखी के खिलाफ पुलिस से शिकायत की गई है.

# ठंड के मौसम में रिमझिम बारीश की फुहार के बीच थम से गये जीनजीवन, लोग घरो में दुबकने को मजबूर

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com



ठंड के मौसम में रिमझिम बारीश की फुहार के बीच थम से गये जीनजीवन ने लोगो को घरो में दुबकने को मजबूर कर दिया । बीती रात से रूक रूक कर गिरने वाली बारिश की फुहार ने मौसम में ठिठुरन और बढा दी है। मौसम विभाग की माने तो सूर्य की किरणो का इंतजार अभी कुछ दिनो तक और करना पड सकता है। गौरतलब हो कि बीती रात से रूक रूक हो रही बारिश ने आम जनजीवन को एक जगह थमने को मजबूर कर दिया, लोग अति आवश्यक कामो के लिए घरो से बाहर निकलते नजर आये । दिन भर रहने वाली बदली के चलते तापमान गिरावट देखी गई, साथ ही आने वाले दिनों में तापमान में गिरावट से कड़ाके की ठण्ड पड़ने की संभावना बनी हुई है। रिमझिम बारिश की फुहार के कारण जहां लोग अपने घरो में दुबके नजर आये, साथ ही मतगणना के बाद से सरकारी दफतरो में भी विराना का आलाम नजर आ रहा है। ज्यादातर जिला स्तर के अधिकारी चुनाव के दौरान आई थकावट दुर करने में लगे हुए है। जिसके कारण दफतरो में सन्नाटा पसरा हुआ है।

### अलाव का सहारा लेते लोग

रिमझीम फुहार और ठंडी हवा के चलते जहां ठुठुरन वाली ठंड ने लोगो को एक जगह गर्म कपडो और घरो में दुबके रहने को मजबूर कर दिया है , दुकानो के सामने चैक चैराहो पर घरो में लोग शाम को आग के अलाव के पास भी जाने लगे है।

शाम से ही बाजार में लोगो की भीड़ कम होने लगी है व रात्रि 8 बजे के बाद सन्नाटे की स्थिति निर्मित हो रही है। शाम होते हुए लोग अपने घरों में दुबकर टी.बी. देखने में अपना समय पास कर रहे है और आने वाले दिनों में पड़ने वाली कड़ाके की ठण्ड को देखते हुए अलाव जलाने की मांग भी उठने लगी है।

### फसलो को हो सकती है क्षति

रूक रूक कर होने वाली बारिश के चलते अब सब्जियों, गेहू, चना, अरहर की फसलो में कीडे लगने का अंदेशा बडने लगा है । कृषि विभाग से मिली जानकारी के अनुसार अगर लगातार कुछ दिनों तक ऐसे ही मौसम रहता है। तो अरहर, एवं सब्जियों को क्षति पहुच सकती है। जिसके चलते आने वाले दिनों में सब्जियों के दामो में वृद्धि की भी आशंका जताई जाने लगी है।

# धान उपार्जन केंद्रों में अब तक 08 लाख 16 हजार 753 क्विंटल से अधिक धान की खरीदी

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com



राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले के धान उपार्जन केंद्रों में अब तक 08 लाख 16 हजार 753 क्विंटल से अधिक धान की खरीदी की जा चुकी है। जिसमें 07 लाख 06 हजार 712 क्विंटल मोटा, 02 हजार 609 क्विंटल पतला और 01 लाख 07 हजार 432 क्विंटल सरना धान शामिल है। खरीदे गए कुल धान में से 07 लाख 57 हजार 160 क्विंटल धान का उठाव हेतु डीओ जारी कर मुंगेली जिला प्रदेश में प्रथम स्थान पर है। बता दें कि जारी डीओ में से 03 लाख 31 हजार 788 क्विंटल मोटा, 01 हजार 440 क्विंटल पतला और 47 हजार 360 क्विंटल सरना धान मिलाकर कुल 03 लाख 80 हजार 588 क्विंटल धान का उठाव भी हो चुका है। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर जिले के धान उपार्जन केंद्रों में की जा रही अब तक कुल धान खरीदी एवं उठाव, धान के सुरक्षित रख रखाव, बारदाने की उपलब्धता, किसानों का पंजीयन आदि के संबंध में जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि धान खरीदी शासन की प्राथमिकता का कार्य है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होने उपार्जन केन्द्रों में खरीदी पश्चात रखे गए शेष धान को बेमौसम बारिश से सुरक्षित रखने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि उपार्जन केन्द्रों में पर्याप्त मात्रा में कैप कव्हर और पानी के निकासी हेतु आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित होना चाहिए। कलेक्टर ने राइस मिलों के पंजीयन की जानकारी लेते हुए धान के उठाव में और तेजी लाने के लिए लक्ष्य के अनुरूप मिलर्स को डीओ जारी करने तथा संबंधित नोडल अधिकारियों को धान उपार्जन केन्द्रों का सतत् निरीक्षण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर प्रभारी खाद्य अधिकारी देवेन्द्र बग्गा, एआरसीएस हितेश श्रीवास, सीसीबी नोडल संतोष सिंह ठाकुर, डीएमओं शीतल भोई सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। गौरतलब है कि जिले में कलेक्टर के मार्गदर्शन में सुव्यवथित धान खरीदी की जा रही है। बेमौसम बारिश से बचाव हेतु उपार्जन केंद्रों में पर्याप्त मात्रा में कैप कव्हर व पानी के निकासी हेतु आवश्यक व्यवस्था की गई है। खरीदे गए धान का उठाव भी तेजी से किया जा रहा है। उपार्जन केंद्रों में अवैध रूप से धान खपाने वाले कोचियों एवं बिचैलियों पर भी कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

## कई निर्दलीय प्रत्याशियों को नोटा से भी कम मिला वोट

# 8,488 मतदाताओं ने दबाया नोटा, चारों विधानसभा में नोटा को पड़े वोट

पायनियर संवाददाता ➤ कोरबा
www.dailypioneer.com




कोरबा जिले की चारों विधानसभा सीटों पर हार-जीत का फैसला हो चुका हैं। चुनावी रण में कोरबा जिले से 51 प्रत्याशी मैदान में थे। 8,488 मतदाता ऐसे थे जिन्हें ये प्रत्याशी पसंद नहीं आए। उन्होंने प्रत्याशियों को वोट करने के बजाए नोटा में बटन दबाया हैं। चारों विधानसभा में नोटा को खूब वोट मिले हैं। मजे की बात तो यह है कि कई निर्दलीय प्रत्याशी वोटों के मामले में नोटा से भी हार गए हैं। उन्हें उतने वोट भी नहीं मिले हैं जितने नोटा को मिले हैं। मतदाताओं को अपना नेता चुनने का मताधिकार दिया गया हैं। मतदाता अपने पसंद के प्रत्याशी को वोट कर सकते हैं, लेकिन अगर चुनाव में चुनाव में उतरे प्रत्याशियों में से मतदाता को कोई भी पसंद नहीं हैं तो भी वे वोट कर सकते हैं। इसके लिए निर्वाचन आयोग ने नोटा का विकल्प भी दिया हैं। ईवीएम मशीनों में नोटा का विकल्प मौजूद रहा। चारों विधानसभा की बात की जाए तो सबसे ज्यादा पाली-तानाखार में 3,557 मतदाताओं ने यह विकल्प चुना हैं। रामपुर में 2,497 मतदाताओं ने नोटा विकल्प का उपयोग किया। कटघोरा में 1,462 मतदाताओं ने इनमें से कोई पसंद नहीं का विकल्प चुनते हुए नोटा को वोट दिया। नोटा का सबसे कम वोट हाईप्रोफाइल कोरबा सीट पर वोट मिले हैं। यहां 972 मतदाता ही ऐसे थे जिन्होंने नोटा का विकल्प चुना। नोटा के विकल्प के कारण ईवीएम मशीनों में एक अतिरिक्त स्लॉट रखा गया था। कोरबा विधानसभा सीट में 19 प्रत्याशी मैदान में थे। 20वां विकल्प नोटा का था। वहीं कटघोरा में 14 और पाली-तानाखार, रामपुर में 9-9 प्रत्याशियों ने चुनाव लड़ा था। खास बात है कि नोटा को इस बार भी काफी वोट मिले हैं। वोटों की संख्या तो निर्दलियों से कहीं ज्यादा थी। जहां कई निर्दलीय तिहाई अंक में रहे। वहीं नोटा का आंकड़ा चार अंकों तक पहुंचा। हालांकि हार-जीत का आंकड़ा नोटा से अधिक प्रभावित नहीं हुआ, लेकिन पाली-तानाखार में जरूर नोटा का फैक्टर रहा। यहां हार-जीत का आंकड़ा काफी कम था और नोटा के वोट काफी ज्यादा था। अगर नोटा के वोट प्रत्याशियों को पड़ते को चुनावी नतीजा भी बदल सकता था।

**जिले का बदला सियासी समीकरण-** पिछले तीन विधानसभा चुनाव की बात करें तो जिले की चारों सीटों में भाजपा एक सीट ही जीतने में कामयाब रही थी। इस बार सियासी समीकरण बदला हैं। भाजपा की तरह इस बार कांग्रेस को एक सीट से संतोष करना पड़ा हैं, जबकि भाजपा ने अपने एक सीट में इजाफा करते हुए आंकड़ा दो तक पहुंचा लिया हैं। कोरबा विधानसभा सीट पर पहली बार 2008 में पहला चुनाव हुआ था। तब से लेकर 2018 के चुनाव तक जिले में भाजपा 1-3 के आंकड़े से ही संतोष कर रही थी। इस बार जहां यह सियासी समीकरण बदला है। वहीं कांग्रेस के अभेद किले कोरबा सीट पर भी सेंध लगाने में भाजपा कामयाब रही हैं।

# दिव्य ज्योति छात्रों द्वारा मनाया गया विश्व विकलांगता दिवस




पायनियर संवाददाता ➤ कोरबा
www.dailypioneer.com

प्रति वर्ष 3 दिसंबर को विश्व विकलांगता दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन को मनाने के लिए, कोरबा में दिव्य ज्योति विशेष स्कूल के बच्चे स्कूल परिसर में इस अवसर को मनाने के लिए एक साथ आए। इसमें स्कूली बच्चों द्वारा विभिन्न प्रस्तुतियां दी गयीं. इस अवसर पर इनरव्हील एजुकेशन सोसायटी के सदस्य उपस्थित रहे और बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इनरव्हील क्लब से अध्यक्षा बसंता मनोहर, मोहिंदर कौर,नेहा अरोरा और साक्षी क्षेत्रपाल उपस्थित थे। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश एफ टी सी ज्योति अग्रवाल इस अवसर पर मुख्य अतिथि थीं और उन्होंने कार्यक्रम के आयोजन में शामिल छात्रों और कर्मचारियों के प्रयासों की सराहना की। यह आयोजन एक बड़ी सफलता थी और इसने समाज को हमारे मौजूदा समाज में विकलांग जीवन को स्वीकार करने की आवश्यकता को समझने में मदद की। विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई विभिन्न सुंदर वस्तुओं की प्रदर्शनी भी लगाई गई।




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403